रजिस्ट्री सं. डीएल—(एन) 04/0007/2003--23 REGISTERED No. DL—(N) 04/0007/2003—23

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-01072023-246916
CG-DL-W-01072023-246916

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 26] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 1—जुलाई 7, 2023 (आषाढ़ 10, 1945)
No. 26] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 1—JULY 7, 2023 (ASADHA 10, 1945)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	405
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	639
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	11
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1653
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	1155
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	3
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	2209
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	405
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	639
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	11
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1653
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1155
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	3
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	2209
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 2023

सं. 34-प्रेज/2023— भारत की माननीय राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित पुलिस कार्मिक को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री वैभव मिश्रा	रिजर्व निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 15 अप्रैल, 2020 को, डॉ. अभिषेक पल्लव, पुलिस अधीक्षक, दंतेवाड़ा को अपने मुखबिरों के माध्यम से सीपीआई (माओवादी) के पश्चिम बस्तर डिवीजन के 60-70 सशस्त्र माओवादियों (वरिष्ठ माओवादी कमलू पूनेम, डीवीसीएम, चंद्रन्ना, डीवीसीएम, संजय कादती, डीवीसीएम और अन्य सहित) की मौजूदगी के संबंध में एक विशेष खुफिया जानकारी प्राप्त हुई।

एक विस्तृत ऑपरेशनल योजना बनाई गई और डीआरजी (264 नफरी), एसटीएफ (50 नफरी), नफरी) बटालियन सीआरपीएफ 230 (50और बस्तरिया बटालियन (24 नफरी)की संयुक्त पार्टियों को बजे रवाना किया गया। अगली सुबह 14:30, जब पुलिस पार्टियां पोरोवाड़ा के जंगलों के बीच पहुंची, तो वहां पर घात लगाकर बैठे हुए माओवादियों ने पुलिस बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। डीआरजी ग्रुप नेतृत्व का 2 कर रहे रिजर्व निरीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री वैभव मिश्रा गोलीबारी की चपेट में आ गए और उन्होंने दृढ़तापूर्वक जवाबी कार्रवाई की तथा अन्य डीआरजी समूहों ने भी आत्मरक्षा में घेराबंदी तथा गोलीबारी करनी शुरू कर दी। डीआरजी-02 के रिजर्व निरीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री वैभव मिश्रा ने जमकर युद्ध किया और अपने समूह का नेतृत्व किया। उन्होंने उत्कृष्ट नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया और अपनी टीम का मार्गदर्शन किया। उन्होंने डीआरजी टीम के समग्र पार्टी कमांडर पुलिस उपाधीक्षक श्री देवांश राठौर को वायरलेस सेट के माध्यम से सूचित किया।

गोलीबारी करीब मिनट तक चलती रही। गोलीबारी के बाद 30, पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया तथा घेराबंदी करके गहन तलाशी की गई। तलाशी के दौरान, एक शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान बाद में आशु सोढ़ी, पुत्र मासो सोढ़ी, निवासी कटुलनार के रूप में की गई, जिसके पास पश्चिम बस्तर डिवीजन के एक्शन टीम कमांडर का प्रभार था।

सुरक्षा बलों को मिली सफलता में रिजर्व निरीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री वैभव मिश्रा की भूमिका महत्वपूर्ण थी। वे गोलीबारी करते हुए आगे बढ़े और गोलीबारी के क्षेत्र में प्रवेश कर गए। रिजर्व निरीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री वैभव मिश्रा ने इस पूरे ऑपरेशन के दौरान डीआरजी-02 का कुशलतापूर्वक नेतृत्व किया और अन्य डीआरजी टीमों के साथ समन्वय भी स्थापित किया। इस बंदूकी लड़ाई में पुलिस का पलड़ा भारी होने में डीआरजी-02 की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस ऑपरेशन में श्री वैभव मिश्रा, रिजर्व निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16/04/2020 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1161/05/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 35-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्वश्री/	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	डॉ. अभिषेक पल्लव, भापुसे	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	अश्वनी सिन्हा	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 14 जुलाई, 2019 को पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा को सीपीआई (माओवादी) के कटेकल्याण क्षेत्रीय समिति दरहा डिवीजन के 10-15 सशस्त्र माओवादियों के गुमियापाल कर्रेपारा के जंगलों में मौजूद होने के बारे में मुखबिरों से एक सटीक खुफिया जानकारी प्राप्त हुई, जिनमें कट्टर माओवादी जगदीश (डीवीसीएम), विनोद (डीवीसीएम), देवा (डीवीसीएम), प्रदीप (एसीएम) और मंगली (एसीएम) शामिल थे। पुलिस स्टेशन किरंदुल, गुमियापाल कर्रेपारा अत्यधिक संवेदनशील नक्सली गांवों में से एक है और सीपीआई (माओवादी) के मुख्य क्षेत्र में स्थित है।

एक विस्तृत ऑपरेशनल योजना बनाई गई और डीआरजी पार्टियों (नफरी 86) को उप निरीक्षक मोहन भारद्वाज और उप निरीक्षक अश्वनी सिन्हा के नेतृत्व में रात 01.05 बजे रवाना किया गया। जब पुलिस दल गुमियापाल के जंगलों में पहुंचा, तब वहां पर घात लगाकर बैठे हुए नक्सलियों ने पुलिस बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उप निरीक्षक मोहन भारद्वाज और उप निरीक्षक अश्वनी सिन्हा के नेतृत्व वाले डीआरजी के सैन्य दस्ते ने दृढ़तापूर्वक जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी बंद होने के बाद, मुठभेड़ क्षेत्र की तलाशी की गई, जिसमें एक पुरुष और एक महिला के शव बरामद किए गए, जिनकी पहचान बाद में माओवादी मंगली हेमला, मलंगीर क्षेत्र समिति सदस्य और दरभा डिवीजन चिकित्सक टीम प्रभारी, ग्राम पुवारली, पुलिस स्टेशन जगरगुंडा, जिला सुकमा और (2) माओवादी हर्निया शंकर उर्फ देवा, मलंगीर क्षेत्र समिति सदस्य और सीएनएम कमांडर, ग्राम जंगमपाल, पुलिस स्टेशन कुकनार, जिला सुकमा के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल से एक 303 राइफल और एक देशी हथियार बरामद किया गया। सुरक्षा बलों को मिली सफलता में उप निरीक्षक अश्वनी सिन्हा की भूमिका महत्वपूर्ण थी। माओवादियों के गढ़ में मिली इस ऑपरेशनल सफलता से नक्सलियों को झटका लगा और पुलिस को इस क्षेत्र में मजबूती से पांव जमाने में मदद मिली।

सुरक्षा बलों को मिली सफलता में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव (भापुसे) की भूमिका महत्वपूर्ण थी। उन्होंने नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में सटीक खुफिया जानकारी एकत्र की और तत्पश्चात अतिरिक्त पुलिस बल का नेतृत्व किया, जो समय पर मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गया। माओवादियों के मुख्य क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में सटीक खुफिया जानकारी महत्वपूर्ण थी। समय पर अतिरिक्त सुरक्षा बल के आने और मुठभेड़ स्थल पर पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी ने सैन्य दस्ते को प्रेरित किया और उन्हें सक्षम नेतृत्व प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा बलों की पुलिस लाइन, दंतेवाड़ा में सफल एवं सुरक्षित वापसी की योजना बनाई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री डॉ. अभिषेक पल्लव, भापुसे, पुलिस अधीक्षक और अश्वनी सिन्हा, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14/07/2019 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1178/05/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 36-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं :—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्वश्री/	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	यशवंत श्याम	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	उसारू राम कोर्राम	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

कोंडागांव जिले का कुवेमारी क्षेत्र नक्सलियों का गढ़ है। इसकी भौगोलिक विशेषताओं के कारण, यह नक्सलियों के लिए एक सुरक्षित क्षेत्र बना हुआ है, क्योंकि यहां पर घने जंगल, घाटियां और कई छोटी नदियां मौजूद हैं। इस क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचनाएं नियमित रूप से मिलती रहती हैं। यह क्षेत्र एक ऊँचे पठार पर स्थित है, जिसके कारण यहां पहुंचना कठिन है और यहां आने वाले सुरक्षा बलों की लोकेशन को गुप्त रखना मुश्किल है। इस क्षेत्र में नक्सल-रोधी अभियान शुरू करना एक कठिन कार्य है।

इस पृष्ठभूमि में, कुवेमारी क्षेत्र में नक्सल कैडरों की मौजूदगी के बारे में श्री सिद्धार्थ तिवारी, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक (कोंडागांव) को विशेष आसूचना शाखा (एसआईबी) द्वारा एक विशिष्ट सूचना प्रदान की गई। इस सूचना के आधार पर, श्री सिद्धार्थ तिवारी, पुलिस अधीक्षक द्वारा एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई। योजना का उपयुक्त क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, श्री सिद्धार्थ तिवारी ने स्वयं कोंडागांव में डीआरजी हब में ऑपरेशनल दल को सभी पहलुओं जैसे कि खुफिया जानकारी, रणनीतिक गतिविधि, हथियार और गोला-बारूद, संचार और संभावित आकस्मिकताओं के बारे में जानकारी प्रदान की। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और जिला पुलिस बल के 44 सदस्यों वाले संयुक्त सैन्य बल को मलजकुडुम से एडेंगा और दुवाल गांवों के लक्ष्य क्षेत्र की ओर भेजा गया। यह ऑपरेशन दिनांक 01.06.2021 को 03:30 बजे शुरू किया गया।

श्री सिद्धार्थ तिवारी, पुलिस अधीक्षक स्वयं पुलिस पार्टी के साथ मलजकुडुम गए और उसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से ऑपरेशन की निगरानी करने एवं निर्देश देने के लिए अतिरिक्त सैन्य दल के साथ पुलिस स्टेशन धनोरा में डेरा डाल दिया। उप निरीक्षक यशवंत श्याम के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस दल ने रणनीतिपूर्वक लक्ष्य क्षेत्र की ओर प्रस्थान किया और आस-पास की पहाड़ियों और जंगलों में तलाशी की। लगभग 09:00 बजे, श्री सिद्धार्थ तिवारी ने मोबाइल फोन के माध्यम से, टीम को नक्सलियों की संभावित लोकेशन एडेंगा के पास भंडारपाल गांव के पश्चिम में प्वाइंट 830 और प्वाइंट 825 के ऊंचाई वाले स्थानों के बीच में होने के बारे में जानकारी दी। श्री सिद्धार्थ तिवारी ने कमांडर को टीम को विभिन्न दलों में विभाजित करने का भी निर्देश दिया, जिनका नेतृत्व उप निरीक्षक यशवंत श्याम और उप निरीक्षक रामजी तर्मे द्वारा किया जाना था।

पुलिस पार्टी चतुराई से निर्धारित लक्ष्य की ओर बढ़ने लगी। जैसे ही पार्टी ने क्षेत्र की घेराबंदी शुरू की, तभी वहां पर घात लगातार बैठे हुए लगभग 20-25 नक्सलियों ने पुलिस कर्मियों को जान से मारने और उनके हथियार तथा गोला-बारूद लूटने के इरादे से पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल ने तुरंत कवर ले लिया और नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन नक्सलियों की ओर से गोलीबारी जारी रही। जब पुलिस पार्टी के पास कोई अन्य विकल्प नहीं बचा, तो उसने आत्म-रक्षा में जवाबी गोलीबारी की। टीम कमांडर ने अचानक हुए इस हमले के बारे में श्री सिद्धार्थ तिवारी, पुलिस अधीक्षक को सूचित किया, जिसके बाद वे तुरंत 11 सदस्यों वाले अतिरिक्त सैन्य बल के साथ क्षेत्र के लिए रवाना हो गए। मौके पर पहुंचकर और वहां की मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के बाद, श्री सिद्धार्थ तिवारी ने नक्सलियों की भारी गोलाबारी का बहादुरी से सामना करने के लिए टीम को प्रोत्साहित किया।

जब पार्टी नक्सलियों के ठिकाने का घेराव कर रही थी, तभी हेड कांस्टेबल उसारू राम कोर्राम ने एक वर्दीधारी नक्सली को देखा, जो पुलिस पार्टी पर गोलीबारी कर रहा था। हेड कांस्टेबल उसारू राम कोर्राम अपनी जान की परवाह किए बिना उस नक्सली कैडर की ओर कूद पड़े और उसके हथियार को छीनने का प्रयास किया। दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई, जिसे देखकर पास में ही खड़ा एक अन्य नक्सली कैडर हेड कांस्टेबल उसारू राम कोर्राम की ओर आया और उसने अपनी .303 राइफल की बट से उनका सिर फोड़ने की कोशिश की। इस हाथापाई में हेड कांस्टेबल उसारू राम कोर्राम घायल हो गए, लेकिन जब तक उनकी टीम के सदस्य मौके पर नहीं पहुंचे, तब तक वे अनुकरणीय बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए नक्सलियों से लड़ते रहे। अन्य पुलिसकर्मियों को देखकर, नक्सली कैडर हेड कांस्टेबल उसारू राम कोर्राम को छोड़कर थोड़ा दूर भाग गए और पुलिस पार्टी पर गोलीबारी फिर से शुरू कर दी।

उप निरीक्षक यशवंत श्याम ने भारी गोलाबारी के बीच बहादुरी से अपने दल का नेतृत्व किया और जवाबी गोलीबारी के साथ नक्सलियों को घेरना शुरू कर दिया। उप निरीक्षक यशवंत श्याम ने अनुकरणीय साहस दिखाया और आगे बढ़कर नेतृत्व करते हुए, नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए बल को प्रोत्साहित करते रहे।

पुलिस पार्टी की बेहतर रणनीति और घेराबंदी को महसूस करते हुए, नक्सली घने जंगल और गहरी घाटियों का फायदा उठाते हुए पीछे हट गए। लगभग 2-3 घंटे तक चली बंदूकी लड़ाई के बाद, पूरे क्षेत्र की सघन तलाशी की गई और घटना स्थल से 02 वर्दीधारी नक्सलियों के शव (01 पुरूष एवं 01 महिला) तथा 02 मैगजीन सहित एक 7.62 एमएम एसएलआर राइफल, मैगजीन के साथ एक .303 राइफल, .315 बोर की 01 देशी राइफल, एक देशी .303 राइफल और 12 बोर की एक देशी राइफल के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सली साहित्य, दवाइयां और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री यशवंत श्याम, उप निरीक्षक और उसारू राम कोर्राम, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01/06/2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1208/05/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 37-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित पुलिस कार्मिक को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
.1	श्री उत्तम कुमार	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पत्र के माध्यम से प्राप्त निर्देश के अनुसार, डीआरजी केरलापाल के 42 पुलिस कर्मियों तथा सहायक कमांडेन्ट योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में सीआरपीएफ की दूसरी बटालियन के 52 पुलिस कर्मियों के साथ पार्टी कमांडर उप निरीक्षक बृजलाल भारद्वाज, पार्टी के द्वितीय कमान अधिकारी उप निरीक्षक उत्तम कुमार तथा उप निरीक्षक भीमार्जुन तांडी के नेतृत्व में पुलिस स्टेशन चिंतागुफा की पुलिस पार्टी दिनांक 21.11.2019 को कुल 98 पुलिस कर्मियों के साथ नक्सल-रोधी अभियान के लिए बडेमागुड़ा, चिगनगुड़ा, सिरसेटी, मुलेर, गंधारपारा, माडोपारा एवं पोंगाभेज्जी गांव की ओर रवाना हुई।

पुलिस पार्टी ने दिनांक 22.11.2019 को दिन भर मुलेर क्षेत्र के जंगल तथा पहाड़ियों की तलाशी की। सीआरपीएफ की पार्टी वापस केरलापाल कैंप चली गई और डीआरजी की पार्टी माडोपारा गांव के जंगल में रुक गई एवं रात में वहीं पर एलयूपी ले ली।

दिनांक 23.11.2019 को प्रात:काल, योजना के अनुसार, जब पुलिस पार्टी लगभग 06:45 बजे एलयूपी से निकलकर गंधारपारा एवं मुलेर क्षेत्र में तलाशी कर रही थी, तभी लगभग 40-50 प्रतिबंधित वर्दीधारी एवं सादी वर्दी वाले पुरुष एवं महिला नक्सलियों, जिन्होंने पुलिस बलों को जान से मारने और उनसे हथियार एवं गोला-बारूद छीनने के इरादे से पहले ही पोजीशन ले रखी थी, ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस पार्टी ने तुरंत पोजीशन ले ली और क्षेत्र को ब्लॉक कर दिया। पुलिस दल ने, यथा संभव, पेड़ों और भारी चट्टानों के पीछे छिपकर तेज आवाज में नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन नक्सलियों ने इस चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दिए जाने के बाद, नक्सलियों ने गोलीबारी और तेज कर दी। इसके बाद, जब पुलिस कर्मियों के सामने कोई विकल्प नहीं बचा, तो उन्होंने भी गोलीबारी करके उनका जवाब दिया। खुद को चारों तरफ से घिरता हुआ देखकर तथा अपनी हार का अनुभव करते हुए, नक्सली जंगल के पहाड़ी क्षेत्र का फायदा उठाकर वहां से भाग खड़े हुए। गोलीबारी लगभग 40 से 45 मिनट तक चली। गोलीबारी समाप्त होने के बाद, घटना-स्थल की सघन तलाशी की गई, जिसमें एक अज्ञात वर्दीधारी पुरूष नक्सली, उम्र लगभग 23 वर्ष, का शव बरामद हुआ और शव के पास 01 लोडेड राउंड के साथ 01 पिस्टल, पिस्टल के 02 खाली राउंड, 01 मोटोरोला सेट, आईईडी ब्लास्ट करने का 01 मैकेनिकल रिमोट, 01 बैटरी, 01 पिट्ठू, 01 बैग, 01 आर्चरी, 04 कंबल, नक्सली साहित्य और दवाइयां बरामद की गईं।

नक्सलियों ने पुलिस कर्मियों पर लगभग 110-120 राउंड गोलीबारी की। पुलिस पार्टी ने 134 राउंड गोलीबारी की। घना जंगल होने के कारण वहां फायर किया गया गोला-बारूद एवं कारतूस बरामद नहीं हुआ। घने जंगल और झाड़ियों के कारण पुलिस पार्टी को खाली कारतूस नहीं मिले।

जब पुलिस पार्टी पर माओवादियों ने हमला किया, तब श्री उत्तम कुमार, उप निरीक्षक, डीआरजी भेज्जी, जिला-सुकमा के द्वितीय कमान अधिकारी ने अत्यधिक सूझ-बूझ, कुशल नेतृत्व, शानदार ऑपरेशनल क्षमता और विशिष्ट रणनीतिक बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया तथा बल का नेतृत्व करते हुए, टीम को नुकसान पहुंचाने की माओवादियों की महत्वाकांक्षा को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। उनकी इस कार्रवाई से न केवल उनके जवानों की जान बची, बल्कि माओवादियों का हमला भी विफल हो गया और उन्होंने माओवादियों को मारने और एक खूंखार नक्सली का शव बरामद करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कार्रवाई से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। श्री उत्तम कुमार ने जिस तरह से ऑपरेशन का नेतृत्व किया, समर्पण दिखाया, अपने साथी पुलिस दल के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ उत्कृष्ट समन्वय और टीमवर्क के रूप में धैर्यपूर्वक कार्य किया, वह अन्य अधिकारियों और अधीनस्थ कार्मिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। माओवादियों के हमले को विफल करने में योगदान देने के लिए उनके दृढ़ संकल्प और उनके द्वारा प्रदान किए मार्गदर्शन की वजह से वे इस सम्मान के हकदार हैं।

इस ऑपरेशन में श्री उत्तम कुमार, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23/11/2019 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1209/05/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 38-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित पुलिस कार्मिक को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी), मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. श्री कृष्णपाल सिंह कुशवाह	सहायक प्लाटून कमांडर	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सहायक प्लाटून कमांडर कृष्णपाल सिंह कुशवाह दिनांक 20.07.1995 को छत्तीसगढ़ पुलिस में कांस्टेबल के रूप में शामिल हुए थे। उन्हें दिनांक 24.05.2004 को हेड कांस्टेबल के रूप में तैनात किया गया था और बाद में उन्हें दिनांक 25.12.2012 को हेड कांस्टेबल से सहायक प्लाटून कमांडर के रूप में पदोन्नत किया गया था। सहायक प्लाटून कमांडर कृष्णपाल सिंह कुशवाह ने वर्ष 2009 से नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अपनी तैनाती के दौरान निष्ठापूर्ण कठिन परिश्रम का परिचय दिया।

पुलिस स्टेशन कटेकल्याण, जिला दंतेवाड़ा के तहत आने वाले क्षेत्र में माओवादी कैडरों की मौजूदगी के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर, दिनांक 21.08.2015 को पुलिस अधीक्षक, दंतेवाड़ा ने एक नक्सल-रोधी अभियान की योजना बनाई। इस योजना में चार पार्टियों को शामिल किया गया और उन्होंने विभिन्न स्थानों से प्रस्थान किया। सहायक प्लाटून कमांडर कृष्णपाल सिंह के नेतृत्व में टीएफ-09 के 46 सुरक्षाकर्मियों वाली एक टीम जगदलपुर से गांव तहकवाड़ा, तोंगपाल के लिए रवाना हुई। रास्ते में उन्हें ग्राम दरभा के समीप एनएच-30 पर पेड़ काटकर रास्ता अवरूद्ध किये जाने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई। टीएफ-09 पार्टी लक्ष्य क्षेत्र की ओर रवाना हो गई। जब ऑपरेशनल बल लक्ष्य की ओर बढ़ रहा था और गांव दरभा के पास पहुंचा, तो नक्सलियों ने पुलिस पार्टी को देखते ही उसके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस पार्टी ने भी आत्म-रक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए नक्सलियों पर गोलीबारी की। मुठभेड़ के दौरान, सहायक प्लाटून कमांडर कृष्णपाल सिंह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही शहीद हो गए। जब नक्सलियों को यह महसूस हुआ कि पुलिस पार्टी उनसे ज्यादा ताकतवर है, तो वे घने जंगल की ओर भाग गए। इसके बाद, पुलिस पार्टी ने आस-पास के क्षेत्र की घेराबंदी करके उसकी तलाशी की। पुलिस पार्टी ने दो टिफिन बम, एक बंडल तार, पैम्फलेट और नक्सलियों से संबंधित अन्य सामान बरामद किए।

इस गोलीबारी में, पुलिस पार्टी नक्सली गोलीबारी से अपना बचाव करने में सफल रही। इस ऑपरेशन में, उन्होंने साहस, शौर्य, नेतृत्व गुण तथा भारत माता के प्रति कर्तव्यपरायणता का दुर्लभ और असाधारण उदाहरण प्रदर्शित किया।

इस ऑपरेशन में स्व. श्री कृष्णपाल सिंह कुशवाह, सहायक प्लाटून कमांडर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22/08/2015 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1218/05/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 39-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्वश्री/	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	ललित मोहन नेगी	सहायक पुलिस आयुक्त	वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार
2.	सुंदर गौतम	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्वश्री/	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
3.	शमशेर सिंह	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	रघुवीर सिंह	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17/02/2020 को प्रातः लगभग 05:05 बजे, गुप्त सूचना के आधार पर, विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम, जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त ललित मोहन नेगी एवं हृदय भूषण, निरीक्षक विनोद कुमार, उप निरीक्षक सुंदर गौतम , उप निरीक्षक रघुवीर सिंह, उप निरीक्षक शमशेर सिंह और अन्य लोग शामिल थे, ने आनंदमई मार्ग पर एक पल्सर मोटरसाइकिल को रोका। सहायक पुलिस आयुक्त ललित मोहन नेगी की जिप्सी से उक्त पल्सर मोटरसाइकिल को रोका गया और उसके दाहिनी ओर टक्कर मारी गई। चेतावनी दिए जाने के बावजूद, दोनों वांछित अपराधी अपनी पल्सर बाइक के फिसलने से पहले बाइक से उतरने में कामयाब रहे और अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने अपने हथियार बाहर निकाल लिए तथा पुलिस पार्टी की ओर निशाना लगाते हुए गोलीबारी शुरू कर दी।

टीम के सदस्यों ने इन अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियों की बौछार का बहुत नजदीक से सामना किया। विचलित और भयभीत हुए बिना, सहायक पुलिस आयुक्त ललित मोहन नेगी, उप निरीक्षक सुंदर गौतम, उप निरीक्षक रघुवीर और उप निरीक्षक शमशेर सिंह ने भी आत्म-रक्षा में जवाबी कार्रवाई की। लेकिन उन बदमाशों ने अपने अत्याधुनिक हथियारों से गोलीबारी जारी रखी। इन बदमाशों द्वारा चलाई गई गोलियां सहायक पुलिस आयुक्त ललित मोहन नेगी, उप निरीक्षक सुंदर गौतम, उप निरीक्षक रघुवीर एवं उप निरीक्षक शमशेर सिंह द्वारा पहनी गई बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगीं। एक गोली सरकारी जिप्सी के बाएं दरवाजे पर भी लगी और उसे भेदते हुए बाहर निकल गई।

यह एक खुला क्षेत्र था और वहां की स्थिति युद्ध जैसी थी। बदमाशों ने सुरक्षित पोजीशन ले रखी थी और वे पुलिस टीम के सदस्यों को हताहत करने के लिए उन्हें निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे तथा पुलिस अधिकारी अपराधियों की गोलीबारी के ठीक सामने थे। उनकी जान जोखिम में थी, लेकिन पुलिस टीम के पास अपनी सुरक्षा के लिए कोई कवर नहीं था। पुलिस टीम ने इस नाजुक स्थिति में कम से कम बल का प्रयोग किया। ये दोनों बदमाश, जिनकी पहचान राजू उर्फ रमेश उर्फ बहादुर (मोटरसाइकिल सवार) और राजा कुरैशी उर्फ रफीक (पीछे की सीट पर सवार) के रूप में की गई, दोनों ओर से हुई गोलीबारी में घायल हो गए थे और अस्पताल में उन्हें मृत लाया हुआ घोषित कर दिया गया।

आरोपी राजा उर्फ रफीक के पास से एक जिंदा कारतूस के साथ .32 बोर की एक पिस्टल बरामद की गई, जबकि आरोपी राजू उर्फ रमेश उर्फ बहादुर के पास से एक जिंदा कारतूस के साथ एक 9 एमएम की पिस्टल बरामद की गई। आरोपी राजा कुरैशी के पास से बरामद किए गए बैग में 8 राउंड के साथ 9 एमएम की एक और पिस्टल, 7.62 के 44 जिंदा कारतूस, 7.65 के 10 जिंदा कारतूस और 9 एमएम कैलिबर के 09 जिंदा कारतूस मौजूद थे।

अस्पताल में मृतक आरोपी रमेश उर्फ बहादुर के कब्जे से 9 एमएम के 4 जिंदा कारतूसों से भरी एक मैगजीन भी बरामद की गई।

इस गोलीबारी में, सहायक पुलिस आयुक्त ललित मोहन नेगी, उप निरीक्षक सुंदर गौतम, उप निरीक्षक शमशेर सिंह तथा उप निरीक्षक रघुवीर सिंह ने आत्म-रक्षा में और साथ ही दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए अपने-अपने सरकारी हथियारों से क्रमश: 5, 2, 7 और 5 राउंड गोलियां चलाईं।

सहायक पुलिस आयुक्त ललित मोहन नेगी, उप निरीक्षक सुंदर गौतम, उप निरीक्षक शमशेर सिंह और उप निरीक्षक रघुवीर सिंह ने ड्यूटी के दौरान असाधारण वीरता और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया और इन दुस्साहसिक अपराधियों को पकड़ने की कोशिश करते हुए अपनी जान को जोखिम में डाल दिया, क्योंकि वे गोलीबारी के ठीक सामने थे और इस प्रकार उन्होंने न केवल टीम के साथी सदस्यों की जान बचाई, बल्कि आम जनता की भी जान बचाई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री ललित मोहन नेगी, सहायक पुलिस आयुक्त, सुंदर गौतम, उप निरीक्षक, शमशेर सिंह, उप निरीक्षक और रघुवीर सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17/02/2020 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/3243/06/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 40-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्वश्री/	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
.1	मनोज भाटी	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
.2	शहजाद खान	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

इस आशय की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कि पाकिस्तानी आईएसआई, खालिस्तानी आतंकवादियों के साथ मिलकर दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में स्थानीय गैंगस्टरों का इस्तेमाल करके हिंदू/दक्षिणपंथी नेताओं की लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की योजना बना रही है, यह पाया गया कि पंजाब के मोस्ट वांटेड गैंगस्टरों में से एक नामत: सुखमीत पाल सिंह उर्फ सुख भिखारीवाल (दुबई में स्थित), जिसे आईएसआई द्वारा लखबीर सिंह उर्फ रोडे (केजेडएफ- खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के प्रमुख) के माध्यम से शामिल किया गया था, ने अपने गुर्गे गुरजीत सिंह उर्फ भा, निवासी गांव लखनपाल गुरदासपुर पंजाब और सुखदीप सिंह उर्फ भूरा, निवासी गांव खरल, गुरदासपुर पंजाब, उम्र 28 वर्ष के जरिए शौर्य चक्र विजेता श्री बलविंदर सिंह संधू की सनसनीखेज हत्या को अंजाम दिया था। दिनांक 07.12.2020 को, सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर शार्पशूटर गुरजीत सिंह उर्फ भा और सुखदीप सिंह उर्फ भूरा को पकड़ने के लिए रमेश पार्क बस स्टैंड, शकरपुर, दिल्ली के पास सर्विस रोड पर एक जाल बिछाया गया, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन "हिज़बुल मुजाहिदीन" के प्रति निष्ठावान कुछ कश्मीरी लोगों से मिलने वाले थे। सहायक उप निरीक्षक मनोज भाटी और सहायक उप निरीक्षक शहजाद खान ने रमेश पार्क बस स्टैंड के सामने मेन रोड पर पोजीशन ले ली। लगभग 06:45 बजे, संदिग्ध गुरजीत सिंह उर्फ भा और सुखदीप सिंह उर्फ भूरा के दो लोगों से मिलते ही सहायक पुलिस आयुक्त श्री ललित मोहन नेगी ने टीम को सतर्क कर दिया। जब टीम के सदस्य उन संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ने के लिए आगे बढ़े, तो आरोपी व्यक्ति गुरजीत सिंह उर्फ भा और सुखदीप सिंह उर्फ भूरा, वहां से भाग निकलने के उद्देश्य से, अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे और उन्होंने छापा मारने वाले दल पर गोलियां चला दीं। सहायक उप निरीक्षक मनोज भाटी और सहायक उप निरीक्षक शहजाद खान ने अपनी जान की परवाह किए बिना उनका पीछा किया और साथ ही साथ आत्म-रक्षा में गोलीबारी भी की तथा जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी सावधानी बरती। सहायक उप निरीक्षक मनोज भाटी और सहायक उप निरीक्षक शहजाद खान ने असाधारण साहस का परिचय देते हुए और अपनी जान को जोखिम में डालकर उन संदिग्ध व्यक्तियों पर झपट्टा मारा। सहायक उप निरीक्षक मनोज भाटी और सहायक उप निरीक्षक शहजाद खान ने तेज और समन्वित तरीके से कार्रवाई करते हुए उन पर काबू पा लिया और साथ ही साथ गुरजीत सिंह उर्फ भा और सुखदीप सिंह उर्फ भूरा से लोडेड पिस्टल भी छीन ली और उनके हाथों को भी मजबूती से पकड़ लिया, जिससे अपराधी पुलिस पार्टी की ओर गोलीबारी नहीं कर सके। बाद में हुई मुठभेड़ में, सहायक उप निरीक्षक शहजाद खान चमत्कारिक रूप से बच गए, क्योंकि आरोपियों द्वारा चलाई गई गोलियां उनके बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगीं। सहायक उप निरीक्षक मनोज भाटी और सहायक उप निरीक्षक शहजाद खान सबसे आगे थे और गोलीबारी के ठीक सामने थे। इस ऑपरेशन के दौरान, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन (हिज़बुल मुजाहिदीन) के तीन सदस्यों नामत: 1. शब्बीर अहमद गोजरी, 2. मो. अयूब पठान और 3. रेयाज अहमद राथेर, जो जम्मू एवं कश्मीर के निवासी थे, को भी सुख भिखारीवाल के इन गुर्गों को ड्रग्स और पैसे की तस्करी करते समय गिरफ्तार किया गया।

सहायक उप निरीक्षक मनोज भाटी और सहायक उप निरीक्षक शहजाद खान की इस वीरतापूर्ण कार्रवाई की न केवल पुलिस और प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के उच्च रैंक द्वारा, बल्कि बड़े पैमाने पर जनता द्वारा भी सराहना की गई। विचलित और भयभीत हुए बिना, उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डालकर इन दुस्साहसी अपराधियों का बहादुरी से सामना किया और असाधारण साहस, समर्पण, सूझ-बूझ और अद्वितीय वीरतापूर्ण कार्य का परिचय दिया। उपर्युक्त अधिकारियों की बहादुरी और समय पर की गई कार्रवाई से दिल्ली में एक दक्षिणपंथी नेता की बड़ी लक्षित हत्या टल गई और निर्दोष लोगों की जान भी बच गई।

इस ऑपरेशन में सर्वश्री मनोज भाटी/, सहायक उप निरीक्षक और शहजाद खान, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 07/12/2020 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/3244/06/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 41-प्रेज/ 2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के निम्नलिखित पुलिस कार्मिक को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
.1	श्री प्रदीप कुमार	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक को 26.11.2020, हरियाणा पुलिस ने पंजाब के कुछ प्रदर्शनकारी किसानों को सितंबर, में भारत सरकार द्वारा बनाए 2020 कृषि कानूनों के विरूद्ध प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली की ओर कूच करने 03 गए से रोक दिया था। वहां पर हिंसा भड़क उठी और उपर्युक्त प्रदर्शनकारी किसानों और उनके नेताओं ने बैरिकेड्स तोड़ दिए और उन्होंने दिल्ली की ओर कूच करना जारी रखा। दिनांक को 27.11.2020, प्रदर्शनकारियों ने अपने ट्रैक्टर और ट्रॉलियों के साथ दिल्ली और हरियाणा की सीमाओं की ओर कूच करना शुरू कर दिया। उन्हें दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए सिंघु बॉर्डर पर पुलिस की व्यवस्था की गई थी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए अवरोधकों को जबरन तोड़ने की कोशिश की, लेकिन उन्हें खदेड़ दिया गया। वहां पर गतिरोध शुरू हो गया और प्रदर्शनकारी मध्य दिल्ली के रामलीला मैदान में जाने के लिए अड़े हुए थे। उन्हें अपने प्रदर्शन के लिए बुराड़ी मैदान की पेशकश की गई। बुराड़ी मैदान में उनके प्रदर्शन के लिए सरकार की ओर से भी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं, लेकिन प्रदर्शनकारी किसानों के नेताओं ने बुराड़ी मैदान में जाने से इनकार कर दिया और वे सिंघु बॉर्डर पर ही रुक गए तथा पूरे रास्ते को जनता के लिए पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया। तत्पश्चात,उत्तर प्रदेश और कुछ अन्य राज्यों के किसान संगठनों ने भी दिल्ली की ओर कूच करना शुरू कर दिया और किसानों ने सिंघु बॉर्डर के अलावा चिल्ला बॉर्डर, टीकरी बॉर्डर, गाजीपुर बॉर्डर और हरियाणा-राजस्थान बॉर्डर सहित 04 अन्य सीमाओं को भी अवरुद्ध कर दिया।

सिंघु बॉर्डर पर कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। दिनांक 29.01.2021 को लगभग 1:30 बजे, आस-पास के गाँवों के कुछ स्थानीय लोग सीमा को खाली कराने के लिए प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत करने आए, क्योंकि राजमार्ग अवरुद्ध होने के कारण स्थानीय लोगों को अपने दैनिक जीवन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोग उनसे सीमा खाली करने का अनुरोध कर रहे थे, लेकिन प्रदर्शनकारी अचानक आक्रामक हो गए और उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों के साथ तीखी बहस शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों पर पथराव शुरू कर दिया। कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए, निरीक्षक प्रदीप कुमार, एसएचओ/पुलिस स्टेशन अलीपुर ने अपनी टीम के साथ हस्तक्षेप किया और वहां पर एकत्रित हुए प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की। इसी बीच, प्रदर्शनकारियों में से एक सिख हाथ में तलवार लेकर आया और स्थानीय ग्रामीणों पर तलवार लहराते हुए उनके पीछे भागा। यह देखते ही, निरीक्षक प्रदीप कुमार उसके हमले से स्थानीय लोगों को बचाने के लिए तुरंत हरकत में आ गए। लेकिन सिख प्रदर्शनकारी (बाद में जिसकी पहचान रणजीत सिंह, पुत्र रावल सिंह, निवासी गांव- काजमपुर, नया शहर, पुलिस स्टेशन- राहु, पंजाब के रूप में की गई) बहुत आक्रामक और हिंसक था और उसने निरीक्षक प्रदीप कुमार को जान से मारने के इरादे से अपनी तलवार से उनके सिर पर हमला कर दिया, लेकिन निरीक्षक प्रदीप कुमार ने तलवार को अपने हाथ से रोककर खुद को बचा लिया। इसके बाद, वह हमलावर निरीक्षक प्रदीप कुमार पर तलवार लहराता रहा, जिससे उनके हाथ तथा कोहनी में दो और गंभीर चोटें आईं। निरीक्षक प्रदीप कुमार ने हिम्मत नहीं हारी और अपनी जान की परवाह किए बिना वीरता और साहस दिखाते हुए उसकी तलवार पकड़ ली। निरीक्षक प्रदीप कुमार ने उस पर काबू पा लिया और उसकी तलवार ले ली। इसके बाद, स्थानीय लोगों ने उक्त प्रदर्शनकारी की पिटाई शुरू कर दी। निरीक्षक प्रदीप कुमार ने हमलावर को स्थानीय लोगों के गुस्से से भी बचाया और उसे तथा उसकी तलवार को अपने सहयोगियों को सौंप दिया। यह भी पता चला कि सतनाम सिंह पन्नू, सवर्ण सिंह पंढेर, सुखविंदर सिंह और जसबीर सिंह पिढ़ी, किसान मजदूर संघ समिति, पंजाब के पदाधिकारी थे और उन्होंने स्थानीय लोगों तथा पुलिस कर्मियों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्रदर्शनकारियों को भड़काया था। निरीक्षक प्रदीप कुमार को गंभीर चोटों के कारण मैक्स अस्पताल, शालीमार बाग में भर्ती कराया गया था, जहां उनके जख्मों पर 54 टांके लगाने पड़े।

तदनंतर, इस संबंध में, पुलिस स्टेशन अलीपुर में आईपीसी की धारा 147/148/149/152/186/307/323/332/353 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 49/2021 दर्ज की गई थी। पथराव कर रहे कुछ प्रदर्शनकारियों, जो गैरकानूनी जमावड़े का हिस्सा थे, की बाद में पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

निरीक्षक प्रदीप कुमार, एसएचओ/अलीपुर ने असाधारण साहस, शौर्य, कर्तव्य के प्रति समर्पण और वीरतापूर्ण कार्य का प्रदर्शन करते हुए गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, अपनी जान की परवाह किए बिना, उस हमलावर से आम लोगों के साथ-साथ अपने साथी पुलिस अधिकारियों की भी जान बचाई। उन्होंने हमलावर की जान भी लोगों से बचाई। उन्होंने वीरता और अपने कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता की मिसाल पेश की है।

इस ऑपरेशन में श्री प्रदीप कुमार, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29/01/2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/3256/06/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 42-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्वश्री/	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	शाजाद अहमद सलारिया	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2.	फुरकान कादिर	अनुमंडल पुलिस अधिकारी	वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार
3.	अब्दुल रशीद	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	हरपाल सिंह	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	तारिक अहमद गनई	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25.07.2020 को, श्रीनगर पुलिस को इस आशय की सूचना प्राप्त हुई कि श्रीनगर जिले के रामबीरगढ़ पंजिनारा क्षेत्र में, जो परिमपोरा पुलिस स्टेशन के कार्य क्षेत्र में आता है, हथियार/गोला-बारूद लिए हुए कुछ आतंकवादी छिपे हुए हैं। इस सूचना के आधार पर तेजी से कार्रवाई करते हुए, सेना की 29 आरआर, सीआरपीएफ की 44वीं बटालियन और वैली क्यूएटी सीआरपीएफ के साथ जिला श्रीनगर की एक पुलिस टीम का गठन किया गया, ताकि आगे की कार्रवाई हेतु उनके छिपने के ठिकाने का पता लगाया जा सके और अपनी तरफ किसी क्षति के बिना, आवश्यक होने पर, आतंकवादियों का खात्मा किया जा सके। गठित की गई टीम ने उक्त क्षेत्र में तलाशी की और उस स्थान का पता लगाने में सफल रही, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। ऑपरेशन शुरू किए जाने से पहले, सेना की 29 आरआर, वैली क्यूएटी सीआरपीएफ और 44वीं बटालियन के बीच पारस्परिक रूप से यह तय किया गया था कि अपनी तरफ किसी भी प्रकार की क्षति से बचा जाए और परिणाम-उन्मुख ऑपरेशन चलाया जाए।

तैयार की गई ऑपरेशनल योजना के अनुसार, कुल नफरी को 02 पार्टियों में विभाजित कर दिया गया, जिसमें से पहली पार्टी को उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम की ओर से लक्षित क्षेत्र की घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया, जबकि दूसरी पार्टी को उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व की ओर से लक्षित क्षेत्र की घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया, जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे। यह भी निर्णय लिया गया कि आवश्यकतानुसार, डॉ. मोहम्मद हसीब मुगल-आईपीएस, तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर की देखरेख में और अन्य सुरक्षा बलों के साथ पूर्ण समन्वय से क्षेत्र में प्रवेश किया जाएगा। इस बीच, सभी दलों ने ऊपर बताई गई योजना के अनुसार पोजीशन ले ली। डॉ. मोहम्मद हसीब मुगल -आईपीएस, तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर, जो कॉर्डन पार्टियों के प्रभारी थे, ने श्री शाजाद अहमद सलारिया- जेकेपीएस, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक वेस्ट जोन श्रीनगर, श्री फुरकान कादिर-जेकेपीएस, तत्कालीन एसडीपीओ पश्चिम श्रीनगर और तत्कालीन निरीक्षक माजिद हसन, पुलिस स्टेशन परिमपोरा की देखरेख में आस-पास के रिहाइशी घरों के निवासियों को बाहर निकालने के लिए श्रीनगर पुलिस की छोटी-छोटी टीमों का गठन किया, क्योंकि यह क्षेत्र बहुत भीड़-भाड़ वाला था। इन सभी टीमों ने बहुत चतुराई और बहादुरी से आस-पास के घर के निवासियों को बाहर निकाला और यह सुनिश्चित करने के लिए कि अपनी तरफ कोई क्षति न हो, उन्हें पास के सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया।

शुरू में, 02 आतंकवादियों को उस क्षेत्र में देखा गया, जहां पहले से ही घेराबंदी की गई थी और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया/कोई जवाब नहीं दिया और इसके बजाय उन्होंने ऑपरेशन दलों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं तथा फिर से छिप गए, जिसके बाद घर-घर तलाशी की योजना बनाई गई। ऑपरेशन पार्टियों ने सभी प्रकार की सावधानियां बरतते हुए कार्रवाई शुरू कर दी, तथापि, जैसे ही सर्च पार्टियां उस लक्षित संदिग्ध स्थान के करीब पहुंचीं, जहां संभावित रूप से आतंकवादी छिपे हुए थे, तो उक्त पार्टियां उस स्थान अर्थात रामबीरगढ़ पंजिनारा में पोजीशन लिए हुए आतंकवादियों की भारी गोलीबारी की चपेट में आ गईं। ऑपरेशनल पार्टियां चमत्कारिक रूप से बच गईं और एक रणनीतिक चाल के तहत, ऑपरेशनल पार्टी केवल दूसरी तरफ से उनके ठिकाने को निशाना बनाने के लिए पीछे हट गई। इस बीच, वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने उस क्षेत्र से भागने की कोशिश के बीच अपनी लोकेशन बदल ली और पास के मैदान में चले गए, लेकिन ऑपरेशनल पार्टियों ने सभी तरफ से उनका पीछा किया और सभी गलियों/उप-गलियों को भी बंद कर दिया। तब आतंकवादियों ने घने पोपलर के पेड़ों से घिरे हुए पास की एक जगह में शरण ले ली। इस मौके पर, डॉ. मोहम्मद हसीब मुगल- आईपीएस, तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर, जो ऑपरेशन पार्टियों की निगरानी कर रहे थे, ने 02 छोटे समूहों का गठन किया, जिनमें से पहले समूह में श्री ताहिर अशरफ -जेकेपीएस, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक पीसी श्रीनगर, श्री फुरकान कादिर- जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक एसडीपीओ पश्चिम श्रीनगर, उप निरीक्षक शेख आदिल बशीर, तत्कालीन प्रभारी पीपी बर्निना, सहायक उप निरीक्षक अब्दुल रशीद, हेड कांस्टेबल हबीबुल्लाह, हेड कांस्टेबल मोहम्मद फारूक, एस.जी.सीटी. गुलजार अहमद, एस.जी.सीटी. शाहनवाज अहमद, एस.जी.सीटी. मोहम्मद मकसूद, सिपाही तारिक अहमद गनई, एसपीओ हिलाल अहमद, एसपीओ जावेद अहमद, एसपीओ जाहिद अहमद खान, एसपीओ साजिद अली और सेना की 29 आरआर/पीसी श्रीनगर की एक छोटी क्यूआरटी शामिल थी। इसी तरह, दूसरी पार्टी में श्री शाजाद अहमद सलारिया- जेकेपीएस, पुलिस अधीक्षक वेस्ट जोन श्रीनगर, श्री सुरिंदर सिंह-जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक पीसी श्रीनगर, पुलिस स्टेशन परिमपोरा के निरीक्षक माजिद हसन खान, पुलिस कम्पोनेंट श्रीनगर के हेड कांस्टेबल हरपाल सिंह, सिपाही आशिक हुसैन, सिपाही कुलदीप सिंह, सिपाही मुमताज अहमद, सिपाही अमजद अवान, सिपाही रऊफ-अल-सदत, एसपीओ

हिलाल अहमद, एसपीओ मोहम्मद मकबूल, एसपीओ मोहम्मद आजम, एसपीओ जुबैर अहमद, एसपीओ जरीफा, एसपीओ नरगिस नाज और वैली क्यूएटी सीआरपीएफ तथा सीआरपीएफ की 44वीं बटालियन की छोटी क्यूआरटी शामिल थी।

पहली पार्टी ने दक्षिण-पूर्व की ओर से लक्षित क्षेत्र में प्रवेश करने की योजना बनाई, जबकि दूसरी पार्टी ने दक्षिण-पश्चिम की ओर से जाने का फैसला किया। इस स्थिति में, वहां छिपे हुए आतंकवादी ने ग्रेनेड फेंके, जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ, क्योंकि वहां जा रही पार्टियां चतुराई से आगे बढ़ रही थीं। डॉ. मोहम्मद हसीब मुगल -आईपीएस, तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर, जो अपनी टीम के साथ पहले दल का नेतृत्व कर रहे थे, दक्षिण-पूर्व की ओर से लक्षित स्थान के करीब पहुंच गए, जहां गोलीबारी के बीच आतंकवादी ने ग्रेनेड फेंके और वहां से भागने के लिए घेराबंदी को तोड़ने की कोशिश में अंधाधुंध गोलीबारी के बीच आतंकवादी अपने छिपने के ठिकाने से बाहर निकला। परंतु, ऑपरेशनल दलों ने अपनी जान की परवाह किए बिना सूझ-बूझ के साथ प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की और एक आतंकवादी को मार गिराया। इसी बीच, उस मौके का फायदा उठाने की कोशिश करते हुए एक अन्य आतंकवादी ने भागने का प्रयास किया और दक्षिण-पश्चिम की ओर उक्त क्षेत्र के दूसरी तरफ छिप गया, लेकिन दूसरी ऑपरेशनल पार्टी, जिसने पहले से ही पोजीशन ले रखी थी, ने बहादुरी से जवाबी गोलीबारी की और वहां पर हुई गोलीबारी में दूसरे आतंकवादी का भी सफाया हो गया। बाद में, मारे गए उन दोनों आतंकवादियों की पहचान एजाज अहमद भट, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन, पुत्र अली मोहम्मद भट, निवासी लरीबल, काकापोरा, पुलवामा और इशफाक रशीद खान, पुत्र अब्दुल रशीद खान, निवासी सोजीथ नरबल, श्रीनगर के रूप की गई। इन आतंकवादियों का खात्मा एलईटी संगठन और श्रीनगर-दक्षिण कश्मीर में उसके नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका था। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन परिमपोरा में आईपीसी की धारा 307 और भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 154/2020 दर्ज है।

इन आतंकवादियों का खात्मा दक्षिण/मध्य कश्मीर में एलईटी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका था। मारे गए उपर्युक्त स्थानीय आतंकवादी दक्षिण/मध्य कश्मीर में आतंकवादियों से संबंधित विभिन्न घटनाओं में शामिल थे। वे श्रीनगर के शांतिप्रिय लोगों में डर पैदा करने के लिए पुलिस को निशाना बनाने के अतिरिक्त, काफिले पर फिदायीन हमले की योजना भी बना रहे थे। इसके अलावा, उन्हें सीमा पार के उनके आकाओं से पुलिस के सहयोगी लोगों/राजनीतिक कार्यकर्ताओं को धमकाने, सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने के लिए ग्रेनेड फेंकने और लोगों में दहशत और आतंक पैदा करने के लिए आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के निर्देश मिले हुए थे।

उक्त आतंकवाद-रोधी ऑपरेशन के दौरान, श्री शाजाद अहमद सलारिया -जेकेपीएस और तत्कालीन एसडीपीओ पश्चिम श्रीनगर श्री फुरकान कादिर -जेकेपीएस द्वारा निभाई गई भूमिका और उनका नेतृत्व अनुकरणीय था। उन्होंने ऑपरेशन की शुरुआत से लेकर उसके समापन तक पुलिस, वैली क्यूएटी सीआरपीएफ और सेना की संयुक्त ऑपरेशनल पार्टियों के बीच समन्वय स्थापित करने में भी असाधारण भूमिका निभाई। इन अधिकारियों ने उस जगह से आम नागरिकों की निकासी, परिणामोन्मुख ऑपरेशनल योजना बनाने, ऑपरेशनल दलों/शांतिप्रिय लोगों के जीवन की सुरक्षा को प्राथमिकता देने और अपनी तरफ किसी क्षति के बिना आतंकवादियों पर हमला करने जैसी ऑपरेशनल रणनीति के माध्यम से उक्त ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री शाजाद अहमद सलारिया, पुलिस अधीक्षक, फुरकान कादिर, अनुमंडल पुलिस अधिकारी, अब्दुल रशीद, सहायक उप निरीक्षक, हरपाल सिंह, हेड कांस्टेबल और तारिक अहमद गनई, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25/07/2020 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1150/11/2022-पीएमए)

एस. एम. समीअवर सचिव

सं. 43-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्वश्री/	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	अमजद हुसैन मीर	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2.	मुश्ताक अहमद भट	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3.	असगर अली	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 02.04.2021 को, पुलवामा पुलिस को इस आशय की सूचना प्राप्त हुई कि नौगाम में एक पुलिस कर्मी की हत्या करने वाले आतंकवादी, घाट मोहल्ला काकापोरा पुलवामा में देखे गए हैं। तुरंत कार्रवाई करते हुए, अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा ने प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) काकापोरा, पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) पुलवामा तथा एसएचओ पुलिस स्टेशन काकापोरा के साथ उक्त सूचना को साझा किया और संदिग्ध क्षेत्र की स्थलाकृति के बारे में सूचना प्राप्त करने के बाद, उक्त सूचना को आगे 50 आरआर और सीआरपीएफ की 183वीं बटालियन के साथ साझा किया गया तथा लक्षित क्षेत्र में एक घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन (सीएएसओ) शुरू करने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा की देखरेख में निरीक्षक अमजद हुसैन मीर, एसएचओ पुलिस स्टेशन काकापोरा के नेतृत्व में पुलवामा पुलिस, 50 आरआर और सीआरपीएफ की 183वीं बटालियन की संयुक्त टीमें तेजी से ग्राम घाट मोहल्ला काकापोरा पहुंच गईं और उन्होंने संयुक्त रूप से लक्षित स्थान पर घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन (सीएएसओ) शुरू कर दिया। प्रवेश/निकास के सभी स्थानों, रास्तों और बचकर भागने की संभावित गलियों को कंसर्टिना तार लगाकर और भौतिक तैनाती करके अच्छी तरह से बंद कर दिया गया।

स्थिति का जायजा लेने के बाद, लक्षित क्षेत्र की तलाशी करने के लिए निरीक्षक अमजद हुसैन मीर के नेतृत्व में एक पुलिस दल का गठन किया गया, जिसमें सहायक उप निरीक्षक मुश्ताक अहमद भट, हेड कांस्टेबल असगर अली और अन्य पुलिस कार्मिक तथा 50 आरआर और सीआरपीएफ की 183वीं बटालियन के घटक शामिल थे तथा प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) काकापोरा श्री फुरकान कादिर के नेतृत्व में एक अन्य टीम का गठन किया गया, जिसमें 50 आरआर और सीआरपीएफ की 183वीं बटालियन के घटक शामिल थे और इस टीम को तलाशी दल को कवर सहायता प्रदान करने का कार्य सौंपा गया। जैसे ही तलाशी दल अब्दुल रहीम डार, पुत्र अब्दुल गनी डार, निवासी घाट मोहल्ला काकापोरा के आवासीय घर के पास पहुंचा, तभी उक्त घर में छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने और मौके से बचकर भागने के इरादे से सैन्य दस्ते पर भारी मात्रा में गोलीबारी शुरू कर दी। तलाशी दल ने तुरंत कवर ले लिया और साहस के साथ जवाबी कार्रवाई करते हुए आतंकवादियों के पहले प्रयास को विफल कर दिया। इस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी और अपनी गतिविधि को रोक दिया। आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित होने के बाद, घेराबंदी को और मजबूत कर दिया गया तथा घिरे हुए आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया, जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया।

चूंकि, ऑपरेशन रात के दौरान शुरू किया गया था और नागरिकों के हताहत होने की संभावना थी, इसलिए अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा ने लक्षित क्षेत्र में फंसे हुए आम नागरिकों को बाहर निकालने के लिए प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) काकापोरा की देख-रेख में एक समर्पित पुलिस टीम का गठन किया। गठित की गई उक्त टीम तुरंत हरकत में आई और उसने फंसे हुए लोगों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। आम नागरिकों को वहां से सफलतापूर्वक बाहर निकालने के बाद, आतंकवादियों से लड़ने के लिए पुलिस/सुरक्षा बलों की दो समर्पित टीमों का गठन किया गया। निरीक्षक अमजद हुसैन मीर के नेतृत्व वाली पहली टीम, जिसमें सहायक उप निरीक्षक मुश्ताक अहमद भट, हेड कांस्टेबल असगर अली और अन्य पुलिस कार्मिक तथा 50 आरआर और सीआरपीएफ की 183वीं बटालियन के घटक शामिल थे, को नदी के उत्तर-पूर्व की ओर पोजीशन लेने के लिए कहा गया तथा प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) काकापोरा श्री फुरकान कादिर के नेतृत्व में दूसरे दल, जिसमें 50 आरआर और सीआरपीएफ की 183वीं बटालियन की क्यूआरटी सहित अन्य पुलिस कार्मिक शामिल थे, को दक्षिण-पश्चिम की ओर पोजीशन लेने और सतर्क रहने का निदेश दिया गया, क्योंकि आतंकवादी फिर से घेराबंदी वाले क्षेत्र से बचकर भागने का प्रयास कर सकते थे। घेराबंदी को और मजबूत कर दिया गया तथा घिरे हुए आतंकवादियों को सैन्य दस्ते के सामने अपने हथियार डालने का एक और अवसर प्रदान किया गया, जिससे उन्होंने पूरी तरह से इनकार कर दिया और उत्तर-पूर्व की ओर तैनात संयुक्त दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करना जारी रखा और इस तरफ से रास्ता बनाने की कोशिश की। तथापि, निरीक्षक अमजद हुसैन के नेतृत्व में सतर्क संयुक्त दल ने अपने बहुमूल्य जीवन की परवाह किए बिना सामने से बहादुरी से लड़ाई लड़ी और दो आतंकवादियों को मौके पर ही मार गिराया। इस पर तीसरा आतंकवादी वापस लौट गया और उसने दूसरी तरफ से घेराबंदी को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) काकापोरा फुरकान कादिर के नेतृत्व में इस क्षेत्र में तैनात संयुक्त दल तुरंत हरकत में आया और उसने लक्षित घर के मुख्य द्वार पर उक्त आतंकवादी को मार गिराया। दोनों ओर से गोलीबारी बंद होने के बाद, संयुक्त दलों ने मुठभेड़ स्थल से 03 शव और हथियार/गोलाबारूद बरामद किया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में सुहैल निसार लोन, पुत्र निसार अहमद लोन, निवासी ख्रेव पंपोर, यासिर अहमद वानी, पुत्र बशीर अहमद वानी, निवासी बाबापोरा ख्रेव पंपोर और जुनैद अयूब नेंगरू, पुत्र मोहम्मद अयूब नेंगरू, निवासी प्रिचू पुलवामा के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन काकापोरा में आईपीसी की धारा 121 एवं 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18, 19 एवं 20 के तहत एक मामलागत एफआईआर संख्या 21/2021 दर्ज है और जांच चल रही है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री अमजद हुसैन मीर, निरीक्षक, मुश्ताक अहमद भट, सहायक उप निरीक्षक और असगर अली, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 02/04/2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1154/11/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 44-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	मोहम्मद अब्बास वानी	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	चरण सिंह चार्क	एस.जी.सीटी	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	इमरान अली सोफी	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19.04.2021 को, जैपोरा गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विश्वसनीय सूचना मिलने के बाद, शोपियां पुलिस ने 34वीं आरआर और सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन की सहायता से उक्त गांव में एक ऑपरेशन शुरू किया। योजना के अनुसार, श्री मोहम्मद अशरिफ-जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक पीसी इमामसाहिब की कमान में प्रारंभिक घेराबंदी दल, जिसमें 34 आरआर, सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन और शोपियां पुलिस की क्यूआरटी और निरीक्षक रमेश लाल, सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद अयूब, हेड कांस्टेबल मोहम्मद अब्बास वानी, एस.जी.सीटी चरण सिंह चार्क, एस.जी.सीटी कैलाश चन्द्र, सिपाही इमरान अली सोफी, सिपाही आरिफ हुसैन, एसपीओ इम्तियाज अहमद, एसपीओ बिलाल अहमद और अन्य कार्मिक शामिल थे, भागने के सभी संभावित मार्गों को बंद करने के लिए तेजी से उक्त गांव पहुंच गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां छिपे हुए आतंकवादियों को भागने का कोई मौका न मिले। इस प्रक्रिया के दौरान, गांव में सैन्य दस्तों की मौजूदगी का पता चलने पर उक्त गांव के शरारती तत्वों ने हिंसक प्रतिक्रिया की और उन्होंने सैन्य दस्तों पर भारी पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस बीच, ऑपरेशनल कमांडर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व में 34 आरआर, सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन और शोपियां पुलिस के अतिरिक्त सैन्य दस्ते उक्त गांव में पहुंच गए और उन्होंने पत्थरबाजों को लक्षित क्षेत्र से खदेड़ दिया तथा उक्त गांव की अच्छी तरह से घेराबंदी कर दी। पहुंचने के रास्तों पर कट-ऑफ पॉइंट लगा दिए गए और बीपी वाहनों को चतुराई से लक्ष्य के चारों ओर तैनात कर दिया गया। घेराबंदी के भीतर आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि की गई और तदनुसार सैन्य दस्तों को सतर्क कर दिया गया, उनमें तालमेल स्थापित किया गया और घेराबंदी/कट-ऑफ पॉइंटों को सक्रिय किया गया, ताकि आतंकवादी घेराबंदी के अंदर ही फंसे रहें। एक मजबूत घेराबंदी करने के बाद, घोषणाएं की गईं और छिपे हुए आतंकवादियों से बार-बार आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया और इसके बजाय उन्होंने पूर्वोक्त घेराबंदी दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें वे बाल-बाल बच गए। तथापि, अच्छी तरह से पोजीशन लिए हुए घेराबंदी दलों ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की और घेराबंदी वाले क्षेत्र से आतंकवादियों के भागने के प्रयास को विफल कर दिया। भारी गोलाबारी के बीच, एक आतंकवादी ने आंतरिक घेरे में तैनात संयुक्त सैन्य दस्ते की ओर दौड़ते हुए भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क सैन्य दस्तों ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की और आतंकवादी को मार गिराने में सफल रहे। यह देखा गया कि कुछ परिवार घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंस गए हैं, इसलिए श्री मोहम्मद अशरिफ, पुलिस उपाधीक्षक पीसी इमामसाहिब, निरीक्षक रमेश लाल, सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद अयूब, हेड कांस्टेबल मोहम्मद अब्बास वानी, एस.जी.सीटी चरण सिंह चार्क और 34आरआर तथा सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन के सैनिक उक्त परिवारों की निकासी के लिए स्वेच्छा से आगे आए और वे पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर तथा सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद अयूब, एस.जी.सीटी ताहिर अहमद, एस.जी.सीटी खुर्शीद अहमद, सिपाही इरशाद अहमद, एसपीओ इम्तियाज अहमद, एसपीओ बिलाल अहमद और एसपीओ रूकिया जान द्वारा प्रदान की गई कवर गोलीबारी की सहायता से अपनी तरफ किसी भी क्षति से बचने के लिए आस-पास के घरों के आम नागरिकों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सफल रहे। इस बीच, दूसरे आतंकवादी, जिसने अच्छी तरह से पोजीशन ले रखी थी, ने फिर से तलाशी दल पर गोलीबारी की और वह मजबूत कवर का फायदा उठाते हुए बार-बार अपनी पोजीशन बदल रहा था तथा उसने सैन्य दस्तों की मौजूदगी को महसूस करते हुए सैन्य दस्ते पर एक यूबीजीएल राउंड दागा और उसके बाद लगातार गोलीबारी की। तथापि, उपर्युक्त संयुक्त दल ने समुचित तरीके से जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप दूसरे आतंकवादी का सफाया हो गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में हिजबुल मुजाहिद्दीन (एचएम) संगठन के सबजार अहमद गनी, पुत्र मोहम्मद अमीन गनी, निवासी सहपोरा, जिला कुलगाम और हिजबुल मुजाहिद्दीन (एचएम) संगठन के आमिर हुसैन भट, पुत्र मोहम्मद युसूफ भट, निवासी इमामसाहिब, शोपियां के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन शोपियां में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18 एवं 20 के तहत एक मामलागत एफआईआर संख्या 78/2021 दर्ज है और जांच की जा रही है।

सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद अयूब, हेड कांस्टेबल मोहम्मद अब्बास वानी, एस.जी.सीटी कैलाश चन्द्र, एस.जी.सीटी चरण सिंह चार्क, सिपाही आरिफ हुसैन और सिपाही इमरान अली सोफी, जिन्होंने आतंकवादियों से दक्षतापूर्वक और बुद्धिमानी के साथ लड़ाई लड़ी और खुद को अत्यधिक जोखिम में डाल दिया, द्वारा प्रदर्शित पेशेवरता और उत्कृष्ट साहस उल्लेखनीय था तथा अत्यंत प्रतिकूल स्थिति में लक्ष्य तक पहुंचने का उनका प्रयास वास्तव में वीरतापूर्ण था। इन अधिकारियों/कर्मचारियों ने घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए साहस का प्रदर्शन किया। आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके वहां तैनात सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की पूरी कोशिश की, जिसमें वे सभी

बाल-बाल बच गए। तथापि, इन अधिकारियों/कर्मचारियों ने अपनी एकाग्रता को खोए बिना/सूझ-बूझ से बहादुरी के साथ लड़ाई लड़ी और इस प्रकार इन आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया। ऐसी नाजुक स्थिति में ऑपरेशन स्थल पर मिशन को सुरक्षित तरीके से पूरा करना इस ऑपरेशन की प्रमुख विशेषता रही है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री मोहम्मद अब्बास वानी, हेड कांस्टेबल, चरण सिंह चार्क, एस.जी.सीटी और इमरान अली सोफी, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19/04/2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1155/11/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 45-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) /वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्वश्री/	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	जीवी सुदीप चक्रवर्ती, भापुसे	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार
2.	परवेज अहमद खान	एससीटी.जी.	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	फैयाज अहमद गनई	एससीटी.जी.	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	वसीम मोहीदीन लोन-उद-	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

नाथीपोरा क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर, दिनांक 04.05.2021 को लगभग 15:00 बजे सोपोर/कुपवाड़ा पुलिस, सेना की 22-आरआर और सीआरपीएफ की 179वीं/92वीं बटालियन द्वारा उक्त क्षेत्र में एक संयुक्त घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। पहले से ही इस आशय की विश्वसनीय/विशिष्ट सूचना थी कि आतंकवादी एक आवासीय घर में छिपे हुए हैं और उनके पास परिष्कृत हथियार भी हैं। चूंकि ऑपरेशन दिन के उजाले में शुरू किया गया था, इसलिए उस समय सभी आम नागरिक अपने दैनिक कार्यों तथा लक्षित घर के आस-पास के क्षेत्रों में कृषि/बागवानी गतिविधियों में व्यस्त थे। यदि इस तरह की प्रतिकूल स्थिति में, सर्च ऑपरेशन को उसी समय तेज कर दिया जाता, तो नागरिकों के हताहत होने की पूरी आशंका थी। इसलिए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऑपरेशन बिना किसी क्षति के सम्पन्न हो, सेना/सीआरपीएफ के समकक्ष अधिकारियों के साथ परामर्श करके सर्वप्रथम आम नागरिकों की निकासी के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई। तदनुसार, सबसे पहले वहां फंसे हुए आम नागरिकों को बाहर निकालने के लिए एक एडवांस टीम के रूप में, श्री जी.वी. सुदीप चक्रवर्ती-भापुसे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा के नेतृत्व में पुलिस/सेना/ सीआरपीएफ की पहली संयुक्त टीम का गठन किया गया और श्री राशिद युनिस–जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय कुपवाड़ा के नेतृत्व में पुलिस/सेना/सीआरपीएफ की दूसरी टीम का गठन किया गया और उसे कवरिंग फायर प्रदान करने के लिए बैकअप पार्टी के रूप में रखा गया। तदनुसार, श्री जी.वी. सुदीप चक्रवर्ती, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा के नेतृत्व में पहली संयुक्त टीम अत्यंत प्रतिकूल स्थिति में आगे बढ़ी और उसने वहां फंसे हुए सभी आम नागरिकों को बाहर निकाल लिया तथा निकासी के दौरान भी आतंकवादियों ने निकासी प्रक्रिया को रोकने और आम नागरिकों को बंधक बनाने के इरादे से संयुक्त दल पर रुक-रुक कर गोलीबारी की और यहां तक कि कुछ गोलियां अधिकारी के निकट भी जाकर लगीं, लेकिन श्री जी.वी. सुदीप चक्रवर्ती, भापुसे 145796, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने अपना मनोबल नहीं खोया और वहां फंसे हुए सभी आम नागरिकों को बाहर निकाल लिया।

आम नागरिकों को बाहर निकालने की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, सभी प्रवेश और निकासी के स्थानों को सील करके घेराबंदी को और सख्त कर दिया गया तथा सर्च ऑपरेशन को तेज कर दिया गया, जिसके दौरान वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने एडवांस सर्च पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप वहां मुठभेड़ हो गई। चूँकि आतंकवादी कंक्रीट के एक घर में छिपे हुए थे और चतुराई से घर में अपनी पोजीशन बदल रह थे तथा सुरक्षा बलों को लंबे समय तक उलझा रखा था, इसलिए अपनी तरफ क्षति होने के भय से सुरक्षा बल काफी देर तक आसानी से लक्षित घर की ओर नहीं बढ़ सके। अंततः, श्री जी.वी. सुदीप चक्रवर्ती, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा के नेतृत्व में पहली संयुक्त टीम अंतिम और निर्णायक हमले के लिए लक्षित घर तक पहुंचने के लिए स्वेच्छा से आगे आई। तदनुसार, अधिकारी श्री जी.वी. सुदीप चक्रवर्ती, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा ने अपनी टीम का नेतृत्व किया और उन्होंने दूसरी टीम की बैकअप गोलीबारी की

सहायता से लक्षित घर की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। जब एडवांस टीम लक्षित घर के नजदीक पहुंचने वाली थी, तभी आतंकवादियों को यह आभास हो गया कि सुरक्षा बल लक्षित घर के करीब पहुंच गए हैं, इसलिए आतंकवादी गोलियों की बौछार करते हुए अचानक मुख्य दरवाजे से घर से बाहर कूद गए और उन्होंने बागान क्षेत्र का फायदा उठाकर मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन उससे पहले ही एडवांस टीम, विशेष रूप से श्री जी.वी. सुदीप चक्रवर्ती, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा, एस.जी.सीटी परवेज अहमद खान, एस.जी.सीटी फैयाज अहमद गनई और सिपाही वसीम मोहि-उद-दीन लोन चट्टान की तरह दृढ़ रहे/डटे रहे और उन्होंने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। इसके बाद हुई आमने-सामने की बंदूक की लड़ाई में, प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी संगठन के दो खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया, जिनकी पहचान बाद में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन के आतंकवादी हमास उर्फ असरार, निवासी पाकिस्तान और वसीम नजीर लोन, पुत्र नजीर अहमद लोन, निवासी हथलंगू सोपोर के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन बोमई में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16 एवं 20 के तहत एक मामलागत एफआईआर संख्या 21/2021 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री जीवी सुदीप चक्रवर्ती, भापुसे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, परवेज अहमद खान, एस.जी.सीटी, फैयाज अहमद गनई, एस.जी.सीटी और वसीम मोही-उद-दीन लोन, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04/05/2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1156/11/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 46-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) /वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्वश्री/	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
.1	अब्दुल हमीद रिशी	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
.2	बिलाल अहमद वानी	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28.05.2021 को, 44 आरआर के सैनिक गनोवपोरा-आरिश गांव में गश्त लगा रहे थे और तभी कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी कर दी। 44 आआर के सैनिकों ने तुरंत उनकी गोलीबारी का जवाब दिया और तत्पश्चात बागान क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। सूचना मिलने पर, श्री तनवीर अहमद- जेकेपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा प्रभारी पुलिस अधीक्षक शोपियां की कमान में पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर और पुलिस उपाधीक्षक पीसी इमामसाहिब अपनी-अपनी क्यूआरटी के साथ तेजी से गांव की ओर भागे। उस लक्षित बागान क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई, जहां पर आतंकवादी छिपे हुए थे।

तदनुसार, सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन की क्यूआरटी/पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय तथा पुलिस उपाधीक्षक जैनपोरा भी अपनी-अपनी क्यूआरटी के साथ उस स्थान पर पहुंच गए और घेराबंदी को मजबूत कर दिया गया। श्री सैयद मजीद मोसावी-जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर के नेतृत्व में 44 आरआर, सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन और शोपियां पुलिस की संयुक्त टीम, जिसमें शौकत बशीर, सिपाही संजीत कुमार 682/आईआरपी 21वीं बटालियन शामिल थे, को लक्षित बागान क्षेत्र की उत्तर-पूर्वी दिशा में घेराबंदी करने के लिए तैनात किया गया। श्री मोहम्मद अशरिफ-जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक पीसी इमामसाहिब के नेतृत्व में 44 आरआर की क्यूआरटी, सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन की क्यूआरटी और शोपियां पुलिस की क्यूआरटी वाली दूसरी संयुक्त टीम, जिसमें सहायक उप निरीक्षक अब्दुल हमीद रिशी तथा सिपाही बिलाल अहमद वानी एआरपी091396 शामिल थे, को दक्षिण-पश्चिमी दिशा से घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया।

छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए तलाशी शुरू की गई। तलाशी की प्रक्रिया के दौरान आतंकवादियों ने घेराबंदी करने वाले दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। संयुक्त सैन्य दलों ने प्रभावी ढंग से गोलीबारी का जवाब दिया और वहां पर हुई गोलीबारी के दौरान, इस बात की पुष्टि हुई कि एक आतंकवादी घेराबंदी वाले क्षेत्र में छिपा हुआ है। घिरे हुए आतंकवादी से विभिन्न माध्यमों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उसने सैन्य दलों पर गोलीबारी करना जारी रखा। सैयद मजीद मोसावी- जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक अब्दुल हमीद रिशी, सिपाही बिलाल अहमद वानी, सिपाही शफकत बशीर तथा सिपाही संजीत कुमार सहित आरआर/सीआरपीएफ और पुलिस के संयुक्त सैन्य दलों ने जवाबी कार्रवाई की और आतंकवादी को मार गिराया। मारे गए आतंकवादी की पहचान बाद में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन के एतीजमद अहमद डार, पुत्र मोहम्मद यूसुफ डार, निवासी अवेंद, जिला शोपियां के रूप में की गई।

इसी बीच, आस-पास के गांवों से ग्रामीणों की भारी भीड़ ने लक्षित क्षेत्र की तीन दिशाओं से पत्थरबाजी शुरू कर दी। उपद्रवी और हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए, वहां तैनात की गई सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के सैनिकों और पुलिस ने अत्यधिक संयम दिखाया और न्यूनतम बल का प्रयोग किया। ऑपरेशन के पूरा होने तक भीड़ को मुठभेड़ स्थल से दूर रखा गया। मारे गए आतंकवादी के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन शोपियां में आईपीसी की धारा 147, 148, 149 एवं 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 20 एवं 38 के तहत एक मामलागत एफआईआर संख्या 139/2021 दर्ज है और जांच चल रही है। इस खूंखार आतंकवादी के खात्मे से सामान्य रूप से दक्षिण कश्मीर रेंज के भीतर और विशेष रूप से शोपियां जिले में आतंकवादी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

सहायक उप निरीक्षक अब्दुल हमीद रिशी और सिपाही, अब एस.जी.सीटी. बिलाल अहमद वानी, जिन्होंने अपनी कीमती जान की परवाह किए बिना कुशलता और समझदारी से आतंकवादियों का मुकाबला किया, द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट साहस और पेशेवरता उल्लेखनीय थी तथा अत्यंत प्रतिकूल परिस्थिति में लक्ष्य तक पहुंचने का उनका प्रयास वास्तव में वीरतापूर्ण था। उन्होंने साहस का परिचय दिया तथा घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे आम नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया और इस तरह सूझ-बूझ तथा अच्छी पुलिस व्यवस्था की वजह से आम नागरिक हताहत होने से बच गए। यद्यपि, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की पूरी कोशिश की, जिसमें वे बाल-बाल बच गए, तथापि उन्होंने अपनी एकाग्रता को खोए बिना तथा सूझ-बूझ के साथ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री अब्दुल हमीद रिशी, सहायक उप निरीक्षक और बिलाल अहमद वानी, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28/05/2021 से दिया जाएगा।

फाइल संख्या-11020/1157/11/2022-(पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 47-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्वश्री/	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	अब्दुल हमीद	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	शीराज़ अहमद गनई	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25.06.2021 को लगभग 1210 बजे, गांव राखामा शोपियां में 2-3 आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशिष्ट खुफिया सूचना जुटाई गई। इस सूचना को 34 आरआर के कर्नल और सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के कमांडेन्ट के साथ साझा किया गया। तदनुसार, शोपियां पुलिस द्वारा 34 आरआर और सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के सहयोग से एक संयुक्त घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन की योजना बनाई गई और उसे शुरू किया गया। पुलिस, आरआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों ने लक्षित क्षेत्र के चारों ओर घेराबंदी कर दी। शुरूआत में, घरों के एक समूह की घेराबंदी की गई और तलाशी शुरू की गई। जब तक दो घरों की तलाशी की गई, तभी स्रोत से यह सूचना प्राप्त हुई कि बलों की गतिविधि को भांपते हुए आतंकवादी राखामा से हांजीपोरा चले गए हैं। हांजीपोरा गांव राखामा से लगभग 05 किमी. की दूरी पर स्थित है। सीआरपीएफ, शोपियां पुलिस की क्यूआरटी और 34 आरआर की एक टीम ने राखामा में घेराबंदी जारी रखी और टीम के छोटे घटक हांजीपोरा चले गए और उसके बाद शोपियां जिले के कचदूरा के पास हांजीपोरा गांव में औचक तलाशी शुरू की।

तलाशी के दौरान, गांव में छिपे हुए आतंकवादियों ने घेराबंदी दल की गतिविधि को भांप कर उन पर गोलीबारी की, तथापि घेराबंदी दल बाल-बाल बच गया। सतर्क सैन्य दस्तों ने तुरंत पोजीशन ले ली और प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की और इस बीच संपर्क स्थापित हो गया। सूचना मिलने पर, राखामा में तैनात 34 आरआर, सीआरपीएफ और पुलिस के संयुक्त घेराबंदी दल भी हांजीपोरा गांव पहुंच गए। इसके अलावा, शोपियां पुलिस, सीआरपीएफ की 14वीं/178वीं बटालियन के अतिरिक्त सैन्य दस्ते भी वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में तेजी से लक्षित क्षेत्र हंजीपोरा पहुंचे और घेराबंदी में शामिल हो गए। ऑपरेशन को बाधित करने और आतंकवादियों को बचकर भागने में मदद करने के लिए ग्रामीणों द्वारा संभावित रूप से पत्थरबाजी को ध्यान में रखते हुए सैन्य दस्तों ने तेजी से लक्षित क्षेत्र के बाहरी हिस्से की घेराबंदी कर दी।

ऑपरेशनल कमांडर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां ने सेक्टर कमांडर द्वितीय सेक्टर आरआर और डीआईजी एसकेओआर के परामर्श से स्थिति पर समुचित रूप से विचार करके रणनीतिक दृष्टि से बाहरी घेराबंदी/स्टॉप्स को तैनात किया। इस घेराबंदी टीम ने अपनी पोजीशन संभाल ली और सभी रास्ते बंद कर दिए गए, ताकि आतंकवादी बचकर भाग न सकें। अब तक, आस-पास के गांवों के शरारती तत्व मुठभेड़ स्थल के चारों ओर इकट्ठा हो गए थे तथा सुरक्षा बलों के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे और उन्होंने भारी पत्थरबाजी शुरू कर दी। पत्थरबाजों से निपटने के लिए पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों को तैनात किया गया, ताकि उन्हें मुठभेड़ स्थल से दूर रखा जा सके। अत्यंत धैर्य के साथ स्थिति से निपटने के बावजूद, शरारती तत्वों को तितर-बितर करने के लिए टीएसएम और पीएजी का इस्तेमाल अपरिहार्य हो गया। जब संयुक्त घेराबंदी टीम लक्षित घर और उससे सटे हुए घर की घेराबंदी करने की कोशिश कर रही थी, तभी एक संदिग्ध घर की बाउन्ड्री से गली में कूद गया और उसने वहां से भागने की कोशिश की। उसे रुकने के लिए कहा गया, लेकिन भाग रहे उस संदिग्ध ने घेराबंदी टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, हेड कांस्टेबल अब्दुल हमीद और सिपाही शीराज़ अहमद गनई सहित संयुक्त घेराबंदी टीम द्वारा प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की गई। आमने-सामने की बंदूक की लड़ाई के दौरान, एक आतंकवादी को ढेर कर दिया गया और दो अन्य आतंकवादियों के लक्षित भवन के अंदर मौजूद होने की आशंका थी। टोह लेने के लिए कई गोलियां दागी गईं, लेकिन लक्षित घर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। इस बीच, जब तलाशी चल रही थी, तब यह पाया गया कि एक आतंकवादी लक्षित घर की चिमनी में छिपा हुआ है। तुरंत, टीमों को सतर्क कर दिया गया और उसे आत्मसमर्पण करने के लिए घोषणा की गई, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई और काफी मशक्कत के बाद चतुराई से एक आतंकवादी को हथियारों/गोला-बारूद के साथ पकड़ लिया गया, जिसकी पहचान बाद में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन के साहिल रमजान डार उर्फ उमर, पुत्र मोहम्मद रमजान डार, निवासी बेमनीपोरा शोपियां के रूप में की गई और एक आतंकवादी का सफाया कर दिया गया, जिसकी पहचान लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन के मुर्तजा रसूल डार, पुत्र गुलाम रसूल डार, निवासी संबूरा पुलवामा के रूप में की गई। मारे/पकड़े गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन शोपियां में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18 एवं 20 के तहत एक मामलागत एफआईआर संख्या 178/2021 दर्ज है और जांच की जा रही है।

हेड कांस्टेबल अब्दुल हमीद और सिपाही शीराज़ अहमद गनई, जिन्होंने आतंकवादियों से दक्षतापूर्वक और बुद्धिमानी के साथ लड़ाई लड़ी और खुद को अत्यधिक जोखिम में डाल दिया, द्वारा प्रदर्शित पेशेवरता और उत्कृष्ट साहस उल्लेखनीय था तथा अत्यंत प्रतिकूल स्थिति में लक्ष्य तक पहुंचने का उनका प्रयास वास्तव में वीरतापूर्ण था। उन्होंने घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए साहस का प्रदर्शन किया। आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की पूरी कोशिश की, जिसमें वे बाल-बाल बच गए। तथापि, उन्होंने अपनी एकाग्रता को खोए बिना और सूझ-बूझ से बहादुरी के साथ लड़ाई लड़ी और उन आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया। ऐसी नाजुक स्थिति में ऑपरेशन स्थल पर मिशन को सुरक्षित तरीके से पूरा करना इस ऑपरेशन की प्रमुख विशेषता रही है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री अब्दुल हमीद, हेड कांस्टेबल और शीराज़ अहमद गनई, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25/06/2021 से दिया जाएगा।

फाइल संख्या-11020/1162/11/2022-(पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 48-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	शीजान भट	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	लतीफ अहमद गनई	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
3.	मोहम्मद रफीक डार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण 4प्रदान किया गया

दिनांक 18.07.2021 को, शोपियां जिले के चेक-ए-सिद्दीक खान गांव में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी की बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, गहन विचार-विमर्श के बाद, शोपियां पुलिस ने 34वीं आरआर और सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन के साथ मिलकर उक्त क्षेत्र में एक संयुक्त घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। योजना के अनुसार, श्री शीजान भट, पुलिस उपाधीक्षक डीएआर कुलगाम की कमान के तहत 34 आरआर की क्यूआरटी, सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन की क्यूआरटी और शोपियां पुलिस की क्यूआरटी वाला प्रारंभिक घेराबंदी दल, जिसमें निरीक्षक पीर गुलजार अहमद, सहायक उप निरीक्षक लतीफ अहमद गनई, हेड कांस्टेबल फारूक अहमद, एस.जी.सीटी अब्दुल माजिद,

एस.जी.सीटी पवन कुमार, एस.जी.सीटी कासिर अहमद, सिपाही चंदर पाल, सिपाही मुकेश कुमार, सिपाही मोहम्मद रफीक डार, एसपीओ एजाज अहमद जरगर, एसपीओ तनवीर अहमद, एसपीओ मदन मोहन सिंह और एसपीओ अहसान-उल-हक शामिल थे, बचकर भागने के सभी संभावित मार्गों को बंद करने के लिए उक्त गांव में पहुंच गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां छिपे हुए आतंकवादियों को बचकर भागने का कोई मौका न मिले। इस कार्रवाई के दौरान, गांव में सैन्य दस्तों की मौजूदगी का पता चलने पर गांव के शरारती तत्वों ने हिंसक प्रतिक्रिया की और उन्होंने सैन्य दस्तों पर भारी पत्थरबाजी शुरू कर दी। ऑपरेशनल कमांडर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व में 34 आरआर, सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन और शोपियां पुलिस के अतिरिक्त दल भी लक्षित गांव में पहुंच गए और उन्होंने पत्थरबाजों को लक्षित क्षेत्र से खदेड़ दिया तथा उक्त गांव की अच्छी तरह से घेराबंदी कर दी। पहुंचने के रास्तों पर कट-ऑफ पॉइंट लगा दिए गए और बीपी वाहनों को चतुराई से लक्ष्य के चारों ओर तैनात कर दिया गया। घेराबंदी के भीतर आतंकवादियों की मौजूदगी का पुष्टि की गई और घेराबंदी दल को सतर्क कर दिया गया।

एक मजबूत घेराबंदी करने के बाद, आतंकवादियों के लिए बार-बार घोषणाएं की गईं और उनसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन, ऐसा करने के बजाय उन्होंने घेराबंदी को तोड़ने के लिए घेराबंदी दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें संयुक्त एडवांस पार्टी बाल-बाल बच गई। तथापि, घेराबंदी दल ने तुरंत कवर ले लिया और प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की तथा आतंकवादियों के बचकर भागने के प्रयास को विफल कर दिया। भारी गोलाबारी के बीच, एक आतंकवादी ने बचकर भागने का प्रयास किया और वह घर से कूद गया। उसने घेराबंदी को तोड़ने और बचकर भागने के लिए आंतरिक घेरे में तैनात संयुक्त सैन्य दस्तों की ओर भागने का प्रयास किया और गोलीबारी करता रहा। संयुक्त घेराबंदी दलों ने प्रभावी ढंग से गोलीबारी का जवाब दिया और एक आतंकवादी को मौके पर ही मार गिराया। यह देखा गया कि कुछ परिवार घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंस गए हैं। अपनी ओर किसी भी प्रकार की क्षति से बचने के लिए संयुक्त सैन्य दस्ते स्वेच्छा से निकासी के लिए आगे आए और वे दूसरी टीम द्वारा प्रदान की गई कवर गोलीबारी की सहायता से कुछ ही प्रयासों में सटे हुए घरों से आम नागरिकों के परिवारों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सफल रहे।

घेराबंदी वाले क्षेत्र में छिपे हुए अन्य आतंकवादियों की तलाश शुरू की गई, लेकिन अंधेरे में ठीक से दिखाई न देने के कारण, अगले दिन उजाला होने तक इंतजार करने का निर्णय लिया गया और तलाशी रोक दी गई तथा घेराबंदी को और मजबूत कर दिया गया। कानून और व्यवस्था की अधिक समस्या के मद्देनजर, सीआरपीएफ/पुलिस की अतिरिक्त टुकड़ियों को शामिल किया गया और उन्हें रणनीतिक स्थानों पर तैनात कर दिया गया।

अगले दिन उजाला होते ही, लक्षित घर पर ध्यान केंद्रित करके तलाशी तेज कर दी गई और दो आतंकवादियों के शव और उनके हथियार बरामद किए गए। लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन के मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में माजिद इकबाल भट, पुत्र मोहम्मद इकबाल भट, निवासी मालीबाग इमामसाहिब, शोपियां और इश्फाक अहमद डार, पुत्र अब्दुल रशीद डार, निवासी हेफ-शिरमल जैनापोरा, शोपियां के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन इमामसाहिब में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16 एवं 20 के तहत एक मामलागत एफआईआर संख्या 41/2021 दर्ज है और जांच की जा रही है।

मारे गए आतंकवादी शोपियां जिले में सक्रिय थे और उन्होंने इस जिले की आम जनता और मुख्यधारा के नेताओं के बीच आतंक का राज फैला रखा था। ये आतंकवादी विभिन्न विध्वंसक गतिविधियों में शामिल थे और जनता, वीआईपी, सुरक्षा बलों और पुलिस के लिए बड़ा खतरा थे। इन 02 आतंकवादियों का सफाया लश्कर-ए-तैयबा संगठन के लिए बड़ा झटका है।

आम जनता ने इस ऑपरेशन में पुलिस द्वारा किए गए वीरतापूर्ण कार्य की सराहना की है। इन खूंखार आतंकवादियों के खात्मे से, सामान्य रूप से दक्षिण कश्मीर रेंज में भीतर और विशेष रूप से शोपियां जिले में आतंकवादी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

श्री शीजान भट, पुलिस उपाधीक्षक डीएआर कुलगाम, सहायक उप निरीक्षक लतीफ अहमद गनई, सिपाही मोहम्मद रफीक डार तथा अन्य कार्मिकों, जिन्होंने अपने बहुमूल्य जीवन की परवाह किए बिना दक्षतापूर्वक और बुद्धिमानी से आतंकवादियों से लड़ाई लड़ी, द्वारा प्रदर्शित पेशेवरता और उत्कृष्ट साहस उल्लेखनीय था तथा अत्यंत प्रतिकूल स्थिति में लक्ष्य तक पहुंचने का उनका प्रयास वास्तव में वीरतापूर्ण था। उन्होंने साहस का प्रदर्शन किया और घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे हुए आम नागरिकों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और इस तरह सूझ-बूझ तथा अच्छी पुलिस व्यवस्था से आम नागरिकों को हताहत होने से बचाया। आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की पूरी कोशिश की, जिसमें वे सभी बाल-बाल बच गए। तथापि, उन्होंने अपनी एकाग्रता को खोए बिना और सूझ-बूझ से बहादुरी के साथ लड़ाई लड़ी और आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री शीजान भट, पुलिस उपाधीक्षक, लतीफ अहमद गनई, सहायक उप निरीक्षक और मोहम्मद रफीक डार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18/07/2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1164/11/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 49-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	खालिद फैयाज मठ	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	मोहम्मद यूसुफ मलिक	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	वीरेंद्र मन्हास	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18/19.02.2021 को, गांव होम्हुना-शकरीपोरा शोपियां में 3/4 आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। उक्त गाँव आतंकवाद की दृष्टि से बहुत संवेदनशील था और ऐसे क्षेत्र में ऑपरेशन चलाना पुलिस/सुरक्षा बलों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। उक्त सूचना को 44 आरआर और सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन के साथ साझा किया गया और विभिन्न दिशाओं से संयुक्त घेराबंदी करने का निर्णय लिया गया। लक्षित क्षेत्र में पहुंचने के बाद, संयुक्त सैन्य दलों ने रणनीतिक दृष्टि से तत्काल पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। इसके बाद, पुलिस की टीम का गठन किया गया, जिसमें निरीक्षक खालिद फैयाज मठ, सहायक उप निरीक्षक मो. यूसुफ मलिक और सिपाही वीरेंद्र मन्हास तथा अन्य कार्मिक शामिल थे और उसने घरों की तलाशी शुरू कर दी। एक मंजिल वाले एक मकान की तलाशी के दौरान, तीन खूंखार आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि हुई। यह भी देखा गया कि आतंकवादियों ने मकान मालिक के बच्चों को बंधक बना लिया है। इस बीच, श्री अतुल कुमार गोयल-आईपीएस, तत्कालीन पुलिस उप महानिरीक्षक एसकेआर अनंतनाग ने अपर पुलिस अधीक्षक शोपियां, एसडीपीओ जैनपोरा तथा एसएचओ पुलिस स्टेशन जैनपोरा के साथ स्थिति का जायजा लिया और बचकर भागने की जगहों/संवेदनशील स्थानों को बंद कर दिया।

इस बीच, लक्षित घर में छिपे हुए आतंकवादियों ने ऑपरेशनल दलों की गतिविधि को भांपते हुए अपने अवैध स्वचालित हथियारों से उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। ऑपरेशनल दलों ने भी तुरंत कवर ले लिया और साहस के साथ जवाबी कार्रवाई की, जिससे वहां पर बंदूक की भीषण लड़ाई शुरू हो गई। ऑपरेशनल कमांडर श्री अतुल कुमार गोयल-आईपीएस के नेतृत्व वाले उपर्युक्त घेराबंदी दलों ने बंधक बनाए गए बच्चों को बाहर निकालने की जिम्मेदारी ले ली। कई प्रयासों के बाद, वे बंधक बनाए गए बच्चों को छुड़ाने में सफल रहे और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया।

इसके बाद, वहां छिपे हुए आतंकवादियों के खात्मे हेतु अंतिम हमला करने के लिए श्री अतुल कुमार गोयल-आईपीएस की समग्र कमान के तहत पुलिस, 44 आरआर की क्यूआरटी और सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन की दो संयुक्त टीमों का गठन किया गया। अंतिम हमला शुरू करने से पहले, घिरे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया और इसके बजाय उन्होंने सुरक्षा बलों की ओर भारी गोलीबारी शुरू कर दी और ग्रेनेड फेंके, जिसके परिणामस्वरूप 44 आरआर राजपूत के एक जवान नामत: नायक अजय कुमार गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें संयुक्त सैन्य दलों की मदद से तुरंत घटना स्थल से बाहर निकाला गया और विशेष उपचार के लिए 92 बेस अस्पताल श्रीनगर में स्थानांतरित कर दिया गया।

चूंकि लक्षित घर गांव के भीतर सड़क के पास स्थित था और दुकानों तथा घरों से घिरा हुआ था, इसलिए आंतरिक घेराबंदी को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। हुमुना-बडिगाम रोड के आगे सड़क पर पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों को भी आंतरिक घेराबंदी में तैनात कर दिया गया। शेष क्षेत्र को 44 आरआर तथा पीसी जैनपोरा और पीसी इमामसाहिब की क्यूआरटी द्वारा कवर किया गया। आधी रात में अंधेरा होने के कारण, आतंकवादियों की स्थिति का पता नहीं चल पा रहा था, इसलिए ऑपरेशन को रोकने और उजाला होने तक प्रतीक्षा करने का निर्णय लिया गया। अगले दिन दिनांक 19.02.2021 को लगभग 0400 बजे, कानून और व्यवस्था संबंधी स्थिति की आशंका को ध्यान में रखते हुए, कानून और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उपयुक्त स्थानों पर कट-ऑफ पॉइंट स्थापित किए गए। आतंकवादियों का खात्मा करने के लिए, उपर्युक्त टीमें लक्ष्य की ओर आगे बढ़ीं और 44 आरआर तथा सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन के कार्मिकों ने लक्षित क्षेत्र के उत्तर पश्चिम की तरफ पोजीशन ले ली। अचानक एक आतंकवादी लक्षित घर से बाहर आया और उसने लक्ष्य के उत्तर-पूर्वी दिशा में तैनात संयुक्त दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और वहां से बचकर भागने की कोशिश की। लेकिन, सतर्क सैनिकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अपने-अपने स्थान से बाहर झांकते हुए, वहां से भाग रहे आतंकवादी पर भारी गोलीबारी की और वे बंदूक की भीषण लड़ाई के बाद उसे मार गिराने में सफल रहे।

कुछ समय बाद, क्रॉस फायरिंग के कारण घर में आग लग गई, जिसके परिणामस्वरूप छिपे हुए दो आतंकवादी घर से बाहर आ गए और उन्होंने उस लक्षित घर से भागने के प्रयास में संयुक्त सैन्य दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी, जहां पुलिस, 44 आरआर और सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन के संयुक्त सैन्य दल मौके का इंतजार कर रहे थे और उन्होंने सामने से बड़े साहस के साथ जवाबी कार्रवाई की। इसके बाद कुछ देर तक चली आमने-सामने की बंदूक की लड़ाई में, टीमों के निरंतर प्रयास से दो और खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया। कुछ देर की शांति के बाद लगभग 0930 बजे, रक्षात्मक गियर के साथ एक छोटी संयुक्त टीम लक्षित घर की ओर बढ़ी और उस घर तथा उसके आस-पास के क्षेत्र की तलाशी ली, लेकिन वहां कोई और आतंकवादी नहीं मिला और क्षेत्र को खाली कर दिया गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में अल-बद्र संगठन के सुहैल अहमद शेख, पुत्र अब्दुल गनी शेख, निवासी तुर्कावंगम, अल-बद्र संगठन के शाहिद अहमद डार, पुत्र बशीर अहमद

डार, निवासी संबूरा पंपोर पुलवामा और अल-बद्र संगठन के मुदासिर अहमद वागे, पुत्र मोहम्मद रमजान वागे, निवासी चेक संगठन इमामसाहिब शोपियां के रूप में की गई, जिनके नाम विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज अनेक एफआईआर में शामिल थे। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। इस संबंध में आगे जांच के लिए, पुलिस स्टेशन जैनपोरा में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 19, 20, 38 एवं 39 के तहत एक मामलागत एफआईआर संख्या 11/2021 दर्ज है। इन खूंखार आतंकवादियों के खात्मे से सामान्य रूप से दक्षिण कश्मीर रेंज में और विशेष रूप से शोपियां जिले में आतंकवादी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री खालिद फैयाज मठ, निरीक्षक, मोहम्मद यूसुफ मलिक, सहायक उप निरीक्षक और वीरेंद्र मन्हास, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18/02/2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1152/11/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 50-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, झारखण्ड के निम्नलिखित पुलिस कार्मिक को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री अर्जुन कुमार सिंह	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक-11.09.2017 को गुप्त सूचना मिली कि पी.एल.एफ.आई. उग्रवादी संगठन का एरिया कमाण्डर सालु बुढ़ अपने दस्ता के सदस्यों जिसमें तीन-चार महिलायें भी थीं, के साथ रनिया एवं गुदड़ी थाना के सीमावर्ती क्षेत्र में लोक सुरक्षा को बाधित करने तथा लेवी वसूलने हेतु कई दिनों से भ्रमणशील है, जिसके आधार पर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा, पुलिस अधीक्षक, खूँटी एवं सी.आर.पी.एफ.-94 बटा. के समादेष्टा द्वारा एक टीम का गठन किया गया, जिसमें सहायक समादेष्टा, श्री प्रहलाद सहाय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें चाईबासा जिला पुलिस के स0अ0नि0 अर्जुन कुमार सिंह (सौदे कैम्प) उक्त अभियान टीम में शामिल थे। अभियान टीम जब ग्राम बान्दु टोला झरियागढ़ पहाड़ में सर्च करते हुये पहाड़ से उतर रहे थे कि समय करीब 6.20 बजे पी.एल.एफ.आई. के एरिया कमाण्डर सालो बुढ़ एवं उसके दस्ता के करीब 20 सदस्य, जिसमें तीन-चार लड़कियां भी थी, पुलिस बल को लक्षित कर अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। पुलिस बल के नेतृत्वकर्ता श्री प्रहलाद सहाय द्वारा चिल्लाकर बोला गया कि हम पुलिस वाले हैं, परन्तु फिर भी उधर से फायरिंग बंद नहीं हुआ। तदोपरांत सहायक समादेष्टा श्री प्रहलाद सहाय द्वारा बार-बार चेतावनी देने के बावजूद भी उग्रवादियों द्वारा फायरिंग बंद नहीं की गयी। जिसके उपरांत, श्री सहाय द्वारा भी पुलिस बल को आत्मरक्षार्थ एवं पुलिस बल की क्षति को रोकने हेतु जवाबी फायरिंग की जाने लगी तथा लगभग आधा घंटा तक फायरिंग चलती रही, जिसमें श्री सहाय स.अ.नि. श्री अर्जुन कुमार सिंह, श्री अखिलेश पाण्डेय एवं सत्येंन्द्र कुमार काफी साहस एवं वीरता को परिचय देते हुये फायरिंग करते हुये आगे बढ़ रहे थे। पुलिस बल को भारी पड़ते देख उग्रवादी जंगल एवं पहाड़ का फायदा उठाते हुये भाग खड़े हुये। उग्रवादियों की तरफ से फायरिंग बंद होने के बाद पुलिस बल सर्च अभियान चलाते हुए आगे बढ़ी ते जंगल में 50 गज की दूरी पर एक पुरुष जिसके पास 9 एम.एम का कारबाईन मशीनगन एवं एक महिला उग्रवादी जिसके पास डी.बी.बी.एल. गन था तथा दोनों मृत अवस्था में पड़े हुये थे।

इस ऑपरेशन में, श्री अर्जुन कुमार सिंह, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12/09/2017 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1147/12/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 51-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, झारखण्ड के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	विपुल पाण्डेय	अपर पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	रमेन्द्र कुमार	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

यह घटना दिनांक 04.04.2018 को झारखंड राज्य के लातेहार जिले में हेरहंज पुलिस स्टेशन के तहत भरगाँव-सिकिद वन क्षेत्र में "कौवाखोह नाला" में पुलिस टीम और सीपीआई (माओवादी) के खूंखार उग्रवादियों के बीच हुई घातक और भयंकर मुठभेड़ के संदर्भ में है, जिसमें सीपीआई (माओवादी) के 5 उप-क्षेत्रीय कमांडर मारे गए थे। यहां यह उल्लेख करना उचित है कि झारखंड का लातेहार जिला सीपीआई (माओवादी) के लिए झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ में अपनी पकड़ बनाने के लिए रणनीतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उत्तरी लातेहार एक ऐसा क्षेत्र है, जो नक्सली नेताओं को बिहार की ओर आने-जाने का रास्ता प्रदान करता है और वे सरकार और सुरक्षा बलों के खिलाफ बैठकें करने और अपनी भावी रणनीति बनाने के लिए वहां आते-जाते रहते हैं।

दिनांक 03.04.2018 को, मनिका-हेरहंज-लातेहार पुलिस स्टेशन से सटे वन क्षेत्र में सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्र समूह की आवाजाही के संबंध में मानवीय और साथ ही तकनीकी जानकारी प्राप्त हुई। तदनुसार, एक ऑपरेशन "खिराखंड" शुरू किया गया, जिसमें कोबरा 203 की 2 टीमें, सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन की 2 टीमें, झारखंड जगुआर के असॉल्ट ग्रुप संख्या 3 और 34 तथा विपुल पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) लातेहार, उप निरीक्षक सनोज चौधरी, ओसी हेरहंज पुलिस स्टेशन, 1 सहायक उप निरीक्षक और 4 सिपाहियों वाली पुलिस टीम शामिल थी। सभी छह टीमों को नक्सलियों को खोजने और मार गिराने के लिए 6 अलग-अलग क्षेत्र सौंपे गए। श्री रमेन्द्र, पुलिस उपाधीक्षक की कमान में टीम-5, जिसमें झारखण्ड जगुआर का असॉल्ट ग्रुप-3 शामिल था और श्री विपुल पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन की समग्र कमान में पुलिस कार्मिकों की टीम-6, जिसमें उप निरीक्षक सनोज चौधरी ओसी हेरहंज शामिल थे, को सिकिद पीएफ और भरगांव पीएफ के बीच वाले नाले की तलाशी करने का कार्य सौंपा गया। ऑपरेशन टीम दिनांक 03.04.2018 को 1900 बजे अपने निर्धारित क्षेत्र के लिए रवाना हुई और लगभग 2300 बजे सिकिद वन क्षेत्र में पहुंच गई और वन क्षेत्र में ठहर गई। अगली सुबह अर्थात दिनांक 04.04.2018 को लगभग 0600 बजे टीम, योजना के अनुसार, अपने निर्धारित क्षेत्र की तलाशी और कांबिंग के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ी। कुछ दूरी तक आगे बढ़ने के बाद, श्री विपुल पाण्डेय ने बेहतर नियंत्रण और तलाशी हेतु टीम को दो भागों में विभाजित करने के लिए श्री रमेन्द्र, असॉल्ट ग्रुप-3 के कमांडर और अन्य उप-समूह के कमांडरों के साथ चर्चा की और सहायक उप निरीक्षक अभिशेष कुमार की कमान के तहत असॉल्ट ग्रुप के सेक्शन संख्या 3 को मिड रिज पर भेजने और शेष टीम को नाले की तलाशी करने का कार्य सौंपने का निर्णय लिया गया। आगे बढ़ते समय, विपुल पाण्डेय ने नाले में पानी जमा करने के लिए 2-3 जगह ताजी खोदी गई मिट्टी देखी। उन्होंने तुरंत सैन्य दल को सतर्क कर दिया तथा उन्हें और चौकन्ना रहने का निदेश दिया। टीम चतुराई से आगे बढ़ती रही तथा कुछ मिनटों के बाद फिर से विपुल पाण्डेय को रेडियो सेट में व्यवधान की आवाज सुनाई दी और उन्होंने फिर से सैन्य दल को सतर्क कर दिया तथा असॉल्ट ग्रुप के कमांडर श्री रमेन्द्र को मिड रिज में चल रहे सेक्शन को सतर्क करने के लिए कहा। लगभग 0700 बजे जब टीम पूर्व दिशा में रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रही थी, तभी अचानक मिड रिज पर चल रहे सेक्शन संख्या-3 और साथ ही नाले में चल रही टीम पर गोलियों की भारी बौछार हुई। गोलीबारी अंधाधुंध थी और पुलिस बल को निशाना बनाकर की गई थी। श्री विपुल पाण्डेय और श्री रमेन्द्र ने सशस्त्र माओवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने इसका जवाब भारी गोलीबारी करके दिया। इसके बाद, पूरे दल को उनकी दिशा में नियंत्रित गोलीबारी करने का आदेश दिया गया। माओवादी मिड रिज पर चल रहे सेक्शन-3 पर भारी गोलीबारी कर रहे थे, लेकिन स्काउट में मौजूद सहायक उप निरीक्षक अभिशेष कुमार, सिपाही मनोज कुमार बावरी और सिपाही मिथुन कुमार रवि ने बहादुरी से जवाबी कार्रवाई की और उन्हें रोके रखा। श्री विपुल पाण्डेय ने यह भांपते हुए कि माओवादी सेक्शन संख्या-3 को घेरने की कोशिश कर रहे हैं, तुरंत एक छोटी सी टीम बनाई, जिसमें असॉल्ट ग्रुप-3 के कमांडर श्री रमेन्द्र, उप निरीक्षक सनोज चौधरी, सिपाही अनोज ओझा, सिपाही मनीष राज वार, सिपाही नरेश टिग्गा तथा सिपाही छोटू यादव शामिल थे और वे सेक्शन संख्या-3 की ओर बढ़े, जो नक्सलियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी में फंसी हुई थी। यह दल गोलीबारी करके आगे बढ़ने की रणनीति अपनाते हुए तथा जमीन का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए ऊंचाई की ओर बढ़ा और उनके आगे बढ़ने के दौरान कुछ नक्सलियों, जिन्होंने नीचे की ओर सूखे नाले में रक्षात्मक पोजीशन ले रखी थी, ने उन पर भारी गोलीबारी की। लेकिन धैर्य, सामंजस्य और दृढ़ संकल्प के साथ तथा अपनी जान की परवाह किए बिना, यह टीम जो भी कवर उपलब्ध था, उसी के साथ भारी गोलाबारी के बीच फंसे सेक्शन संख्या-3 की सहायता करने के लिए आगे बढ़ती रही। शीघ्र ही इस दल ने माओवादियों को दाहिनी ओर से घेर लिया और उन्हें करारा जवाब दिया तथा कड़ी जवाबी कार्रवाई की। सैन्य दलों की इस साहसिक कार्रवाई ने माओवादियों को रक्षात्मक होने के लिए विवश कर दिया। चूंकि माओवादी बैक फुट पर थे, इसलिए यह जवाबी हमला शुरू करने का सबसे अच्छा समय था और श्री विपुल पाण्डेय तथा श्री रमेन्द्र ने सैन्य दल को पुन: संगठित किया और भयावह गोलीबारी के सामने निर्भीक वीरता का प्रदर्शन करते हुए तथा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, वहां से भाग रहे माओवादियों का तेजी से पीछा किया। उन्होंने भारी गोलीबारी की क्षमता का इस्तेमाल किया और गोलीबारी करके आगे बढ़ने की रणनीति अपनाते हुए रणनीतिक रूप से जंगल के अंदर आगे बढ़े। अंतत:, सैन्य दलों की अत्यधिक आक्रामकता और जवाबी हमले को भांपते हुए, माओवादी घने जंगल की आड़ लेकर भारी मात्रा में विस्फोटक, हथियारों और

गोला-बारूद को पीछे छोड़कर वहां से भाग गए। मुठभेड़ लगभग 03 घंटे तक चली। श्री विपुल पाण्डेय तथा श्री रमेन्द्र ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी और संकट के समय में अनुकरणीय स्तर के समन्वय और सामंजस्य का प्रदर्शन किया तथा सैन्य दलों में असाधारण वीरता का संचार किया। उन्होंने माओवादियों द्वारा की गई भारी गोलीबारी के बीच अपनी जान की परवाह किए बिना निर्भीक वीरता का प्रदर्शन किया और उनकी आक्रामक कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब दिया। संकट के समय अच्छी तरह से समन्वित योजना, त्रुटिरहित निष्पादन और अनुकरणीय सामंजस्य, टीम के कमांडरों और उनकी टीम की वीरतापूर्ण और जोरदार कार्रवाई के परिणामस्वरूप सीपीआई (माओवादी) के कोयल शंख जोन के 5 खूंखार सब जोनल कमांडर नामत: श्रवण यादव उर्फ योगेंद्र यादव, मदन यादव उर्फ मजनू, शिवपाल यादव, आशीष यादव उर्फ राजेश और नरसिंह यादव मारे गए।

एके 56 और इंसास राइफल जैसे अत्याधुनिक हथियारों के अलावा, गोला-बारूद का बड़ा जखीरा भी बरामद किया गया। इन खूंखार उग्रवादियों ने आतंक का माहौल बना रखा था और उत्तरी लातेहार क्षेत्र में इनकी मजबूत पकड़ थी। उनकी मौत से उत्तरी लातेहार में अमन और चैन स्थापित हुआ तथा उस क्षेत्र में माओवादियों का समर्थन आधार लगभग समाप्त हो गया है। इस प्रकार, नेतृत्व के अभाव में शीर्ष माओवादी कमांडर उत्तरी लातेहार उप क्षेत्र (कोयल शंख जोन) का सीपीआई (माओवादी) की मध्य क्षेत्र समिति में विलय करने के लिए मजबूर हो गए, जो कोयल शंख जोन समिति की चौथी बैठक से संबंधित जब्त नक्सली साहित्य से स्पष्ट है। बाद में, उस मुठभेड़ में घायल हुए एक और उप-जोनल कमांडर बीरेंद्र उर्फ शंकर ने भी आत्मसमर्पण कर दिया। हेरहंज पुलिस स्टेशन में, आईपीसी की धारा 147/148/149/342/353/307, आयुध अधिनियम की धारा 25(1-क) (1-ख)क/26/27/35, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13/18/20 और दंड प्रक्रिया (संशोधन) अधिनियम की धारा 17(i)(ii) के तहत दर्ज दिनांक 04.04.2018 की मामलागत एफआईआर संख्या 14/18 में इस वीरतापूर्ण घटना के बारे में विस्तार से उल्लेख किया गया है। यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि भीषण मुठभेड़ में मारे गए पांच खूंखार उग्रवादियों में से, तीन उग्रवादियों पर झारखंड सरकार ने जिंदा या मुर्दा पकड़ने पर पांच लाख रुपये के नकद इनाम (प्रत्येक पर) की घोषणा की थी।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री विपुल पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक और रमेन्द्र कुमार, पुलिस उपाधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04/04/2018 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1217/12/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 52-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, झारखण्ड के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	बृज कुमार	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	जॉन मुर्मू	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3.	सत्येन्द्र कुमार सिंह	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	अरविन्द मिंज	हवलदार	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	नवनीत नवल	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

यह घटना दिनांक 12 मई, 2018 को जलडेगा पुलिस स्टेशन के बांसजोर ओपी क्षेत्र में सिहरजोर पाहन टोली के दूरस्थ, पहाड़ी और घने वन क्षेत्र में पुलिस टीम और पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के खूंखार उग्रवादियों, लूथर डांग उर्फ पांडु तथा उसके दस्ता सदस्यों के बीच हुई घातक और भीषण मुठभेड़ से संबंधित है।

दिनांक 11 मई, 2018 को लगभग आधी रात में, पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा को सिहरजोर पाहन टोली के इलाके में प्रतिबंधित पीएलएफआई के सबसे अधिक सक्रिय और उग्र नेताओं तथा सदस्यों के एकत्र होने के बारे में एक खुफिया सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना के आधार पर, 02 कट ऑफ दल और उप निरीक्षक बृज कुमार के नेतृत्व में 01 मुख्य छापेमारी दल सहित 03 दल गठित किए गए। लगभग 03:00 बजे, जब उप निरीक्षक बृज कुमार के नेतृत्व में छापा मारने वाली पुलिस टीम उग्रवादियों के एकत्र होने के स्थान अर्थात सिहरजोर पाहन टोली (बांसजोर) के वन क्षेत्र के समीप पहुंची, तो अचानक उग्रवादी वहां आ गए और उन्होंने पेड़ों की आड़ लेकर छापा मारने वाले दल, जिसमें उप

निरीक्षक बृज कुमार, उप निरीक्षक जॉन मुर्मू, उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह, हवलदार अरविन्द मिंज और सिपाही नवनीत नवल शामिल थे, पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। तुरंत ही, उप निरीक्षक बृज कुमार ने अपने साथियों को गोलीबारी कर रहे पीएलएफआई के सदस्यों के विरूद्ध पोजीशन लेने का आदेश दिया और उग्रवादियों को गोलीबारी बंद करने तथा पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। चेतावनी पर ध्यान दिए बिना, उग्रवादियों ने पुलिस दल को निशाना बनाते हुए गोलीबारी करना जारी रखा। अब पुलिस के हथियारों और पुलिस कर्मियों की जान को बचाने के लिए, उप निरीक्षक बृज कुमार ने पुलिस दल को गोलीबारी शुरू करने और पीएलएफआई के सदस्यों के विरूद्ध जवाबी हमला करने का आदेश दिया। उन्होंने दो पुलिस दलों का गठन किया। उनके नेतृत्व में पहला दल, जिसमें उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह, हवलदार अरविन्द मिंज और सिपाही नवनीत नवल शामिल थे, उग्रवादियों की भीषण गोलीबारी के बीच, अपनी जान को खतरे में डालकर, साहस के साथ लड़ा और रेंगते हुए बाईं ओर आगे बढ़ा, जहां नक्सलियों ने पहले से ही पोजीशन ले रखी थी और उन पर जवाबी हमला किया। उप निरीक्षक जॉन मुर्मू के नेतृत्व में दूसरा दल और जेएपी-4 के पुलिस कार्मिक रेंगते हुए दाहिनी ओर आगे बढ़े और उन्होंने उग्रवादियों पर गोलीबारी शुरू कर दी तथा उप निरीक्षक बृज कुमार के नेतृत्व वाले दल ने उग्रवादियों को घेरना शुरू कर दिया। दोनों तरफ से हमला होते देखकर, नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। संख्या कम होने के बावजूद, पुलिस दलों ने अदम्य साहस का परिचय दिया और नक्सली दस्तों पर गोलीबारी करते हुए निडर होकर लड़ाई लड़ी तथा उग्रवादियों के हमले को तोड़ दिया और उन्हें पीछे हटने पर विवश कर दिया। उप निरीक्षक बृज कुमार, उप निरीक्षक जॉन मुर्मू, उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह, हवलदार अरविन्द मिंज तथा सिपाही नवनीत नवल ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया। उप निरीक्षक बृज कुमार ने उग्रवादियों को घेरने तथा उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर करने में अनुकरणीय नेतृत्व और विशिष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। गोलीबारी 15-20 मिनट तक चली।

इसके बाद, एक तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें 01 शव (जिसकी पहचान बाद में लूथर डांग उर्फ पांडु के रूप में हुई) तथा एक एके-47 असॉल्ट राइफल, एक कार्बाइन और तीन अन्य राइफलों सहित भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और रसद सामग्री (जब्ती ज्ञापन के अनुसार) बरामद की गई। पीएलएफआई संगठन के दो घायल सशस्त्र सदस्यों को भी उनके हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री बृज कुमार, उप निरीक्षक, जॉन मुर्मू, उप निरीक्षक, सत्येन्द्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक, अरविन्द मिंज, हवलदार और नवनीत नवल, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12/05/2018 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/1223/12/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 53-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, झारखंड के निम्नलिखित पुलिस कार्मिक को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री अर्जुन कुमार सिंह	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सीपीआई (माओवादी) और पीपल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) जैसे एलडब्ल्यूई स्प्लिन्टर समूहों, जिनमें से दोनों विधिविरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रतिबंधित संगठन हैं, के लिए झारखंड राज्य एक प्रमुख और रणनीतिक महत्व का स्थान रहा है। खूंटी झारखंड के साथ-साथ भारत में सबसे अधिक नक्सल प्रभावित जिलों में से एक है। खूंटी ऐसे जिलों से घिरा हुआ है, जिनमें पहाड़ी क्षेत्र, असमतल ढलानें, खड़ी चट्टानें, अत्यधिक दूर दिखाई देने वाले स्थान, टूटी-फूटी जमीन वाले भूभाग सहित घने जंगल स्थित हैं और ये जिले नक्सल प्रभावित भी हैं। यहां के अधिकतर निवासियों को या तो नक्सलवादियों की सहायता करने के लिए मजबूर किया जाता है अथवा वे नक्सलवादियों के प्रति सहानुभूति रखते हैं, जिससे ऐसे क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों का कार्य अत्यधिक कठिन और चुनौतीपूर्ण हो जाता है। वहां ऐसे अनेक क्षेत्र हैं, जहां नक्सलवादी संगठन बैठकें आयोजित करते हैं, शिविर चलाते हैं, प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, भर्तियां आयोजित करते हैं और सुरक्षा बलों तथा विकासात्मक कार्यों के विरुद्ध हिंसक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। पीएलएफआई का इस जिले में विस्तृत नेटवर्क और कैडर है। हाल के दिनों में खूंटी जिले में पीएलएफआई कैडरों द्वारा अनेक नृशंस और हिंसक गतिविधियां को अंजाम दिया गया है।

दिनांक 20 दिसम्बर, 2020 को, पुलिस अधीक्षक खूंटी को इस आशय की एक विश्वसनीय और कार्रवाई योग्य सूचना प्राप्त हुई कि पीएलएफआई के सशस्त्र कैडरों का एक समूह मुर्हू और तपकारा पुलिस स्टेशन के क्षेत्र के आस-पास की पहाड़ियों और जंगलों में घूम रहा है। उन्होंने इसके बारे में तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक, खूंटी और सीआरपीएफ 94 बटालियन, खूंटी के अधिकारियों को सूचित किया। उन्होंने उप निरीक्षक अर्जुन कुमार सिंह के साथ एक ऑपरेशन शुरू करने की योजना बनाई, क्योंकि उन्होंने उस क्षेत्र में काफी काम किया था और उन्हें उस इलाके की

अच्छी जानकारी थी। यह योजना मुख्य रूप से यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित थी कि सिविलियन क्षेत्रों में और उसके आस-पास नक्सलवादियों की गतिविधि का पता लगाने और उनकी तलाश करने में कोई चूक न हो। उक्त ऑपरेशन में शामिल सभी कार्मिकों को उपयुक्त ढंग से जानकारी प्रदान की गई। जिला पुलिस और सीआरपीएफ के जवान दिनांक 20.12.2020 की रात में खूंटी से रवाना हुए और दिनांक 21.12.2020 की सुबह धुतका टोली टोंगरी में पहुंच गए। चूंकि, पीएलएफआई का एक बहुत प्रभावशाली नेटवर्क है और उसे सुरक्षा बलों की प्रत्येक गतिविधि का पता चल जाता है, इसलिए पूर्ण गोपनीयता बनाए रखी गई, क्योंकि उन्हें उस इलाके, उसकी भौगोलिक स्थिति और उक्त क्षेत्र के आस-पास रहने वाले लोगों के बारे में अच्छी जानकारी थी। सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ-साथ उप निरीक्षक अर्जुन कुमार सिंह नजर में आए बिना कुशलतापूर्वक लक्षित क्षेत्र तक पहुंचने में सफल हो गए। इस ऑपरेशन की योजना इस प्रकार से तैयार गई थी कि निर्धारित सामान्य क्षेत्र तक सुबह होने से पहले पहुंचा जा सके। जब सीआरपीएफ और खूंटी पुलिस की संयुक्त टीम संभावित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ रही थी, तब उन पर अचानक स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की गई। अन्य अधिकारियों के साथ उप निरीक्षक अर्जुन कुमार सिंह ने अनुकरणीय सूझ-बूझ का प्रदर्शन करते हुए, टीम के कार्मिकों को तत्काल पेड़ों और चट्टानों के पीछे कवर लेने का आदेश दिया। उसके बाद इन अधिकारियों ने नक्सलवादियों से गोलीबारी बंद करने के लिए कहा। परंतु चेतावनियों की ओर ध्यान देने के बजाय, नक्सलवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। स्थिति का आकलन करने के बाद, सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ परामर्श करके उप निरीक्षक अर्जुन कुमार सिंह रेंगते हुए उस क्षेत्र की ओर आगे बढ़े, जिसमें पीएलएफआई के उग्रवादी छिपे हुए थे। वे सीआरपीएफ के अधिकारियों और अन्य कार्मिकों के साथ, गोलीबारी की मदद से, आगे बढ़े और पीएलएफआई विद्रोहियों की भारी गोलीबारी के बावजूद आगे बढ़ते रहे। यह कार्य अत्यधिक खतरनाक था, परन्तु उस समय इसकी नितांत आवश्यकता थी, क्योंकि नक्सलवादी पुलिस कर्मियों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे और उसके परिणामस्वरूप सुरक्षा बलों को भारी क्षति पहुंच सकती थी। उप निरीक्षक अर्जुन कुमार सिंह द्वारा समय पर की गई कार्रवाई और उनके द्वारा प्रदर्शित साहस की वजह से न केवल नक्सलवादियों को क्षति पहुंची, बल्कि इससे पुलिस कर्मियों की जान भी बच गई। दोनों तरफ से यह गोलीबारी लगभग 30 मिनट तक चली। तत्पश्चात गोलीबारी बंद हो गई। रणनीतिक प्रतीक्षा के बाद, उप निरीक्षक अर्जुन कुमार सिंह ने सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ अपनी टीम को उक्त क्षेत्र की घेराबंदी करने और मुठभेड़ स्थल की सावधानीपूर्वक तलाशी शुरू करने का आदेश दिया। मुठभेड़ के दौरान, उक्त अधिकारियों और उनकी टीम के सदस्यों को 01 पीएलएफआई नक्सलवादी का शव मिला। शेष पीएलएफआई नक्सलवादी घने जंगल और पहाड़ी तथा ऊबड़-खाबड़ भूभाग का लाभ उठाकर मुठभेड़ स्थल से भागने में सफल हो गए। पुलिस अधीक्षक, खूंटी अतिरिक्त सैन्य बल के साथ तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गए और उन्होंने बचकर भागने वाले पीएलएफआई कैडरों की गहन तलाश शुरू कर दी। सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी, कमान अधिकारी, मुर्हू भी मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गए और आवश्यक कार्यवाही की गई।

मुठभेड़ स्थल की गहन तलाशी के बाद, वहां से 01 शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान जिदान गुडिया, पुत्र बुधराम गुडिया, गांव- कोचा करंजटोली, पुलिस स्टेशन- तपकारा, जिला- खूंटी, झारखंड के रूप में की गई। इसके अलावा, मुठभेड़ स्थल से हथियारों, गोलाबारूद और अन्य उपयोगी वस्तुओं का एक बड़ा जखीरा जैसे कि 01 एके47, जिंदा कारतूस- (एके-47) 7.62x39एमएम- 87, मैगजीन- (एके-47)- 03, वायरलेस सेट- 02, मोबाइल फोन- 12, मोबाइल चार्जर- 05, सिम- 83, वायरलेस सेट चार्जर- 07, पिट्ठू- 02, कंबल- 08, चटाई- 04, नगदी- 27,050/- रु. (केवल सत्ताइस हजार पचास रुपये) भी बरामद किया गया। झारखंड सरकार ने जिदान गुडिया, जो कि 152 मामलों में भी वांछित था, पर 15 लाख रु. का इनाम घोषित कर रखा था।

इस ऑपरेशन में श्री अर्जुन कुमार सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21/12/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/1225/12/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 54-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	शिव कुमार मरावी	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	शेख रसीद	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

इस आशय की एक खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि विस्तार प्लाटून सं. 2 और खटिया मोचा दलम से संबंधित नक्सलवादियों की एक संयुक्त टीम गांव जैराशी, पुलिस स्टेशन बिरसा आने की योजना बना रही है। खुफिया जानकारी से यह पता चला कि नक्सलवादी भारी संख्या में एकत्र हुए हैं और वे नजदीकी गांवों के निर्दोष आम नागरिकों को पुलिस के मुखबिर बताकर उन्हें जान से मारने की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना से यह भी पता चला कि इस संयुक्त नक्सलवादी पार्टी में वे नक्सलवादी भी शामिल हैं, जिन्होंने दिनांक 06.11.2020 को बायहर के मालखेड़ी गांव में पुलिस पार्टी पर हमला किया था। हाल के दिनों में, पुलिस को इस आशय की भी खुफिया जानकारी प्राप्त हुई थी कि कुछ नक्सलवादी ग्रामीणों की वेशभूषा में गांव में आ रहे हैं और वे पुलिस बलों को अपनी घात में फंसाने के लिए यह संदेश चारों तरफ भेज रहे हैं। इस सूचना की पुष्टि करने के लिए, उप निरीक्षक शिव कुमार मरावी और सिपाही शेख रसीद को गांव जैराशी की ओर भेजा गया, जबकि सूचना की पुष्टि के आधार पर पुलिस स्टेशन बिरसा के एसएचओ श्री भरत नोटिया और विशेष ऑपरेशन समूह (एसओजी) हॉक फोर्स-बिरसा को रणनीतिक तैनाती हेतु स्टैंडबॉय पर रखा गया।

उप निरीक्षक शिव कुमार मरावी और सिपाही शेख रसीद तत्काल उक्त गांव में पहुंचे और उन्होंने समय पर सूचना की जांच की। इन दोनों अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की कि निर्दोष आम नागरिकों को जान से मारने के इरादे से 5 नक्सलवादी गांव जैराशी में आए हुए हैं। उप निरीक्षक शिव कुमार मरावी और सिपाही शेख रसीद ने यह महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की कि दल के शेष सदस्यों ने नजदीकी वन क्षेत्र में घात लगा रखी है। उक्त गांव में नक्सलवादियों की मौजूदगी की पुष्टि हो जाने पर, पीसी विपिन खालखो की निगरानी में पुलिस स्टेशन बिरसा के एसएचओ श्री भरत नोटिया और विशेष ऑपरेशन समूह (एसओजी) हॉक फोर्स-बिरसा को नजदीकी वन क्षेत्र की घेराबंदी करने के लिए तैनात किया गया। लगभग 20.30 बजे, नक्सलवादियों ने पुलिस की मौजूदगी को भांपते हुए पुलिस पार्टी की ओर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस स्टेशन बिरसा के एसएचओ और एसओजी बिरसा के उप निरीक्षक विपिन खालखो ने तेज आवाज में नक्सलवादियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, परन्तु इस चेतावनी पर ध्यान देने के बजाय, उन्होंने घातक हमला करना जारी रखा। ऐसी स्थिति में, पुलिस पार्टियों ने कवर ले लिया और रणनीतिक ढंग से नक्सलवादियों की ओर आगे बढ़ना शुरू कर दिया। पुलिस पार्टी ने नियंत्रित ढंग से जवाबी कार्रवाई की। पुलिस द्वारा की गई इस वीरतापूर्ण कार्रवाई से नक्सलवादी बैकफुट पर आ गए और कुछ मिनटों के बाद ही उन्होंने जंगल की ओर भागना शुरू कर दिया।

गांव के भीतर मौजूद 5 नक्सलवादी सतर्क हो गए। गोलीबारी की आवाज सुनकर, उन्होंने जंगल की ओर भागना शुरू कर दिया। इस अवसर पर, उप निरीक्षक शिव कुमार मरावी और सिपाही शेख रसीद ने अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया और उन्होंने वहां से भाग रहे नक्सलवादियों को पकड़ने के लिए अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना उनकी ओर धावा बोल दिया। इन दोनों अधिकारियों को देखकर नक्सलवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। ये दोनों अधिकारी गोलीबारी कर रहे उन नक्सलवादियों की दिशा में रणनीतिक ढंग से आगे बढ़े, जो वहां से बचकर भागने का प्रयास कर रहे थे। ये दोनों पुलिसकर्मी कुछ गोलियों से बाल-बाल बच गए। अपनी जान को जोखिम के बारे में पूर्ण रूप से अवगत होने के बावजूद, ये दोनों अधिकारी और आगे बढ़े। उन्होंने अपनी पिस्तौलों से प्रभावकारी जवाबी गोलीबारी भी की। इन दोनों अधिकारियों ने शीघ्र ही, जंगल की ओर भाग रहे एक खूंखार नक्सलवादी को पकड़ लिया। उक्त नक्सलवादी ने एक चाकू से पुलिसकर्मियों पर हमला करने का प्रयास किया, परन्तु दोनों बहादुर अधिकारी डटे रहे और उन्होंने नक्सलवादी से चाकू छीन लिया तथा उसे भागने नहीं दिया।

उप निरीक्षक शिव कुमार मरावी और सिपाही शेख रसीद की साहसिक और वीरतापूर्ण कार्रवाई की वजह से ही पुलिस, एरिया कमेटी के एक खूंखार सदस्य संदीप कुंजम उर्फ लक्खू को गिरफ्तार करने में सफल हुई। खूंखार नक्सलवादी संदीप पर मध्य प्रदेश में 3 लाख रुपये और छत्तीसगढ़ में 5 लाख रुपये का इनाम (कुल इनाम 8 लाख रुपये) रखा गया है। इस ऑपरेशन में उप निरीक्षक शिव कुमार मरावी और सिपाही शेख रसीद ने उच्चकोटि के पेशेवर मानदंड का प्रदर्शन किया। उन्होंने न केवल ऑपरेशन संबंधी योजना को तैयार करने, बल्कि खुफिया जानकारी जुटाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन दोनों पुलिसकर्मियों के तत्काल निर्णय लेने के कारण ही खुफिया जानकारी की समय पर पुष्टि हो सकी और सुरक्षा बल की रणनीतिक ढंग से तैनाती की गई। यह भलीभांति जानते हुए कि नक्सलवादी घातक हमला कर सकते हैं, इन दोनों पुलिसकर्मियों ने खुफिया जानकारी की पुष्टि करने हेतु गांव जैराशी की ओर जाने के लिए अत्यधिक साहस का प्रदर्शन किया। उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई के परिणामस्वरूप नक्सलवादी को गिरफ्तार किया गया, जिसने नक्सली विस्तार की वर्तमान रणनीति, उनकी संख्या और हथियारों के बारे में महत्वपूर्ण सूचना प्रदान की।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री शिव कुमार मरावी, उप निरीक्षक और शेख रसीद, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10/08/2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/112/15/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 55-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	श्याम कुमार मरावी	अपर पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	राजकुमार कोल	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17.09.2020 को प्रातः इस आशय की एक खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि पुलिस के मुखबिरों को जान से मारने के इरादे से नक्सलवादी बंधाटोला गांव में आए हुए हैं। श्री श्याम कुमार मरावी, अपर पुलिस अधीक्षक बायहर ने तत्काल हॉक फोर्स के विशेष ऑपरेशन समूह बिरसा को सतर्क कर दिया और उन्हें रणनीतिक ढंग से बंधाटोला पहुंचने का निर्देश दिया। श्री एस.के. मरावी स्वयं भी अतिरिक्त बल की प्रतीक्षा किए बिना बायहर से बंधाटोला के लिए रवाना हो गए।

उक्त सूचना से यह स्पष्ट रूप से पता चला कि गांव में आए हुए नक्सलवादियों ने नक्सलवादी दलम की गहरे हरे/काले रंग की यूनिफार्म पहनने की बजाय सामान्य कपड़े पहने हुए हैं। इसलिए, स्थानीय ग्रामीणों में से नक्सलवादियों की स्पष्ट रूप से पहचान करना महत्वपूर्ण था। केवल कुछ नक्सलवादी ही गांव के भीतर मौजूद थे, जबकि घातक हथियारों से लैस नक्सलवादी दलम के शेष सदस्य गांव की सीमा के ठीक बाहर जंगल में प्रतीक्षा कर रहे थे। उक्त सूचना की पुनः पुष्टि करने पर यह पता चला कि नक्सलवादी बंधाटोला तालाब के निकट मौजूद हैं। इस सूचना के आधार पर, श्री एस.के. मरावी, अपर पुलिस अधीक्षक बायहर ने हॉक फोर्स के विशेष ऑपरेशन समूह (एसओजी) को उक्त क्षेत्र की घेराबंदी और तलाशी करने की हिदायत दी।

हॉक फोर्स के सहायक उप निरीक्षक श्री विपिन खालको के नेतृत्व में विशेष ऑपरेशन समूह (एसओजी) बिरसा बंधाटोला गांव के बाहरी क्षेत्र में पहुंच गया और रणनीतिक ढंग से उक्त स्थान की ओर आगे बढ़ा। श्री विपिन खालको ने योजना के अनुसार उस स्थान की ओर आगे बढ़ना शुरू किया। पुलिस की टीम ने बंधाटोला तालाब के नजदीक कवर ले लिया। उन्होंने दो संदिग्ध व्यक्तियों को तालाब के पास खड़े हुए देखा।

पुलिस को पिछले कुछ समय से इस प्रकार की खुफिया जानकारी प्राप्त हो रही थी कि नक्सलवादी पुलिस बल को अपनी घात में फंसाने के लिए आम ग्रामीणों के वेश में कुछ ही संख्या में गांव में आ रहे हैं और घातक हथियारों से लैस उनकी शेष टीम पुलिस पर हमला करने के लिए पास के जंगल में चौकसी के साथ प्रतीक्षा करती रहती है।

श्री विपिन खालको ने अपनी टीम को किसी भी घात का पता लगाने और संदिग्ध व्यक्तियों को सावधानीपूर्वक पकड़ने का निर्देश दिया। ऑपरेशन की योजना के अनुसार, श्री विपिन खालको अपनी टीम के साथ आगे बढ़े और उन्होंने उन दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को चुनौती दी। पुलिस को देखकर, उन दोनों नक्सलवादियों ने अपना राशन और अन्य सामग्री वहीं पर फेंक दी। उनमें से एक नक्सलवादी ने अपनी शर्ट के नीचे से एक पिस्तौल निकाली और पुलिसकर्मियों को जान से मारने के लिए पुलिस टीम की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की। पुलिस पार्टी ने स्वयं को बचाने के लिए कवर ले लिया। गांव के मकान, आस-पास स्थित थे और कई ग्रामीण पुलिस की गोलीबारी के ठीक सामने थे। इसलिए, पुलिस बल ने निकटवर्ती ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गोलीबारी नहीं की। इसका फायदा उठाकर वे दोनों नक्सलवादी पास के तालाब में कूद गए और तैरकर तालाब के दूसरे किनारे की तरफ जाने लगे, जहां से जंगल शुरू होता था। संभवतः उनके दलम के शेष सदस्य तालाब के उस किनारे के पास छिपे रहे होंगे। दोनों नक्सलवादी पुलिस के हाथों से निकल रहे थे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, अपनी निजी सुरक्षा के बारे में दोबारा सोचे बिना, श्री विपिन खालको, सहायक उप निरीक्षक हॉक और श्री राजकुमार कोल, सिपाही हॉक बचकर भाग रहे नक्सलवादियों को पकड़ने के लिए बहादुरी से तालाब में कूद गए।

श्री राजकुमार कोल शानदार ढंग से तैरते हुए आगे बढ़े, ताकि वे उनमें से एक नक्सलवादी तक पहुंच सकें और उसे पकड़ सकें, जबकि वे यह जानते थे कि नक्सलवादी हथियार से लैस हो सकता है और वह गोलीबारी भी कर सकता है। उनकी इस साहसपूर्ण कार्रवाई की वजह से पुलिस बल ने एक खूंखार नक्सली को जिंदा पकड़ लिया, जो अन्यथा उनके चंगुल से भाग जाता। श्री राजकुमार कोल और श्री विपिन खालको तालाब से एक नक्सली को वीरतापूर्वक बाहर ले आए, जबकि दूसरा नक्सलवादी तैरकर तालाब के पार जाने और जंगल में गायब हो जाने में सफल हो गया। श्री विपिन खालको और श्री राजकुमार कोल ने उच्चकोटि की वीरता का प्रदर्शन किया तथा एक खूंखार माओवादी को पकड़ लिया, जिसकी पहचान बाद में, बादल उर्फ कोसा उर्फ कोसन (विस्तार प्लाटून सं. 2 के एरिया कमेटी मेंबर) के रूप में की गई, जिस पर कुल आठ लाख रुपये (मध्य प्रदेश में 3 लाख रुपये और छत्तीसगढ़ में 5 लाख रुपये) का इनाम था।

पुलिस पार्टी ने नक्सलवादी बादल को अपनी हिरासत में ले लिया और उन्होंने तत्काल पुलिस स्टेशन की ओर वापस आना शुरू कर दिया। अब तक, नक्सलवादी दलम के शेष सदस्य सतर्क हो गए थे और उन्होंने अपने नक्सलवादी बादल को छुड़ाने का प्रयास करते हुए पुलिस बल को क्षति पहुंचाने एवं जान से मारने के लिए लाभप्रद आक्रामक पोजीशन ले ली थी।

नक्सलवादियों ने पुलिस की टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस की टीम ने तत्काल कवर ले लिया और नियंत्रित जवाबी गोलीबारी की। श्री एस.के. मरावी नक्सलवादियों के हमले का सामना करने के लिए गोलीबारी वाले क्षेत्र की ओर आगे बढ़े। परन्तु नक्सलवादियों ने पुलिस की टीम को तीन दिशाओं से घेरना शुरू कर दिया और वे उन पर लगातार गोलीबारी करने लगे। कुछ क्षण के लिए ऐसा प्रतीत हुआ कि पुलिस की टीम एक घात में फंस गई है। श्री एस.के. मरावी कुछ गोलियों से बाल-बाल बच गए, परन्तु उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और अपने साथी पुलिसकर्मियों को घात-विरोधी कार्रवाई करते हुए नियंत्रित जवाबी गोलीबारी करने के लिए प्रेरित किया। इससे पूरी टीम में नया विश्वास भर गया और उन्होंने नक्सलवादियों की घात को तोड़कर उससे बाहर निकलने के लिए नियंत्रित एवं प्रभावकारी गोलीबारी की। श्री विपिन खालको और श्री राजकुमार कोल रेंगकर नक्सलवादियों की पोजीशन की ओर आगे बढ़े और उन्होंने आक्रामक जवाबी गोलीबारी की, जिससे नक्सलवादी पीछे हटने के लिए मजबूर हो गए। श्री एस.के. मरावी के साहसिक नेतृत्व में पूरी पुलिस टीम ने नक्सलवादी घात को सफलतापूर्वक विफल कर दिया और वे एक नक्सलवादी बादल को जंगल से जिंदा लाने में सफल रहे।

दोनों ओर से हुई सटीक बंदूकी लड़ाई के बाद, बैकअप टीम की सहायता से एसओजी हॉक, पकड़े गए नक्सलवादी बादल को जंगल से सुरक्षित लाने में सफल रहा। यह महसूस करते हुए कि पुलिस की अतिरिक्त बैकअप पार्टियां मौके पर पहुंच गई हैं, नक्सलवादी घने जंगल के भीतर भाग गए। एक खूंखार नक्सलवादी बादल को सफलतापूर्वक गिरफ्तार करके तथा सुरक्षा बल को किसी क्षति के बिना पुलिस टीम को नक्सलवादियों की घात से सुरक्षित रूप से बाहर निकालकर श्री एस.के. मरावी, अपर पुलिस अधीक्षक बायहर ने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया और साथ ही गिरफ्तार किए गए नक्सलवादी बादल को भी सुरक्षित रखा। श्री विपिन खालको और श्री राजकुमार कोल ने पूरे जोश एवं साहस के साथ श्री एस.के. मरावी की सहायता की और उन्होंने नक्सलवादी बादल को पकड़ने और नक्सलवादी घात को तोड़ने के लिए एक से अधिक बार अपनी जान को जोखिम में डालकर पूरी पुलिस टीम की सुरक्षा सुनिश्चित की।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री श्याम कुमार मरावी, अपर पुलिस अधीक्षक और राजकुमार कोल, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17/09/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/1146/15/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 56-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, महाराष्ट्र के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	मनीष कलवानिया, भापुसे	अपर पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	संदिप पुंजा मंडलिक	सहायक पुलिस निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
3.	राहुल बाळासो नामदे	सहायक पुलिस निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	सुनील विश्वास बागल	पुलिस उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	देवेंद्र पुरुषोत्तम आत्राम	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	गणेश शंकर डोहे	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
7.	एकनाथ बारीकराव सिडाम	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
8.	प्रकाश श्रीरंग नरोटे	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
9.	दिनेश पांडुरंग गावडे	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
10.	शंकर दसरू पुंगाटी	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28.03.2021 को, एओपी मालेवाड़ा की सीमा के अंतर्गत खोबरामेन्धा के वन क्षेत्र में लगभग 80-100 सशस्त्र नक्सलवादियों द्वारा शिविर लगाए जाने के बारे में सूचना प्राप्त हुई, जो सरकार के विरुद्ध विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने का षड्यंत्र रच रहे थे।

खोबरामेन्धा का वन क्षेत्र एक ऊबड़-खाबड़ एवं कम जनसंख्या वाला पहाड़ी क्षेत्र है और इसमें सड़क एवं दूरसंचार की कनेक्टिविटी का अभाव है, जिसे नक्सलवादियों द्वारा नक्सली सैन्य शिविर लगाने और वरिष्ठ नक्सली कैडरों की बैठकें आयोजित करने के लिए एक आदर्श स्थान माना जाता है। प्रत्येक वर्ष मार्च, अप्रैल और मई के महीनों में, जिले के नक्सलवादी टीसीओसी (रणनीतिक आक्रमण-रोधी अभियान) मनाने के एक भाग के रूप में हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के उद्देश्य से भारी संख्या में एक स्थान पर एकत्र होते हैं। पहले के अवसरों पर आयोजित की गई टीसीओसी अवधि के दौरान, नक्सलवादियों ने खोबरामेन्धा के वन क्षेत्र में हिंसक गतिविधियों को अंजाम दिया था। वर्ष 2019 के जम्बुलखेड़ा आईईडी विस्फोट, जिसमें 15 पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे, के दौरान नक्सलवादियों ने बचाव बलों को निशाना बनाने के लिए खोबरामेन्धा के निकट एक बड़ी घात लगाई थी। वर्ष 2011 में, उसी क्षेत्र में, लगभग 80-100 नक्सलवादियों ने घात लगाई थी, जिसमें सीआरपीएफ के एक कार्मिक ने शहादत प्राप्त की थी और 5 अन्य कार्मिक घायल हुए थे।

इस पृष्ठभूमि में खोबरामेन्धा क्षेत्र में लगभग 80-100 नक्सलवादियों की मौजूदगी की सूचना को पुलिस अधीक्षक गढ़चिरौली ने गंभीरतापूर्वक लिया। मार्च का महीना टीसीओसी की अवधि का चरम समय होने के कारण, यह अनुमान लगाया गया था कि यदि नक्सलवादी इस क्षेत्र में इतनी भारी संख्या में एकत्र होंगे, तो उनके द्वारा किसी बड़ी विध्वंसकारी गतिविधि को अंजाम दिया जा सकता है। इसलिए, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) द्वारा अपने स्वतंत्र स्रोतों से उक्त सूचना की पुष्टि कराए जाने जाने के बाद, उक्त क्षेत्र में नक्सल-रोधी ऑपरेशन चलाने के लिए सी60 कमांडो की एक पुलिस टीम तैयार की गई।

इसलिए, प्राप्त आसूचना के आधार पर दिनांक 28.03.2021 की शाम को श्री मनीष कलवानिया, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) और उनकी टीम अपने संबंधित दस्ते के साथ नक्सल-रोधी ऑपरेशन शुरू करने के लिए एकत्र हुई। नक्सल-रोधी अभियान चलाने के लिए 182 कार्मिकों और 11 अधिकारियों वाली पुलिस पार्टी ने दिनांक 28.03.2021 को रात के समय प्रस्थान किया। पुलिस पार्टियों ने एक ऐसे स्थान तक पहुंचने के लिए वाहनों का उपयोग किया, जहां से रात्रि में नक्सलवादियों के नियंत्रण वाले स्थान तक पहुंचने के लिए 12 किलोमीटर का एक कठिन मार्ग जाता था। पैदल चलने के दौरान पुलिस पार्टी के बारे में पता चल जाने की वजह से इस क्षेत्र में पूर्ववर्ती ऑपरेशन कई बार विफल हो चुके हैं। रात्रि के दौरान आवाजाही तथा कठिन एवं पहाड़ी मार्ग को इसलिए चुना गया था, ताकि पुलिस पार्टी के बारे में किसी को भी पता न चल सके। अंधेरा और पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण कई स्थानों पर फिसलने एवं गिरने की वजह से कुछ कार्मिकों को हल्की-फुल्की चोटें भी आईं। सुबह के दौरान खोबरामेन्धा गांव के निकट पहुंचने के बाद, सम्पूर्ण क्षेत्र की तलाशी करने के लिए वे एक-दूसरे से 100 मीटर की दूरी पर दो समूहों में बंट गए और प्रत्येक समूह आगे चार-चार दलों में बंट गया। पहले समूह का नेतृत्व श्री मनीष कलवानिया, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) गढ़चिरौली (समूह क) और दूसरे समूह का नेतृत्व सहायक पुलिस निरीक्षक संदिप पुंजा मंडलिक (समूह ख) ने किया। तत्पश्चात, उन्होंने मानक संचालन प्रक्रियाओं का अनुसरण करते हुए जंगल की तलाशी शुरू कर दी। सुबह लगभग 06.30 बजे, जब उन्होंने खोबरामेन्धा के जंगल में एक पहाड़ी पर चढ़ना शुरू किया, तो उन पर लगभग 50-55 सशस्त्र नक्सलवादियों ने अचानक हमला कर दिया। अंधाधुंध गोलीबारी के कारण दोनों समूहों का अग्रणी दल अत्यधिक दबाव में आ गया। नक्सलवादियों ने जैतूनी हरे रंग की पोशाक पहन रखी थी तथा वे अपने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी कर रहे थे और उन्होंने पहाड़ी पर बड़ी चट्टानों के पीछे ऊंचे स्थानों पर लाभप्रद पोजीशन ले रखी थी। नक्सलवादियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी की गई और उसके बाद उन्होंने बम भी फेंके। पुलिस पार्टियों ने तत्काल जमीन पर पोजीशन ले ली। बम विस्फोट होने के कारण, आस-पास के क्षेत्र में दृश्यता पूरी तरह से बाधित हो गई, क्योंकि वहां काफी धुंआ फैल गया था। चट्टानों आदि के रूप में उपयुक्त कवर के अभाव में, अधिकांश कार्मिकों ने गोलियों और छर्रों से बचने के लिए स्वाभाविक रूप से लेटकर पोजीशन ले ली।

नक्सलवादियों की गोलीबारी बहुत तीव्र थी और नक्सलवादियों से आत्मसमर्पण करने की अपील के बावजूद गोलीबारी बंद नहीं हुई। कुछ समय के बाद, वॉकी-टॉकी पर यह सूचित किया गया कि नक्सलवादियों ने सहायक पुलिस निरीक्षक मंडलिक के नेतृत्व वाले समूह "ख" के 20 कार्मिकों के अग्रणी दल को घेर लिया है। यह समूह नक्सलवादियों द्वारा लगाई गई यू-आकार की घात के भीतर चला गया था। उसके बाद नक्सलवादियों ने चट्टानों की आड़ लेकर इन पुलिस कर्मियों पर तीन दिशाओं से भीषण गोलीबारी की। नक्सलवादियों ने स्वयं को ऐसे रणनीतिक ढंग से तैनात कर रखा था कि बचाव टीमें आगे नहीं बढ़ पाईं। अचानक किए गए इस हमले के कारण सभी कार्मिक हतप्रभ हो गए और इसलिए उन्होंने वहां जो भी कवर, चट्टान अथवा पेड़, उपलब्ध था उसके पीछे कवर ले लिया। इस हमले में जवाबी कार्रवाई करते समय घात में फंसे हुए समूह के एक पुलिसकर्मी नामतः दिनेश पांडुरंग गावडे, पुलिस कांस्टेबल गोली लगने से घायल हो गए। घायल होने के बावजूद, उन्होंने नक्सलवादियों के विरुद्ध गोलीबारी करने में अत्यधिक साहस का प्रदर्शन किया। नक्सलवादियों द्वारा चलाई गई एक गोली उनकी गर्दन के पास से गुजरी, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। इस समय, एकनाथ बारीकराव सिडाम और प्रकाश श्रीरंग नरोटे के साथ सहायक पुलिस निरीक्षक संदिप मंडलिक अपनी जान को खतरे में डालकर बाहर निकल आए और उन्होंने नक्सलवादियों की दिशा में जोरदार गोलीबारी शुरू कर दी। दल के अग्रणी भाग में होने के नाते, उन पर नक्सलवादियों को अपने समूह की ओर आगे बढ़ने से रोकने की जिम्मेदारी थी। परन्तु नक्सलवादियों को रोकने के लिए, उनको बीच-बीच में अपने कवर से बाहर आना पड़ा और नक्सलवादियों की ओर गोलीबारी करनी पड़ी, जिससे नक्सलवादी नजदीक नहीं आ सके। इस प्रकार, उन्हें समूह "क" से सहायता प्राप्त होने का समय मिल गया। इस वीरतापूर्ण कार्रवाई से उन कार्मिकों की जान बच गई, अन्यथा वे नक्सलवादियों द्वारा की गई भीषण गोलीबारी की चपेट में आ गए होते। इस सशक्त जवाबी कार्रवाई ने नक्सलवादियों को आगे बढ़ने से रोक दिया और यह समूह स्वयं अपनी सुरक्षा भी करता रहा।

जैसे ही श्री कलवानिया को घात और एक कार्मिक के घायल होने के बारे में पता चला, उन्होंने घात में फंसे हुए समूह की सहायता के लिए आगे बढ़ने का निर्णय लिया और इसकी सूचना सहायक पुलिस निरीक्षक मंडलिक को भी दी। लगभग 25-30 अन्य नक्सलवादियों के गोलीबारी वाले क्षेत्र में होने के कारण, समूह "क" के लिए यह संभव नहीं था कि वह नक्सलवादियों की घात में फंसे हुए समूह की सहायता के

लिए पहाड़ी पर चढ़ सके। नक्सलवादियों ने बड़ी चट्टानों के पीछे उपयुक्त कवर लेकर पहाड़ी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रणनीतिक रूप से पोजीशन ले रखी थी और वे विभिन्न समूहों में संगठित थे, जिनमें से कुछ प्रारंभिक चरण के दौरान दिखाई भी नहीं दे रहे थे। नक्सलवादियों की तुलना में अलाभप्रद स्थिति में होने के कारण, इस समूह "क" के कार्मिकों के लिए यह संभव नहीं था कि वे पुनर्गठित हो सकें और एक उपयुक्त बचाव पार्टी का गठन कर सकें। नक्सलवादियों द्वारा की जा रही लगातार गोलीबारी के कारण, श्री कलवानिया के लिए कार्मिकों को एकत्र करना और एक उपयुक्त बचाव पार्टी का गठन करना संभव नहीं था। घात में फंसे हुए समूह "ख" की नाजुक स्थिति को समझते हुए, श्री कलवानिया ने अपने समूह के कार्मिकों की प्रतीक्षा किए बिना आस-पास मौजूद कार्मिकों को लेकर ही आगे बढ़ने का निर्णय लिया। उसी दौरान श्री कलवानिया, पुलिस उप निरीक्षक सुनील विश्वास बागल, सहायक पुलिस निरीक्षक राहुल बाळासो नामदे, नायक पुलिस कांस्टेबल देवेंद्र पुरुषोत्तम आत्राम, पुलिस कांस्टेबल शंकर दसरू पुंगाटी और पुलिस कांस्टेबल गणेश शंकर डोहे अचानक अपने-अपने कवर को छोड़कर बाहर आ गए और उन्होंने घात में फंसे समूह "ख" की ओर आगे बढ़ना शुरू कर दिया। इन कार्मिकों ने नक्सलवादियों की भारी गोलीबारी के बीच आगे बढ़कर असाधारण साहस का प्रदर्शन किया। यदि यह निर्णय नहीं लिया गया होता, तो बहुत सी जानें जा सकती थीं। एक पूर्व निर्धारित रणनीति के अनुसार, नक्सलवादियों ने भी इस बचाव पार्टी पर हमला करने के लिए पोजीशन ले रखी थी।

केवल 6 सदस्यों वाली एक छोटी टीम के साथ रणनीतिक दृष्टि से कमजोर स्थिति में होने और भारी हथियारों से लैस नक्सलवादियों के एक बड़े समूह से सामना होने के बावजूद, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मनीष कलवानिया ने टीम का नेतृत्व किया और नक्सलवादियों द्वारा की जा रही गोलियों की बौछारों के बीच आक्रामक रूप से पहाड़ी पर चढ़ना शुरू कर दिया। अचानक हुई इस गतिविधि से नक्सलवादी आश्चर्यचकित हो गए। मनीष कलवानिया के नेतृत्व वाली टीम द्वारा अचानक की गई इस जोखिमपूर्ण कार्रवाई के कारण, नक्सलवादियों को अपनी लाभप्रद पोजीशन को छोड़ना पड़ा और उन्हें पुनर्गठित होना पड़ा। इन 6 कार्मिकों द्वारा की गई वीरतापूर्ण कार्रवाई से उनके समूह के कार्मिकों को बड़ी चट्टानों के पीछे उपयुक्त कवर लेने और स्वयं को एक यथोचित रक्षात्मक पोजीशन में संगठित करने हेतु महत्वपूर्ण अवसर मिल गया। आगे बढ़ते समय, इस छोटी टीम के देवेंद्र पुरुषोत्तम आत्राम नक्सलवादियों की गोलियों से बचने के प्रयास में फिसलकर नीचे गिर गए और उनका हथियार छूट गया। इस अवसर पर, मनीष कलवानिया, पुलिस उप निरीक्षक बागल और सहायक पुलिस निरीक्षक नामदे कवर की सुरक्षा से बाहर निकले और वे सभी देवेंद्र आत्राम को कवर प्रदान करने के लिए नक्सलवादियों की दिशा में भारी गोलीबारी करते हुए गोलियों की बौछार के सामने आ गए। इन कार्मिकों द्वारा की गई इस वीरतापूर्ण कार्रवाई से देवेंद्र आत्राम को अपना हथियार उठाने तथा संतुलन बनाने का अवसर मिल गया और उनकी जान बच गई। मनीष कलवानिया ने साहसिक और वीरतापूर्ण तरीके से नक्सलवादियों की ओर आगे बढ़कर बल के मनोबल को ऊंचा बनाए रखा।

अंततः जब 6 कार्मिकों की इस छोटी सी टीम के प्रयासों के कारण पहाड़ी पर चढ़ने के काम को नक्सलवादियों से सुरक्षित कर दिया गया, तब समूह "क" के कुछ अन्य टीम सदस्य घात में फंसे समूह के बिलकुल नजदीक पहुंच गए और जब नक्सलवादियों ने देखा की इस दिशा से उनकी ओर गोलीबारी हो रही है, तो उन्होंने अपने आक्रमण को तेज कर दिया। परन्तु पुलिस के समूहों ने अपनी रणनीतिक पोजीशन नहीं छोड़ी और वे नक्सलवादियों की ओर गोलीबारी करते रहे। दोनों समूहों द्वारा की गई संयुक्त जवाबी कार्रवाई से नक्सलवादियों पर भारी दबाव पड़ा। एक-दूसरे के अत्यधिक निकट आ जाने के बाद, नक्सलवादियों और पुलिस पार्टी, दोनों ने कवर ले लिया और एक-दूसरे पर गोलीबारी शुरू कर दी।

यद्यपि दोनों समूह एक-दूसरे के निकट आ गए थे और इस स्थान पर कुल 35 पुलिसकर्मी थे, जो नक्सलवादियों की ओर गोलीबारी कर रहे थे, जिनकी संख्या लगभग 50 थी, परन्तु अभी तक घात को नहीं तोड़ा जा सका था। इस दौरान, समूह "ख" के पिछले दल को बाईं ओर से एक लम्बा मार्ग तय करके नक्सलवादियों को पीछे से घेरने का निर्देश दिया गया। परन्तु घायल पुलिसकर्मी दिनेश गावडे अभी भी नक्सलवादियों की भारी गोलीबारी के बीच फंसे हुए थे और वे अकेले थे तथा सहायता के लिए उनके आस-पास बहुत कम पुलिसकर्मी थे। इसके बावजूद, उन्होंने लगातार नियंत्रित गोलीबारी करके उच्चकोटि के साहस का प्रदर्शन किया और नक्सलवादियों को अपने निकट नहीं आने दिया। उनके समूह के अन्य सदस्य लगभग 30-35 मीटर की दूरी पर थे, परन्तु उस दिशा, जहां से नक्सलवादी गोलीबारी कर रहे थे, से कोई भी अन्य सदस्य गोलियों से चोटिल हुए बिना उनकी सहायता के लिए नहीं पहुंच सकता था। इस दौरान श्री कलवानिया के नेतृत्व में 6 पुलिस कर्मियों की एक छोटी पार्टी दिनेश गावडे से लगभग 30 मीटर की दूरी पर पहुंच गई। इस सहायता के पहुंचने के बाद, नक्सलवादी उनकी दिशा में और आगे नहीं बढ़ सके। उन्होंने नक्सलवादियों को उलझाए रखा और कुछ देर में समूह "ख" का पिछला दल, जो दूसरी तरफ से घूमकर आया था, नक्सलवादियों के पीछे पहुंच गया और उसने उनके ऊपर गोलीबारी शुरू कर दी। जब इस दल ने नक्सलवादियों के पीछे से गोलीबारी शुरू की, तो उनकी पोजीशन कमजोर हो गई और घात टूटनी शुरू हो गई। बाद में, शंकर पुंगाटी और श्री कलवानिया ने दिनेश गावडे को एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया।

सम्पूर्ण घटना के दौरान, दोनों ओर से लगभग 70-80 मिनट तक भारी गोलीबारी होती रही। पुलिस की रणनीतिक पोजीशन और उसके द्वारा की गई भारी गोलीबारी के कारण, नक्सलवादियों को अपनी पोजीशन छोड़कर पीछे हटना पड़ा। 6 सदस्यों की इस टीम द्वारा की गई वीरतापूर्ण कार्रवाई घात को तोड़ने के लिए महत्वपूर्ण थी और इस प्रकार बहुत सी जानें बच गईं।

लड़ाई के मैदान में पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदर्शित असाधारण साहस के परिणामस्वरूप एसजेडसीएम रैंक के एक शीर्ष कैडर नामतः पवन उर्फ भास्कर समेत पांच खूंखार नक्सलवादियों का सफाया हो गया। मारा गया एसजेडसीएम उत्तरी गढ़चिरौली डिवीजन का इंचार्ज और डिवीजनल सेक्रेटरी रह चुका था। दिनांक 01.05.2019 को गांव जम्बुलखेड़ा के नजदीक घात लगाने के पीछे भी उसका हाथ था, जिसमें 15 पुलिस कर्मियों ने अपना बहुमूल्य जीवन गंवा दिया था। एक एके47, एक .303 राइफल, एक 8 एमएम राइफल और एक 12-बोर राइफल सहित

4 हथियार, दो एके47 मैगजीनें, दो एसएलआर मैगजीनें, एक .303 मैगजीन, 3 जिंदा डेटोनेटर, 100 जिंदा कारतूस, 3 वॉकी-टॉकी सेट, 1 लैपटॉप, 1 सैमसंग टैबलेट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री बरामद की गई। 2 आईईडी (प्रत्येक 5 किग्रा.) और अन्य नक्सली सामग्रियों का बड़ा जखीरा भी बरामद किया गया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री मनीष कलवानिया, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक, संदिप पुंजा मंडलिक, सहायक पुलिस निरीक्षक, राहुल बाळासो नामदे, सहायक पुलिस निरीक्षक, सुनील विश्वास बागल, पुलिस उप निरीक्षक, देवेंद्र पुरुषोत्तम आत्राम, नायक पुलिस कांस्टेबल, गणेश शंकर डोहे, पुलिस कांस्टेबल, एकनाथ बारीकराव सिडाम, पुलिस कांस्टेबल, प्रकाश श्रीरंग नरोटे, पुलिस कांस्टेबल, दिनेश पांडुरंग गावडे, पुलिस कांस्टेबल और शंकर दसरू पुंगाटी, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29/03/2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/1194/16/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 57-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, महाराष्ट्र के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	योगीराज रामदास जाधव	सहायक पुलिस निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	अमोल नानासाहेब फडतरे	सहायक पुलिस निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	सदाशिव नामदेव देशमुख	पुलिस उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	प्रेमकुमार लहु दांडेकर	पुलिस उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	राहुल विट्ठल आव्हाड	पुलिस उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	देवाजी कोतुजी कोवासे	सहायक पुलिस उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
7.	राजेंद्र अंताराम मडावी	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
8.	नांगसु पंजामी उसेंडी	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
9.	देवेंद्र पुरुषोत्तम आत्राम	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
10.	प्रदिप विनायक भसारकर	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
11.	सुधाकर मानु कोवाची	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
12.	नंदेश्वर सोमा मडावी	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
13.	सुभाष भजनराव पदा	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
14.	भाऊजी रघु मडावी	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
15.	शिवाजी मोडु उसेंडी	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
16.	गंगाधर केरबा कराड	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
17.	रामा मैनु कोवाची	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
18.	महेश पोचम मादेशी	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
19.	स्वप्नी केसरी पदा	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20.05.2021 को, श्री सदाशिव नामदेव देशमुख, पुलिस उप निरीक्षक को एओपी कोटामी की सीमा के अंतर्गत गांव पैडी के वन क्षेत्र में रणनीतिक आक्रमण-रोधी अभियान (टीसीओसी) चलाने के लिए 60-70 सशस्त्र माओवादियों के इकट्ठा होने के बारे में एक विश्वसनीय

खुफिया जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही, यह भी पता चला कि उक्त स्थान पर वरिष्ठ नक्सलवादी कैडर सरकार के विरुद्ध विनाशकारी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए एक आपराधिक षडयंत्र रच रहे हैं। पैडी का वन क्षेत्र नक्सलवादियों के सैन्य शिविर और वरिष्ठ नक्सलवादी कैडरों की बैठकें आयोजित करने के लिए एक उपयुक्त स्थान है। प्रत्येक वर्ष मार्च, अप्रैल और मई के महीने में जिले के नक्सलवादी रणनीतिक आक्रमण-रोधी अभियान (टीसीओसी) चलाने के एक भाग के रूप में हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारी संख्या में एक स्थान पर एकत्र होते हैं। पूर्ववर्ती अवसरों पर, नक्सलवादियों द्वारा की गई भीषण हिंसक गतिविधियों की इन अवधियों के दौरान, गढ़चिरौली में पुलिस कार्मिकों और अधिकारियों को बहुमूल्य जीवन गंवाने के रूप में बड़ी क्षति हुई थी। इस बार प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर, पुलिस अधीक्षक गढ़चिरौली के नेतृत्व और मार्गदर्शन में, पुलिस उप निरीक्षक सदाशिव नामदेव देशमुख की सहायता से मनीष कलवानिया, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के द्वारा एक ऑपरेशन की योजना तैयार की गई।

तदनुसार, 14 विशेष ऑपरेशन दस्तों को शामिल करके एक टीम गठित की गई। उपर्युक्त दस्तों में से, सात दस्तों (टीम "क") ने दिनांक 20.05.2021 की शाम को गढ़चिरौली से प्रस्थान किया तथा जालेगांव गांव के वन क्षेत्र में पहुंच गए और उन्होंने वन क्षेत्र की तलाशी शुरू कर दी। इस समूह में सदाशिव नामदेव देशमुख और नांगसु पंजामी उसेंडी का दस्ता, पुलिस उप निरीक्षक प्रेमकुमार लहु दांडेकर और किशोर आत्राम का दस्ता, पुलिस उप निरीक्षक किशोर शिंदे और विनोद हिचामी का दस्ता, पुलिस उप निरीक्षक ज्ञानेश्वर गाभले और रामा कोवाची का दस्ता, सहायक पुलिस निरीक्षक योगीराज जाधव, पुलिस उप निरीक्षक दिनेश गावडे और महेश मिच्छा का दस्ता, पुलिस उप निरीक्षक संग्मेश्वर बिरादर और सुर्पत वाडे का दस्ता तथा पुलिस उप निरीक्षक काबुल देवडे और महादेव मडावी का दस्ता शामिल था। इसी प्रकार उसी दिन अर्थात् दिनांक 20.05.2021 की शाम को चार अन्य दस्तों (टीम "ख") ने गढ़चिरौली से प्रस्थान किया, जिनमें पुलिस उप निरीक्षक भास्कर रामबले और सुभाष वदलियाई का दस्ता, देवाजी कोतुजी कोवासे का दस्ता, विलास कटेंगे का दस्ता और जगदेव मडावी का दस्ता शामिल था। साथ ही, दिनांक 20.05.2021 की शाम को तीन अन्य दस्तों (टीम "ग") ने भी एसपीएस कासनसुर से प्रस्थान किया, जिनमें पुलिस उप निरीक्षक राहुल आव्हाड और गोपाल उसेंडी का दस्ता, देवेंद्र आत्राम का दस्ता और सहायक पुलिस निरीक्षक अमोल फडतरे तथा कोटाला कोरामी का दस्ता शामिल था। टीम "ख" और टीम "ग" एक साथ कोरकुटी के वन क्षेत्र में पहुंची और उन्होंने भी कोरकुटी के वन क्षेत्र की तलाशी शुरू कर दी। उपर्युक्त सभी समूह रात्रि में विश्राम के लिए पूर्व निर्धारित स्थान पर ठहरे।

दिनांक 21.05.2021 को, नक्सल-रोधी ऑपरेशन चलाते समय, टीम "क" के कमांडो ने एक रणनीतिक चाल के रूप में स्वयं को दो समूहों में बांट लिया। पहले समूह का नेतृत्व पुलिस उप निरीक्षक सदाशिव देशमुख और दूसरे समूह का नेतृत्व सहायक पुलिस निरीक्षक योगीराज जाधव ने किया। जालेगांव के वन क्षेत्र में तलाशी करते हुए ये दस्ते पैडी के वन क्षेत्र में पहुंच गए। पैडी के वन क्षेत्र में तलाशी करते समय, लगभग 0615 बजे से 0630 बजे के दौरान, पहाड़ी की चोटी पर घात लगाकर बैठे हुए 60 से 70 सशस्त्र नक्सलवादियों ने योगीराज जाधव के नेतृत्व वाले पुलिस समूह को घेर लिया और पुलिस कर्मियों को जाने से मारने और उसके बाद उनके हथियार एवं गोलाबारूद छीनने के इरादे से अंधाधुंध गोलीबारी करके तथा बम फेंककर उनके ऊपर हमला कर दिया। उस समय, पुलिसकर्मी स्वयं को बचाने में कामयाब रहे और उन्होंने नक्सलवादियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की। परन्तु, की गई अपील की अहवेलना करते हुए, नक्सलवादियों ने फंसे हुए समूह पर गोलीबारी करना जारी रखा। इसी बीच, नक्सलवादियों के एक समूह ने पुलिस उप निरीक्षक राहुल देवडे और महेश मादेशी को घेर लिया और उन पर भीषण गोलीबारी शुरू कर दी। इसे देखते हुए, सहायक पुलिस निरीक्षक योगीराज जाधव ने तत्काल 3-4 कमांडो वाली एक छोटी टीम गठित की और स्वयं अपनी जान को अत्यधिक खतरे में डालते हुए वहां फंसे हुए कमांडो की ओर आक्रामक ढंग से भागे। उसके बाद, उन्होंने नक्सलवादियों पर प्रभावकारी जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। योगीराज जाधव और उनकी छोटी टीम द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस और युद्ध कौशल के कारण, नांगसु उसेंडी, दिनकर मडावी, राजेन्द्र मडावी, सुधाकर कोवाची, नंदकिशोर मडावी, राजू सादमेक, भाऊजी मडावी, रामा कोवाची और सुभाष पदा के साथ, वहां फंसे हुए देशमुख और पुलिस उप निरीक्षक प्रेमकुमार दांडेकर अपनी जान को अत्यधिक खतरे में डाल कर फंसे हुए कमांडो की ओर भागे। तत्पश्चात, उन्होंने स्वयं को दो छोटे समूहों में बांट लिया और नक्सलवादियों पर दोनों दिशाओं से भारी जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। इसे देखते हुए, नक्सलवादियों ने सहायता के लिए पहुंचे दोनों समूहों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। नक्सली हमले के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई करते समय, राजेन्द्र सादमेक और राजू मडावी को हल्की-फुल्की चोटें भी आईं। जब नक्सलवादियों ने घायल कमांडो को देखा, तो 10-12 नक्सलवादियों के एक समूह ने उन पर भीषण गोलीबारी शुरू कर दी। उस समय, पुलिस उप निरीक्षक सदाशिव देशमुख अपनी जान को अत्यधिक खतरे में डालकर कुशलतापूर्वक घायल कमांडो की ओर भागे और उन्हें नक्सलवादियों की भारी गोलीबारी से सुरक्षित बचाया। पुलिस उप निरीक्षक देशमुख और पुलिस उप निरीक्षक दांडेकर एवं उनकी छोटी टीमों द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, युद्ध कौशल और त्वरित कार्रवाई की सहायता से, सहायक पुलिस निरीक्षक योगीराज जाधव के नेतृत्व वाले फंसे हुए समूह को सफलतापूर्वक बचाया जा सका और साथ ही साथी कमांडो का बहुमूल्य जीवन भी बचाया जा सका। तत्पश्चात, दोनों समूहों ने नक्सलवादियों पर भारी जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। जब पुलिस की ओर से दबाव बढ़ा, तो नक्सलवादी पूर्णरूप से अपनी पोजीशन से हट गए और अपनी जान बचाने के लिए कोरकुटी के वन क्षेत्र की ओर भाग गए।

इसी दौरान, टीम "ख" और टीम "ग" कोरकुटी के वन क्षेत्र में नक्सल-रोधी ऑपरेशन चला रही थी। जब उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी, तो वे भी उक्त टीम को सहायता प्रदान करने के लिए पैडी के वन क्षेत्र की ओर चले गए। जैसे ही टीम "ख" और "ग" के कमांडो ने पैडी के वन क्षेत्र में प्रवेश किया, तभी नक्सलवादियों ने पुलिस उप निरीक्षक भास्कर कांबले और सुभाष वधाई, जगदेव मडावी, देवाजी कोवासे और विलास कटेंगे के नेतृत्व वाले समूहों पर आक्रमण कर दिया। नक्सलवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। साथ ही, उन्होंने एक कुकर बम से विस्फोट किया और उन पर हैंड ग्रेनेड भी फेंके। इस विस्फोट के कारण, धुंआ फैल गया और आस-पास में दृश्यता पूरी तरह कम हो गई। धुंए का लाभ उठाते हुए, नक्सलवादियों ने फंसे हुए कमांडो को घेरना शुरू कर दिया। जब देवाजी कोवासे ने यह सब देखा, तो उन्होंने तत्काल अन्य समूहों

को नक्सलवादियों की रणनीति की सूचना दी और सहायता की मांग की। तत्काल, पुलिस उप निरीक्षक राहुल आव्हाड, दिवाकर नारोटे, शिवाजी उसेंडी, गंगाधर कराड, देवेंद्र आत्राम, प्रदिप भसारकर और स्वप्नील पदा के साथ सहायक पुलिस निरीक्षक अमोल फडतरे दौड़कर फंसे हुए कमांडो की ओर गए तथा नक्सलवादियों पर जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। फंसे हुए कमांडो की ओर जाने के दौरान, अचानक 15-20 सशस्त्र नक्सलवादी वहां पहुंच गए और उन्होंने 10 मीटर की निकट दूरी से सहायक पुलिस निरीक्षक अमोल फडतरे और उनके सहयोगी कमांडो पर भीषण गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के दौरान, शिवाजी उसेंडी और प्रदिप भसारकर घायल हो गए। इसके बावजूद, सहायक पुलिस निरीक्षक अमोल फडतरे, पुलिस उप निरीक्षक राहुल आव्हाड और उनके सहयोगी कमांडो ने पुरजोर जवाबी कार्रवाई की। कुछ देर के बाद, टीम "क" भी मौके पर पहुंच गई। तत्पश्चात, सभी टीमों द्वारा संयुक्त रूप से समन्वित जवाबी कार्रवाई की गई, जिससे नक्सलवादी घने जंगल और पहाड़ी की आड़ में वहां से भाग गए।

उपयुक्त खुफिया जानकारी के साथ पुलिस कार्मिकों की इस रणनीतिक और समन्वित चाल, उत्कृष्ट योजना तथा वीरतापूर्ण कार्रवाई के परिणामस्वरूप डीवीसीएम रैंक के शीर्ष कैडर नामतः सतीश उर्फ अदावे मोहनदा समेत तेरह खूंखार नक्सलवादियों का सफाया हो गया। साथ ही, घटना स्थल से एक एके47 राइफल, पांच एसएलआर राइफल, तीन .303 राइफल, दो 8एमएम राइफल, एक स्टैनगन और एक पिस्तौल सहित 13 हथियार एवं गोलाबारूद तथा भारी मात्रा में नक्सली सामग्री भी बरामद की गई। मारा गया डीवीसीएम उत्तरी गढ़चिरौली डिवीजन में कंपनी संख्या 4 के उप कमांडर के रूप में कार्य कर रहा था। दिनांक 01.05.2019 को गांव जाभुलखेड़ा के निकट घात लगाने के पीछे भी उसका हाथ था, जिसमें 15 पुलिस कार्मिकों ने अपनी बहुमूल्य जान गंवा दी थी। इन मृत नक्सलवादियों के सिर पर सरकार द्वारा कुल 64 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी।

यह सफल मुठभेड़ जिले में नक्सलवादी गतिविधि के लिए एक बड़ा आघात है। नक्सलवादी एक बड़ी विनाशकारी गतिविधि को अंजाम देने के लिए इतनी बड़ी संख्या में इकट्ठे हुए थे। वर्ष 2019 में टीसीओसी की अवधि के दौरान, नक्सलवादी इसी प्रकार इकट्ठा हुए थे और उन्होंने आईईडी विस्फोट किया था, जिसमें 15 पुलिस कार्मिक शहीद हो गए थे। पहले भी कई अवसरों पर, टीसीओसी की अवधि के दौरान, नक्सलवादियों ने हिंसक गतिविधियों को अंजाम दिया था, जिसमें भारी संख्या में जान-माल का नुकसान हुआ था।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री योगीराज रामदास जाधव, सहायक पुलिस निरीक्षक, अमोल नानासाहेब फडतरे, सहायक पुलिस निरीक्षक, सदाशिव नामदेव देशमुख, पुलिस उप निरीक्षक, प्रेमकुमार लहु दांडेकर, पुलिस उप निरीक्षक, राहुल विट्ठल आव्हाड, पुलिस उप निरीक्षक, देवाजी कोतुजी कोवासे, सहायक पुलिस उप निरीक्षक, राजेंद्र अंताराम मडावी, हेड कांस्टेबल, नांगसु पंजामी उसेंडी, नायक पुलिस कांस्टेबल, देवेंद्र पुरुषोत्तम आत्राम, नायक पुलिस कांस्टेबल, प्रदिप विनायक भसारकर, नायक पुलिस कांस्टेबल, सुधाकर मानु कोवाची, पुलिस कांस्टेबल, नंदेश्वर सोमा मडावी, पुलिस कांस्टेबल, सुभाष भजनराव पदा, पुलिस कांस्टेबल, भाऊजी रघु मडावी, पुलिस कांस्टेबल, शिवाजी मोडु उसेंडी, पुलिस कांस्टेबल, गंगाधर केरबा कराड, पुलिस कांस्टेबल, रामा मैनु कोवाची, पुलिस कांस्टेबल, महेश पोचम मादेशी, पुलिस कांस्टेबल और स्वप्नील केसरी पदा, पुलिस कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21/05/2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/1196/16/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 58-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, महाराष्ट्र के निम्नलिखित पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	तानाजी दिगंबर सावंत	पुलिस निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	नामदेव महिपती यादव	पुलिस हवलदार	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28.01.2020 की शाम को, राजस्थान पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक, कोल्हापुर जिला, महाराष्ट्र के कार्यालय को टेलीफोन पर सूचित किया कि निरीक्षक नरेंद्र पुनिया के नेतृत्व में राजस्थान अपराध शाखा के पुलिस अधिकारियों की एक टीम बेंगलुरु-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-4) पर बहुत तेज गति से पूना की ओर जा रही एक सफेद स्विफ्ट कार का पीछा कर रही है। उक्त अधिकारी ने यह भी बताया कि उस कार पर नम्बर प्लेट नहीं है और उसमें तीन खूंखार अपराधी अर्थात शामलाल पुनिया, राजस्थान के कुख्यात "007 बिश्नोई गैंग" का लीडर और उसके दो सहयोगी सवार हैं तथा जब राजस्थान पुलिस की टीम विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर हुबली, कर्नाटक पहुंची,

तो वे उस कस्बे से कार से भाग निकले थे। कार की वास्तविक लोकेशन, अपराधियों के फोटोग्राफ और निरीक्षक पुनिया के संपर्क ब्यौरे को साझा करते हुए, उक्त अधिकारी ने अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए कोल्हापुर पुलिस से सहायता का अनुरोध किया। उन्होंने आगाह किया कि इस गैंग ने अपने गंभीर अपराधों से न केवल राजस्थान के कई भागों में आतंक फैला रखा है, बल्कि जिन पुलिस टीमों को उन्हें गिरफ्तार करने का काम सौंपा जाता है, वे उन पर गोलीबारी करने के लिए भी कुख्यात हैं।

सम्पूर्ण जानकारी तत्काल निरीक्षक तानाजी दिंगबर सावंत, जिला स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) के प्रभारी अधिकारी के साथ साझा की गई और उन्हें नाकाबंदी करने, बचकर भाग रही कार को रोकने तथा अपराधियों को गिरफ्तार करने का कार्य सौंपा गया। निरीक्षक सावंत तुरंत अपनी एलसीबी टीम के साथ एनएच-4 पर किनी टोल बूथ की ओर चल पड़े और साथ ही, निरीक्षक पुनिया से अपराधियों की लाइव लोकेशन लेनी भी शुरू कर दी। टोल बूथ पर पहुंचने के बाद, निरीक्षक सावंत ने शीघ्रतापूर्वक स्थिति का जायजा लिया और अपनी टीम को सौंपे गए कार्य के बारे में अवगत कराया। टीम के सदस्यों को इस ऑपरेशन में उनकी व्यक्तिगत भूमिकाओं के बारे में बताते हुए, निरीक्षक सावंत ने उन्हें एक नाकाबंदी के रूप में राजमार्ग के पुणे की ओर जाने वाले भाग पर रणनीतिक ढंग से तैनात कर दिया। उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों को इस ढंग से तैनात किया कि अपराधियों को पुलिस की मौजूदगी के बारे में कोई भनक न लग सके। टोल बूथ पर कोल्हापुर की दिशा में कार के रूकने पर उसे तत्काल घेर लेने की ऑपरेशनल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, निरीक्षक सावंत ने इस ऑपरेशनल तैनाती में अपने कुछ कार्मिकों के साथ सामने की ओर पोजीशन ले ली। उन्होंने अन्य सदस्यों को टोल बूथ पर पुणे की दिशा में इस ढंग से तैनात किया कि यदि अपराधी पुनः भागने का प्रयास करें, तो वे तत्काल उनका पीछा करने और उन्हें पकड़ने की स्थिति में हों।

उसके बाद निरीक्षक सावंत ने वहां से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन की पैनी नजर से सावधानीपूर्वक स्क्रीनिंग शुरू कर दी। कुछ मिनटों के बाद, सहायक पुलिस निरीक्षक घुले ने "एक बिना नम्बर प्लेट वाली सफेद स्विफ्ट कार को टोल बूथ की और आते हुए देखा" और पुलिस निरीक्षक सावंत को इसके बारे में सूचित किया। पुलिस निरीक्षक सावंत ने देखा कि कार के अलावा, इसके भीतर मौजूद तीनों सवारियों का हुलिया भी राजस्थान पुलिस द्वारा उनके साथ साझा किए गए अपराधियों के फोटोग्राफ से हुबहू मिलता है।

निरीक्षक सावंत ने तत्काल अपनी टीम के सदस्यों को इशारा कर दिया और वे पलक झपकते ही हरकत में आ गए। निरीक्षक सावंत ने कार को पीछे से और उनकी टीम के दो सदस्यों ने दो दिशाओं से कवर करके सावधानीपूर्वक कार की ओर आगे बढ़ना शुरू कर दिया। कार के नजदीक आने के बाद, निरीक्षक सावंत ने तेज आवाज में स्वयं को एक पुलिस अधिकारी बताते हुए अपराधियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की। तथापि, अपराधियों ने कार को तेजी से बूथ की दूसरी लेन में घुमाकर वहां से बचकर भागने का प्रयास किया। तेजी से बचकर भागने के प्रयास में, कार अपराधियों के नियंत्रण के बाहर हो गई, जिससे उनकी कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई और एकाएक रूक गई।

जब निरीक्षक सावंत और पुलिस हवलदार नामदेव महिपती यादव दौड़कर कार के निकट पहुंचे, तो पिछली सीट पर बैठे अपराधी ने ड्राइवर के निकट बैठे हुए दूसरे अपराधी को पुलिस की टीम पर गोलीबारी करने के लिए उकसाया। इसके प्रत्युत्तर में, ड्राइवर के निकट बैठे हुए अपराधी, जिसकी बाद में गैंग लीडर शामलाल पुनिया के रूप में पहचान की गई, ने अपनी पिस्तौल से पुलिस हवलदार नामदेव महिपती यादव की दिशा में गोलीबारी शुरू कर दी। अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए, पुलिस हवलदार नामदेव महिपती यादव ने विवेकपूर्वक सड़क पर लेटकर गोली से अपना बचाव किया और साथ ही कार के दरवाजे को भी अंदर की तरफ धकेल दिया। एक भीड़-भाड़ वाला स्थान होने के कारण, अपराधी द्वारा चलाई गई गोली की आवाज से टोल बूथ पर भारी शोरगुल हुआ और अफरातफरी मच गई। पुलिस हवलदार नामदेव महिपती यादव की जान को आसन्न खतरे को भांपते हुए, निरीक्षक सावंत ने उन्हें तुरंत वहां से हटकर कार के पीछे अपने पास आने के लिए कहा। उसी क्षण जब पुलिस हवलदार नामदेव महिपती यादव पीछे हटकर निरीक्षक सावंत के पास गए, तब अपराधी शामलाल पुनिया कार से नीचे उतरा और उसने निरीक्षक सावंत तथा पुलिस हवलदार नामदेव महिपती यादव की दिशा में गोलीबारी शुरू कर दी। अपनी जान को आसन्न खतरे के बावजूद निरीक्षक सावंत ने फुर्ती से वीरतापूर्ण कार्रवाई की और अपनी सर्विस पिस्तौल से आत्म-रक्षा में छह राउंड गोलियां चलाईं। जब गोली लगने से गैंगस्टर जमीन पर गिर गया, तब निरीक्षक सावंत और पुलिस हवलदार नामदेव महिपती यादव पुनः अपनी जान को जोखिम में डालते हुए उसके नजदीक गए और सभी तीनों अपराधियों को दबोच लिया। उनमें से गोलीबारी के दौरान घायल होने वाले दो अपराधियों अर्थात शामलाल पुनिया और श्रवणकुमार मनोहरलाल मंजू उर्फ बिश्नोई को अस्पताल ले जाया गया।

तदनंतर, तीनों अपराधियों के विरुद्ध वडगांव पुलिस स्टेशन, जिला कोल्हापुर में आयुध अधिनियम की धारा 3 और 25 (1) (क) तथा मोटर यान अधिनियम की धारा 184 एवं 177 के साथ पठित भारतीय दंड संहिता की धारा 307, 353, 279 और 34 के तहत सी.आर.सं. 44/2020 के अंतर्गत एक अपराध दर्ज कर लिया गया। जांच के दौरान यह पता चला कि राजस्थान के जोधपुर जिले के निवासी शामलाल पुनिया ने लोगों के मन में डर पैदा करके आर्थिक और अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए कुख्यात "007 बिश्नोई" गैंग बनाया था। अपराधी पुनिया ने अपने अनेक सहयोगियों के साथ राजस्थान के विभिन्न भागों में बलात्कार, डकैती, हत्या का प्रयास, अपहरण, जबरन धन वसूली, गोली चलाने आदि जैसे 31 से अधिक गंभीर अपराध किए थे। वह और इस ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किए गए उसके दो सहयोगी राजस्थान से वर्ष 2017 से फरार थे तथा वे अंतरराज्यीय अपराधों को अंजाम देते हुए लगातार अपना ठिकाना बदल रहे थे। उन्हें राजस्थान के विभिन्न सक्षम न्यायालयों द्वारा भी अपराधी घोषित किया गया था। इस पृष्ठभूमि में, वडगांव पुलिस स्टेशन के उपर्युक्त मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध गतिविधि नियंत्रण अधिनियम, 1999 (एमसीओसी अधिनियम, 1999) के प्रावधान भी लागू किए गए थे।

उक्त ऑपरेशन का कार्य सौंपे जाने पर, निरीक्षक तानाजी सावंत ने तत्काल स्थिति की तात्कालिकता को भांप लिया और वे यथा संभव कम से कम समय में किनी टोल बूथ पर पहुंच गए। खूंखार अपराधियों की पृष्ठभूमि आपराधिक होने और पुलिस टीमों के विरुद्ध आग्नेयास्त्रों का इस्तेमाल करने के लिए कुख्यात होने के कारण, इस बात की संभावना थी कि अपराधी उन पर गोलीबारी कर सकते हैं। इस प्रकार की भयावह

परिस्थिति में, निरीक्षक तानाजी सावंत और पुलिस हवलदार नामदेव महिपती यादव ने अपनी जान को जोखिम में डालकर बिल्कुल नजदीक से खूंखार अपराधियों का साहस के साथ सामना करते हुए उच्चकोटि की वीरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने खूंखार अपराधियों के साथ भीषण गोलीबारी की और उनमें से दो अपराधियों को घायल करने में सफलता प्राप्त की। यह बहुत से लोगों के बीच और अफरातफरी के माहौल में हाल ही में किए गए अत्यधिक साहसिक ऑपरेशनों में से एक था। निरीक्षक तानाजी सावंत और पुलिस हवलदार नामदेव महिपती यादव द्वारा की गई इस उत्कृष्ट वीरतापूर्ण कार्रवाई के परिणामस्वरूप, "007 बिश्नोई गैंग" के कट्टर और घोषित अपराधियों, जिन्होंने राजस्थान में आतंक का साम्राज्य पैदा कर रखा था, को पकड़ा जा सका और उन पर एमसीओसी अधिनियम, 1999 के कड़े प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की गई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री तानाजी दिंगबर सावंत, पुलिस निरीक्षक और नामदेव महिपती यादव, पुलिस हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28/01/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/36/2021-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 59-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी), मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. श्री अवतार चकमा	राइफलमैन	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

राइफलमैन (जनरल ड्यूटी) अवतार चकमा एक अत्यधिक प्रेरित और बहादुर सैनिक थे। उन्होंने जिला चांगलांग, अरुणाचल प्रदेश में विद्रोहियों से लड़ते हुए असाधारण वीरता और अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

दिनांक 22 मई, 2021 को, लोंगवी गांव में बर्मा के 14-15 नागरिकों की आवाजाही के बारे में प्राप्त सूचना के आधार पर, श्री हट (एमवाई-416692) के सामान्य क्षेत्र की ओर एक ऑपरेशन शुरू किया गया। 0715 बजे, पार्टी बॉक्स कटिंग (एमवाई-417651) की ओर आगे बढ़ी, जिसका नेतृत्व स्काउट के रूप में राइफलमैन अवतार चकमा कर रहे थे। दिनांक 22 मई, 2021 को लगभग 0830 बजे, बॉक्स कटिंग में पार्टी का सामना अज्ञात विद्रोहियों से हुआ। विद्रोहियों ने छोटे हथियारों से पार्टी पर हमला कर दिया, जिसका पार्टी ने भी जवाब दिया और इसके दौरान स्काउट होने के कारण राइफलमैन अवतार चकमा और विद्रोहियों के बीच बिलकुल नजदीक से गोलीबारी शुरू हो गई। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, उनके द्वारा की गई तत्काल जवाबी कार्रवाई ने विद्रोहियों को आगे बढ़ने से रोक दिया और उनके द्वारा अकेले ही की गई निःस्वार्थ कार्रवाई की वजह से उनकी गश्त में शामिल कार्मिकों की जान बच गई, जबकि उन्होंने विद्रोहियों से लड़ते हुए अपनी जान न्यौछावर कर दी।

इस ऑपरेशन में स्व. श्री अवतार चकमा, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22/05/2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/1220/53/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 60-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	अवनीश कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	मो. बाकीबुल्ला हक	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	अवतार सिंह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
4.	अनिल यादव	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	अनिल शर्मा	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	राजु चौधरी	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
7.	बी. रामनजेनयुल्लु	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30 नवम्बर, 2020 को, उप निरीक्षक (जीडी) पाओतीनसट गुइटे के नेतृत्व में बीएसएफ की 59वीं बटालियन की घातक टीम की 24 घंटे वाली विशेष घात पार्टी को 07 अन्य रैंक (ओआर) के कार्मिकों के साथ 120 इंफैन्ट्री ब्रिगेड के सैन्य ऑपरेशन नियंत्रण के अंतर्गत नियंत्रण रेखा पर अत्यधिक संवेदनशील दमईकुश बाउल क्षेत्र में आतंकवादियों के संभावित प्रवेश मार्ग पर तैनात किया गया।

दिनांक 01 दिसम्बर, 2020 को लगभग 0835 बजे, घातक टीम पर दमईकुश नाला (पाकिस्तान की तरफ) की दिशा से घात वाले स्थान के बिल्कुल निकट से गोलीबारी की गई। उप निरीक्षक (जीडी) पाओतीनसट गुइटे ने ऊबड़-खाबड़ भूमि और घनी झाड़ियों से युक्त अत्यधिक बारूदी सुरंग वाला क्षेत्र होने के बावजूद, अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए स्थिति को तत्काल नियंत्रित किया, पुनः घात लगाई और आतंकवादी समूह की तरफ समन्वित, प्रभावकारी, तीव्र एवं आक्रामक जवाबी गोलीबारी की। शत्रु को उलझाए रखने हेतु कार्रवाई करते समय, उप निरीक्षक/जीडी पाओतीनसट गुइटे के धड़ के ऊपरी भाग में गोली लग गई। अपनी सुरक्षा की जरा सी भी परवाह किए बिना, उन्होंने अपनी टीम को रक्षात्मक गोलीबारी प्रदान करने के लिए, भारी गोलीबारी करके शत्रु को उलझाए रखा। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, उन्होंने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया और एक आतंकवादी को सफलतापूर्वक मार गिराया।

उप निरीक्षक (जीडी) पाओतीनसट गुइटे की वीरतापूर्ण कार्रवाई का उनकी टीम के शेष सदस्यों ने भी अनुसरण किया और घात पार्टी के शेष सदस्यों, जिनमें सिपाही बी. रामनजेनयुल्लु, सिपाही अवनीश कुमार, सिपाही मो. बाकीबुल्ला हक, सिपाही अवतार सिंह, सिपाही अनिल यादव, सिपाही अनिल शर्मा और सिपाही राजु चौधरी सदस्य शामिल थे, ने आतंकवादी समूह को आक्रामक रूप से उलझाए रखा।

आतंकवादियों के साथ बिलकुल निकट से हुई इस बंदूक की लड़ाई में, उक्त टीम ने नियंत्रण रेखा पर तैनाती के दौरान देश की संप्रभुता की रक्षा करने में अदम्य साहस, विशिष्ट वीरता और अत्यधिक दृढ़निश्चय का प्रदर्शन किया। उप निरीक्षक (जीडी) पाओतीनसट गुइटे के सक्रिय नेतृत्व में घात पार्टी द्वारा की गई त्वरित जवाबी कार्रवाई के परिणामस्वरूप हिजबुल मुजाहिद्दीन के तीन आतंकवादी मारे गए। उनके सामूहिक दृढ़निश्चय और पराक्रम ने खूंखार आतंकवादियों के नापाक मंसूबों और बम्प कॉप्लेक्स में ऑपरेशन लिंक को निशाना बनाने के उनके संभावित प्रयास को विफल कर दिया।

इसके अतिरिक्त, शत्रु की चौकियों और आतंकवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बीच, घात पार्टी घायल उप निरीक्षक (जीडी) पाओतीनसट गुइटे को एक नैरो इंफैन्ट्री सेफ लेन (आईएसएल) के माध्यम से बाहर निकालने में सफल रही। इस बंदूक की लड़ाई के दौरान, विशेष घात पार्टी के कार्मिकों ने अदम्य साहस, विशिष्ट वीरतापूर्ण कार्रवाई तथा पूर्ण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया और अपनी ऑपरेशन लिंक पार्टी के प्रति खतरे को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और साथ ही घुसपैठियों को क्षति भी पहुंचाई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री अवनीश कुमार, सिपाही, मो. बाकीबुल्ला हक, सिपाही, अवतार सिंह, सिपाही, अनिल यादव, सिपाही, अनिल शर्मा, सिपाही, राजु चौधरी, सिपाही और बी. रामनजेनयुल्लु, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01/12/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/60/47/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 61-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	श्री राजेश सिंह	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सीआईएसएफ यूनिट एनपीजीसीएल नबीनगर के कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह ने क्वार्टर गार्ड ड्यूटी के लिए तैनात किए जाने पर, दिनांक 12.01.2017 को अपने सहयोगियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके दौरान उन्होंने बल के चार सदस्यों नामत: सहायक उप निरीक्षक/एक्जी. गौरी शंकर राम, हेड कांस्टेबल/जीडी बच्चा शर्मा, हेड कांस्टेबल/जीडी अमर नाथ मिश्रा और हेड कांस्टेबल/जीडी अरविंद कुमार की हत्या कर दी। वे अपने सहयोगियों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए पुरानी बैरक से नई बैरक में चले गए, जिससे आम नागरिक दहशत में आ गए, क्योंकि कांस्टेबल बलवीर सिंह अपने रास्ते में आने वाले हर व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर देना चाहते थे। इसके बाद कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह नए शिकार की तलाश में नई बैरक की ओर आगे बढ़े और इस दौरान यह पता लगने पर कि नई बैरक की छत पर कुछ लोग मौजूद हैं, वे उन्हें अपने हथियार से गोली मारने के लिए आगे बढ़े।

तथापि, जब कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह नई बैरक की छत पर पहुंचे, तो उन्हें सीआईएसएफ यूनिट एनपीजीसीएल नबीनगर के हेड कांस्टेबल/जीडी राजेश सिंह द्वारा दी गई एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा। हेड कांस्टेबल/जीडी राजेश सिंह, जो निहत्थे थे, ने अकेले ही कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह से मुकाबला किया। वे यह अच्छी तरह से जानते थे कि कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह गुस्से में हैं और उसके पास हमला करने वाले घातक हथियार हैं तथा वे अपनी जान भी गंवा सकते हैं, तथापि उन्होंने दृढ़ संकल्प के साथ मानव जीवन को बचाने के लिए अकेले ही कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह से मुकाबला किया।

हेड कांस्टेबल/जीडी राजेश सिंह ने छत के ऊपर रणनीतिक पोजीशन ले ली और रणकौशल की अपनी समस्त जानकारी एवं कौशल का उपयोग करते हुए बहुत ही कम समय के भीतर वे कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह को निहत्था करने में कामयाब हो गए। कुछ त्वरित चालों के साथ, हेड कांस्टेबल/जीडी राजेश सिंह कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह से इंसास राइफल छीनने में कामयाब हो गए और उन्होंने राइफल को छत से नीचे फेंक दिया, ताकि कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह घातक हथियार तक न पहुंच सकें। जैसे ही वे कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह को निहत्था करने और उसके हथियार को फेंकने में सफल हुए, उन्होंने कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह को समझाने की कोशिश की। तथापि, कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह अभी भी अत्यधिक रोष और गुस्से में थे और उसने हेड कांस्टेबल/जीडी राजेश सिंह को छत से उठाकर नीचे फेंकने की कोशिश की। उन दोनों में हाथापाई हो गई। तथापि, हेड कांस्टेबल/जीडी राजेश सिंह ने उम्मीद खोए बिना अपनी पूरी ताकत के साथ अपने प्रतिद्वंदी से मुकाबला करना जारी रखा। लगभग 7-10 मिनट के संघर्ष के बाद, हेड कांस्टेबल/जीडी राजेश सिंह कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह को काबू में करने और उसे जमीन पर गिराने में सफल रहे। इसके बाद हेड कांस्टेबल/जीडी राजेश सिंह उसे कार्यालय के बंकर में ले आए, जहां से उसे पुलिस को सौंप दिया गया।

इस प्रकार, जहां अन्य लोग कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह की दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई की वजह से अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे थे, वहीं हेड कांस्टेबल/जीडी राजेश सिंह ने अनुकरणीय वीरता और साहस का प्रदर्शन किया। हेड कांस्टेबल/जीडी राजेश सिंह अत्यधिक हिम्मत और धैर्य के साथ मैदान पर डटे रहे। उन्होंने कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह को चुनौती देने और निहत्था करने का यह साहसिक कार्य अकेले ही किया। वे यह जानते थे कि उनके द्वारा लिए गये इस निर्णय के परिणामस्वरूप कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह द्वारा उनकी हत्या भी की जा सकती है, तथापि उन्होंने निहत्था और उससे उम्र में अधिक होते हुए भी उससे मुकाबला करने का निर्णय लिया। उन्होंने कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह द्वारा आगे नरसंहार को रोकने के लिए, न केवल कांस्टेबल/जीडी बलवीर सिंह को निहत्था किया, बल्कि उसे पूर्णतया काबू में भी किया।

इस ऑपरेशन में श्री राजेश सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12/01/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/2236/50/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 62-प्रेज/2023— भारत की माननीय राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं :—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	शिव प्रताप सिंह यादव	सहायक कमांडेन्ट	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	अवनीश कुमार शुक्ल	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	यंश कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	पिन्टु तिर्की	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
5.	अनूप दास	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	निरंजन घोष	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

चक्रबंधा के वन क्षेत्र में बीजेएसएसी सदस्य संदीप यादव के नेतृत्व में सशस्त्र माओवादी कैडरों के एक समूह की मौजूदगी के बारे में प्राप्त सूचना के आधार पर, 205 कोबरा और 159 सीआरपीएफ द्वारा बिहार पुलिस के साथ मिलकर एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।

योजना के अनुसार, 17 मई, 2019 को लगभग 12:30 बजे, कोबरा और सीआरपीएफ की टीमें कैंप से लक्षित क्षेत्र के लिए रवाना हो गईं। अगले दिन सुबह, लगभग 01:45 बजे, जब सैन्य दस्ते जंगल के अंदर खोज-बीन कर रहे थे, तब माओवादियों ने 205 कोबरा की एक टीम, जिसका नेतृत्व सहायक कमांडेन्ट, श्री शिव प्रताप सिंह कर रहे थे, पर घात लगाकर हमला किया। कोबरा टीम की एक टुकड़ी माओवादियों के घातक क्षेत्र में बुरी तरह से फंस गई। इस मौके पर, सहायक कमांडेन्ट श्री शिव प्रताप सिंह ने धैर्य बनाए रखते हुए और तेज रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए, तुरंत स्थिति का आकलन किया और एक जवाबी कार्रवाई की योजना तैयार की। उन्होंने उप निरीक्षक/जीडी अवनीश कुमार शुक्ल को एक छोटी टीम के साथ एक किनारे से माओवादियों पर जवाबी हमला करने का आदेश दिया, जबकि वे अपने सहयोगी सिपाही/जीडी यंश कुमार के साथ दूसरे किनारे को कवर करने के लिए आगे बढ़े।

गोलियों की बौछार के बीच, उप निरीक्षक/जीडी अवनीश कुमार शुक्ल एक किनारे से सिपाही/जीडी पिन्टु तिर्की, सिपाही/जीडी अनूप दास और सिपाही/जीडी निरंजन घोष के साथ, घात लगाकर किए गए हमले का जवाब देने के लिए माओवादियों की ओर आगे बढ़े, लेकिन उन्हें इस बात का आश्चर्य हुआ कि माओवादी इसके लिए पहले से ही तैयार थे और उन्होंने उनसे आमने-सामने की लड़ाई लड़ी। उन्होंने उप निरीक्षक/जीडी अवनीश कुमार शुक्ल की टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उन्हें जान से मारने तथा उनके हथियार छीनने के लिए आगे बढ़े। तथापि, इसी बीच, सहायक कमांडेन्ट श्री शिव प्रताप सिंह और सिपाही यंश कुमार एक रणनीतिक स्थान तक पहुंचने में कामयाब हो गए और उन्होंने वहां से माओवादियों पर भारी गोलाबारी शुरु कर दी, जिससे दूसरी टीम से माओवादियों का ध्यान हट गया। इस मौके का फायदा उठाते हुए, उप निरीक्षक/जीडी अवनीश कुमार शुक्ल ने अपनी पोजीशन बदल ली और अपनी छोटी सी टीम के साथ माओवादियों के खिलाफ जोरदार जवाबी हमला शुरू कर दिया। दो तरफ से एक साथ किए गए जवाबी हमले से माओवादियों का हौसला टूट गया और वे पीछे हटने के लिए मजबूर हो गए। शिलाखंडों और अंधेरे की आड़ में माओवादी घटना स्थल से भाग गए।

जब गोलीबारी रूक गई, तब सैन्य दस्तों ने क्षेत्र की तलाशी ली और एक माओवादी अर्थात अनिल राय, जेडसीएम का शव तथा एक एके 56 राइफल, 2 मैगजीनें, 2 आईईडी, 1 वॉकी-टॉकी सेट और कई अन्य वस्तुएं भी बरामद कीं।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री शिव प्रताप सिंह यादव, सहायक कमांडेन्ट, अवनीश कुमार शुक्ल, उप निरीक्षक, यंश कुमार, सिपाही, पिन्टु तिर्की, सिपाही, अनूप दास, सिपाही, और निरंजन घोष, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18/05/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. -11020/75/48/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 63-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) और वीरता के लिए पुलिस पदक, मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. खुन्द्राकपम ओपेन्द्रो सिंह	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
2.	स्व. अनिल कुमार सिंह	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
3.	स्व. रवि कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)

4.	स्व. दिवाकर कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
5.	स्व. पलाश मंडल	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
6.	स्व. दीपक घोष	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
7.	स्व. सिनोद कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
8.	स्व. हर्वेन्द्र पंवार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
9.	स्व. रमेश कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
10.	स्व. मनोज कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
11.	चंदन कुमार	सहायक कमांडेन्ट	वीरता के लिए पुलिस पदक
12.	अभिषेक कुमार द्विवेदी	सहायक कमांडेन्ट	वीरता के लिए पुलिस पदक
13.	रामस्वरूप यादव	सहायक कमांडेन्ट	वीरता के लिए पुलिस पदक
14.	रणवीर सिंह	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
15.	बमबम कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

गांव लंगोराही, पुलिस स्टेशन मंडनपुर, औरंगाबाद के दक्षिण पूर्व में स्थित पहाड़ियों में सीपीआई माओवादी के 30-40 सशस्त्र कैडरों की मौजूदगी के बारे में प्राप्त एक खुफिया सूचना के आधार पर, 16 जुलाई 2016 को 205 कोबरा द्वारा एक ऑपरेशन शुरू किया गया। यह भी पता चला कि माओवादियों ने चक्रबंधा के वन क्षेत्र के आस-पास आईईडी लगा रखी है।

दो टीमों के दो हमलावर दल वन क्षेत्र की ओर आगे बढ़े। हमलावर दल I में सहायक कमांडेन्ट श्री चंदन कुमार और उप कमांडेन्ट श्री सिद्धार्थ के नेतृत्व में टीम नंबर 11 और 12 शामिल थीं, जबकि हमलावर दल II में सहायक कमांडेन्ट श्री अभिषेक द्विवेदी और सहायक कमांडेन्ट श्री रामस्वरूप यादव के नेतृत्व में टीम नंबर 14 और 18 शामिल थीं।

दिनांक 18 जुलाई 2016 को लगभग 11:15 बजे, जब सहायक कमांडेन्ट श्री रामस्वरूप यादव के नेतृत्व में हमलावर दल II डुमरी नाले के उत्तर दिशा में पहाड़ी पर चतुराई से ऊपर चढ़ रहा था, तभी वे स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल कर रहे माओवादियों की भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए। सहायक कमांडेन्ट श्री अभिषेक द्विवेदी के नेतृत्व में टीम नंबर 14 और सहायक कमांडेन्ट श्री रामस्वरूप यादव के नेतृत्व में टीम नंबर 18 ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और उन्होंने पोजीशन लेकर जवाबी हमला शुरू कर दिया।

हमलावर दल I को पहाड़ी की चोटी से हमलावर दल II की सहायता करने के लिए माओवादियों पर गोलीबारी करने का निदेश दिया गया। इस बीच, हमलावर दल II ने माओवादियों को सामने की ओर से उलझा दिया और गोलाबारी करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति अपनाकर उन्हें पीछे धकेलना जारी रखा। हमलावर दल II रेंगते हुए घात स्थल के मारक क्षेत्र (किलिंग जोन) से बाहर निकलने में सफल हो गया।

इसके साथ ही, माओवादियों द्वारा आईईडी के श्रृंखलाबद्ध विस्फोट किए गए, जिसमें हमलावर दल II के हेड कांस्टेबल/जीडी खुन्द्राकपम ओपेन्द्रो सिंह की टुकड़ी को चोटें आईं और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, सभी घायल कमांडो अर्थात सिपाही/जीडी रमेश कुमार, सिपाही/जीडी दीपक घोष, सिपाही/जीडी अनिल कुमार सिंह, सिपाही/जीडी मनोज कुमार, सिपाही/जीडी हर्वेन्द्र पंवार, सिपाही/जीडी पलाश मंडल और सिपाही/जीडी सिनोद कुमार लगातार माओवादियों पर गोलीबारी करते रहे, जिससे माओवादी गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी समय, हमलावर दल II की उसी टीम के सिपाही/जीडी दिवाकर कुमार और सिपाही/जीडी रमेश कुमार ने माओवादियों की ओर ग्रेनेड फेंके। ये जांबाज कमांडो अपनी अंतिम सांस तक खाइयों से लगातार गोलीबारी करते रहे।

विभिन्न आईईडी के प्रभाव, अराजक स्थिति और घायल होने के बावजूद, सहायक कमांडेन्ट श्री अभिषेक और सहायक कमांडेन्ट श्री रामस्वरूप अपनी-अपनी टीमों को संगठित करने में सफल रहे और उन्होंने टीमों को प्रभावी ढंग से गोलाबारी करने के लिए प्रेरित किया।

इस बीच, सहायक कमांडेन्ट श्री चंदन कुमार के नेतृत्व में हमलावर दल I की टीम नंबर 11, जो पहाड़ी की चोटी की ओर जा रही थी, भी भारी गोलीबारी की चपेट में आ गई। इससे विचलित हुए बिना, उप निरीक्षक/जीडी रणवीर सिंह, सिपाही/जीडी रवि कुमार और सिपाही/जीडी बमबम कुमार ने अनुकरणीय बहादुरी का प्रदर्शन किया तथा अपनी जान की परवाह किए बिना दुश्मन को दोनों ओर से घेर लिया और पहाड़ी की चोटी पर पहुंच गए। सिपाही/जीडी रवि कुमार गोलाबारी के बीच रेंगते हुए आगे बढ़े एवं लक्ष्य के करीब पहुंच गए और वहां पर हुई आमने-सामने की लड़ाई में उन्होंने एक माओवादी को मार गिराया। इस दौरान, सिपाही/जीडी रवि कुमार को एक गोली लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए, फिर भी वे अपनी अंतिम सांस तक बहादुरी से लड़ते रहे।

सभी घायल कमांडो को बाहर निकालने के बाद, गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति अपनाकर, विभिन्न दिशाओं से एक जोरदार जवाबी हमला किया गया। भारी गोलीबारी के कारण, माओवादियों को अपने मजबूत ठिकाने को छोड़ना पड़ा और वे पीछे हटने के लिए

मजबूर हो गए। वहां से पीछे हटते हुए, उन्होंने फिर से कई आईईडी विस्फोट किए। गोलीबारी बंद होने के बाद, सैन्य दस्ते ने क्षेत्र की पूरी तरह से तलाशी ली और तीन माओवादियों के शव तथा भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और सामान बरामद किया। तथापि, माओवादी अपने कुछ हताहत साथियों को ले जाने में सफल रहे।

आईईडी विस्फोटों के कारण हुए प्रारंभिक नुकसान के बावजूद, सैन्य दस्ते अदम्य प्रतिबद्धता के साथ डटे रहे और अद्वितीय बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने एक अत्यंत सुरक्षित स्थान से डटकर मोर्चा संभाले हुए दुश्मन को वहां से हटा दिया। सैन्य दस्ते ने बहादुरी से मुकाबला किया और यह सुनिश्चित किया कि न केवल घायलों और शहीदों के हथियार सुरक्षित रहें, बल्कि मारे गए तीनों माओवादियों के शव और उनके हथियार भी बरामद कर लिए जाएं।

इस अभियान में सर्व/श्री स्व. खुन्द्राकपम ओपेन्द्रो सिंह, हेड कांस्टेबल, स्व. अनिल कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल, स्व. रवि कुमार, सिपाही, स्व. दिवाकर कुमार, सिपाही, स्व. पलाश मंडल, सिपाही, स्व. दीपक घोष, सिपाही, स्व. सिनोद कुमार, सिपाही, स्व. हर्वेन्द्र पंवार, सिपाही, स्व. रमेश कुमार, सिपाही, स्व. मनोज कुमार, सिपाही, चंदन कुमार, सहायक कमांडेन्ट, अभिषेक कुमार द्विवेदी, सहायक कमांडेन्ट, रामस्वरूप यादव, सहायक कमांडेन्ट, रणवीर सिंह, उप निरीक्षक और बमबम कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18/07/2016 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/76/48/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 64-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	महाले मनीष गोरख	द्वितीय कमान अधिकारी	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	अडागले किशोर गणेश	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	वीरेन्द्र कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 02 जून, 2020 को लगभग 03:00 बजे गांव साइमोह, पुलिस स्टेशन त्राल, जिला पुलवामा, जम्मू एवं कश्मीर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, 180 सीआरपीएफ, 42 आरआर, एसओजी त्राल और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

सैन्य दस्ता लक्षित गांव में पहुंच गया और उसने संदिग्ध घर की घेराबंदी कर दी। चूंकि घेराबंदी वाला क्षेत्र घने पेड़-पौधों वाला था, इसलिए आतंकवादियों का पता लगाने के लिए एक ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। लगभग 05:20 बजे, एक संदिग्ध आतंकवादी को एक घर के बगल में, एक नाले के पास झाड़ियों में छिपा हुआ देखा गया और एक अन्य आतंकवादी को पास के एक घर के अंदर भागते हुए देखा गया। ड्रोन को देखते ही, आतंकवादी ने ड्रोन के साथ-साथ सैन्य दल पर भी गोलीबारी शुरू कर दी और उसने एक ग्रेनेड भी फेंका। वह ग्रेनेड सहायक कमांडेन्ट श्री वेलत राम दांगी और सिपाही/जीडी वीरेन्द्र कुमार के सामने फटा, जिन्होंने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। चूंकि, आतंकवादी एक शिलाखंड के पीछे छिपा हुआ था, इसलिए गोलीबारी ज्यादा प्रभावी नहीं हो पा रही थी। सिपाही/जीडी वीरेन्द्र कुमार दूसरी तरफ से उस शिलाखंड की ओर आगे बढ़े और वहां तक पहुँचने में कामयाब रहे तथा आतंकवादी पर गोलीबारी करके उसका खात्मा कर दिया।

इसके बाद, द्वितीय कमान अधिकारी श्री महाले मनीष गोरख, उनके सहयोगी सिपाही/जीडी अडागले किशोर गणेश और 42 आरआर, एसओजी तथा जम्मू एवं कश्मीर पुलिस की टुकड़ियों को शामिल करके एक संयुक्त तलाशी दल का गठन किया गया और उसे उस क्षेत्र की तलाशी शुरू करने का काम सौंपा गया। घेराबंदी के अंदर मौजूद आम नागरिकों को संयुक्त टीम ने वहां से बाहर निकाला। जम्मू एवं कश्मीर पुलिस द्वारा आतंकियों से आत्म-समर्पण करने की अपील की गई, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। संयुक्त तलाशी दल की गतिविधि को भांपते हुए, घर में छिपा हुआ आतंकवादी बाहर निकला और उसने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। द्वितीय कमान अधिकारी श्री महाले मनीष गोरख और सिपाही/जीडी अडागले किशोर गणेश ने भाग रहे आतंकवादी पर भारी गोलीबारी करके जवाबी कार्रवाई की, जिससे वह घायल हो गया। परन्तु, वह एक अन्य घर के आँगन में छिपने में कामयाब हो गया। जब द्वितीय कमान अधिकारी श्री महाले मनीष गोरख और सिपाही/जीडी अडागले

किशोर गणेश घायल आतंकवादी का पता लगाने के लिए आगे बढ़े, तो उसने उनकी ओर गोलीबारी शुरू कर दी। इस दौरान वे दोनों अडिग रहे और एक करीबी लड़ाई में प्रभावी गोलीबारी करके उसका खात्मा कर दिया।

मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में, जेईएम के अकीब रमजान वानी (श्रेणी "ग") और मोहम्मद मकबूल चोपन (श्रेणी "ग") के रूप में की गई। उनके पास से दो एके 47 राइफलें, दो पिस्तौलें, मैगजीनें, गोला-बारूद और तीन हैंड ग्रेनेड भी बरामद किए गए।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री महाले मनीष गोरख, द्वितीय कमान अधिकारी, अडागले किशोर गणेश, सिपाही और वीरेन्द्र कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 02/06/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं-11020/80/48/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 65-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	रणजीत सिन्हा	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	अरुण कृष्णन ई वी	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 05 मई, 2021 को कनिगम गांव के मीर मोहल्ला, पुलिस स्टेशन इमाम साहिब, जिला शोपियां, जम्मू एवं कश्मीर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में प्राप्त एक विशेष सूचना के आधार पर, 178 सीआरपीएफ, 44 आरआर और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

लक्षित गांव में पहुंचने पर, सैन्य दस्तों ने सभी संदिग्ध घरों की घेराबंदी कर दी और बचकर भाग निकलने के सभी संभावित रास्ते बंद कर दिए। शुरुआती घेराबंदी के दौरान, दो संदिग्ध व्यक्तियों को बिना हथियारों के एक घर की चारदीवारी को पार करते हुए देखा गया। घेराबंदी टीम ने उन्हें चेतावनी देने और पीछे हटने पर मजबूर करने के लिए कुछ हवाई शॉट फायर किए।

इस बीच, 178 सीआरपीएफ के कमांडेन्ट, यूनिट सीटीटी के साथ मौके पर पहुंच गए। 178 सीआरपीएफ, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस और 44 आरआर की अतिरिक्त टीमों ने एक बड़े क्षेत्र को कवर किया और घेराबंदी को बढ़ा दिया। बाद में, यह पता चला कि आतंकवादी दूसरे मकान के स्टोर एवं उसके नीचे की दुकान में छिपे हुए हैं। आतंकवादियों से आत्म-समर्पण करने की अपील की गई, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ।

आतंकवादियों की लोकेशन का पता लगाने के बाद, घेराबंदी और कड़ी कर दी गई। सीटीटी 178 सीआरपीएफ के जवानों को उस दुकान/स्टोर, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, के सामने की सड़क के उस पार चतुराई से पेड़ों की आड़ में तैनात कर दिया गया। आतंकवादियों ने स्टोर के अंदर से एक ग्रेनेड फेंका, जो घेराबंदी टीम के समीप फट गया। घेराबंदी टीम ने जवाबी कार्रवाई की और एक यूबीजीएल ग्रेनेड उन पर दागा, जिससे स्टोर के अंदर रखे लट्ठों में आग लग गई।

अचानक, एक आतंकवादी स्टोर से बाहर निकला और आत्म-समर्पण कर दिया। पूछताछ करने पर, उसने बताया कि तीन आतंकवादी अभी भी घर के अंदर मौजूद हैं और उनके पास पिस्तौल, हैंड ग्रेनेड और कुछ गोला-बारूद भी है। अंदर से हो रही लगातार गोलीबारी के कारण, एक बुलेट प्रूफ (बीपी) जेसीबी को काम पर लगाया गया और दुकान के अगले हिस्से को तोड़ दिया गया। जैसे ही दुकान की सामने की दीवार को गिराया गया, उसमें छिपे हुए आतंकवादी बाहर निकले और गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका सीटीटी 178 सीआरपीएफ के सिपाही/जीडी रणजीत सिन्हा और सिपाही/जीडी अरुण कृष्णन ई वी द्वारा जवाब दिया गया। उन दोनों ने अपनी जान की परवाह किए बिना आतंकवादियों पर गोलियों की बौछार कर दी और उन्हें बिलकुल नजदीक से मार गिराया।

मारे गए तीनों आतंकवादियों की पहचान बाद में, जाहिद अहमद ऋषि (श्रेणी "ग"), उमर हसन भट (श्रेणी "ग") और दानिश सब्जार (श्रेणी "ग") के रूप में की गई और ये सभी अल-बद्र के सदस्य थे। आत्म-समर्पण करने वाला आतंकवादी तौसीफ अहमद थोकर था। इसके अलावा, मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से पिस्तौल की चार मैगजीनें और चार हैंड ग्रेनेड भी बरामद किए गए।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री रणजीत सिन्हा, सिपाही और अरुण कृष्णन ई वी, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05/05/2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/83/48/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 66-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	प्रहलाद सहाय चौधरी	सहायक कमांडेन्ट	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2.	सुबोध कुमार यादव	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	ईखलाक अहमद	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 16 दिसंबर, 2020 को, टेमना और बंधु, पुलिस स्टेशन गुदरी, पश्चिमी सिंहभूम, झारखंड के क्षेत्र में पीएलएफआई के शीर्ष कमांडरों की मौजूदगी के बारे में प्राप्त एक सूचना के आधार पर, 94 सीआरपीएफ की "एफ" कंपनी और राज्य पुलिस द्वारा एक अभियान शुरू किया गया। 94 सीआरपीएफ की "एफ" कंपनी की एक हमलावर टीम, राज्य पुलिस के साथ 23:25 बजे टेमना की ओर आगे बढ़ी।

विस्मय और गोपनीयता को बनाए रखते हुए, सैन्य दल लक्ष्य के करीब पहुंच गया। 17 दिसंबर, 2020 को 12:15 बजे, बंडू के पास इंडीपीढ़ी टोला वन क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट रूप से पुष्टि होने पर, सैन्य दल चतुराई से नए लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ा। नक्सली पहाड़ी की चोटी पर छिपे हुए थे और उन्होंने एक लाभप्रद पोजीशन ले रखी थी। सहायक कमांडेन्ट श्री प्रहलाद सहाय चौधरी ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का आकलन करने के बाद तीन टीमों का गठन किया, जिनमें से दो टीमें बाएं और दाएं किनारों को कवर करने के लिए थीं और एक मुख्य हमलावर टीम थी, जिसने पहाड़ी पर चढ़ना शुरू कर दिया।

योजना के अनुसार, तीनों टीमें अपने निर्धारित स्थानों की ओर आगे बढ़ीं। इसी बीच, नक्सलियों ने सैन्य दलों की मौजूदगी को भांप लिया और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य दलों ने तुरंत पोजीशन लेकर जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने आत्मसमर्पण करने की अपील को स्वीकार नहीं किया और गोलीबारी जारी रही। सहायक कमांडेन्ट श्री प्रहलाद सहाय चौधरी नेतृत्व और पहल करते हुए आगे बढ़े और उन्होंने दुश्मन पर यूबीजीएल दागने का आदेश दिया। गोलियों की बौछार के बीच, सिपाही/जीडी ईखलाक अहमद और सिपाही/जीडी सुबोध कुमार यादव के साथ सहायक कमांडेन्ट श्री प्रहलाद सहाय चौधरी सभी सावधानियों को दरकिनार करके रेंगते हुए नक्सलियों की ओर बढ़े तथा उनके करीब पहुंच गए और उनके ऊपर लक्षित गोलीबारी शुरू कर दी। समन्वित जवाबी हमले की वजह से नक्सली आश्चर्यचकित हो गए और उनका हौसला पस्त हो गया। नक्सली ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र का फायदा उठाकर और अपने मृत कैडर को वहीं छोड़कर घटना स्थल से भाग गए।

मुठभेड़ के बाद की गई तलाशी के दौरान, एक नक्सली का शव बरामद किया गया और एक नक्सली को गिरफ्तार किया गया। मारे गए नक्सली की पहचान बाद में, पीएलएफआई के सदस्य सोनू उर्फ मगरा और पकड़े गए नक्सली की पहचान फूल चंद मुंडा के रूप में की गई। इसके अलावा तीन पिस्टलें, सात मैगजीनें, पैंतालीस जिंदा राउंड, पांच वायरलेस सेट और विभिन्न अन्य वस्तुएँ भी बरामद की गईं।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री प्रहलाद सहाय चौधरी, सहायक कमांडेन्ट, सुबोध कुमार यादव, सिपाही और ईखलाक अहमद, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17/12/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं-11020/111/48/2022-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 67-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) और वीरता के लिए पुलिस पदक, मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. मीर मतिउर रहमान	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
2.	स्व. ब्रजमोहन बेहरा	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
3.	स्व. गुल्लीपल्ली श्रीनु	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
4.	स्व. चट्टी प्रवीण	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
5.	सिद्धेश्वर बापूराव सुभाष	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	परमार हार्दिक सुरेश कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

विधानसभा चुनाव 2018 के दौरान माओवादियों की आवाजाही के संबंध में प्राप्त विभिन्न सूचनाओं के आधार पर, दिनांक 27 अक्टूबर 2018 को, तिम्मापुर की ओर गांव बोयागुडा (मुरदंडा), पुलिस स्टेशन अवापल्ली, बीजापुर के पास वन क्षेत्र में 168 सीआरपीएफ की "बी" एवं "एफ" कंपनियों और पुलिस द्वारा एक ऑपरेशन शुरू किया गया।

जब सैन्य दस्ते 11:00 बजे लक्षित क्षेत्र के लिए रवाना हुए, तब सहायक उप निरीक्षक/जीडी मीर मतिउर रहमान के नेतृत्व में 05 कार्मिकों, अर्थात हेड कांस्टेबल/जीडी सिद्धेश्वर बापूराव सुभाष, हेड कांस्टेबल/ड्राइवर ब्रजमोहन बेहरा, सिपाही/जीडी गुल्लीपल्ली श्रीनु, सिपाही/जीडी चट्टी प्रवीण और सिपाही/जीडी परमार हार्दिक सुरेश कुमार के साथ एक बीपी बंकर की सहायता से क्षेत्र में सचल रूप से नियंत्रण स्थापित करना शुरू किया गया, ताकि सैन्य दस्ते को अतिरिक्त सुरक्षा कवर प्रदान किया जा सके। तत्पश्चात, बंकर टीम को सावधानीपूर्वक शिविर में लौटने का संदेश दिया गया। तदनुसार, बीपी बंकर, जो तिम्मापुर की ओर जा रहा था, ने वापस लौटने के लिए सड़क पर एक विस्तृत 'यू' टर्न लिया। तत्काल ही, इंजन के नीचे एक बड़ा आईईडी विस्फोट हुआ और बंकर लगभग 20 से 25 फीट ऊपर उड़ गया।

बंकर में मौजूद सैनिकों और माओवादियों के बीच तत्काल भारी गोलीबारी शुरू हो गई। जब माओवादियों ने सीआरपीएफ के कार्मिकों को जान से मारने और उनके हथियार, गोलाबारूद, वायरलेस सेट, बीपी जैकेट आदि छीनने के इरादे से बंकर के निकट जाना शुरू किया, तब गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद सहायक उप निरीक्षक/जीडी मीर मतिउर रहमान, हेड कांस्टेबल/ड्राइवर ब्रजमोहन बेहरा, सिपाही/जीडी गुल्लीपल्ली श्रीनु और सिपाही/जीडी चट्टी प्रवीण तथा साथ ही हेड कांस्टेबल/जीडी सिद्धेश्वर बापूराव सुभाष और सिपाही/जीडी परमार हार्दिक सुरेश कुमार (ये लोग भी घायल हो गए थे) ने अत्यधिक धैर्य और साहस का परिचय दिया और अंतिम सांस लेने तक उन्होंने माओवादियों को उलझाए रखा।

गंभीर रूप से घायल होने और कष्टदायी दर्द के बावजूद, सभी छह कार्मिकों ने दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया और नियंत्रित गोलीबारी के साथ जवाबी कार्रवाई करते हुए माओवादियों से लड़ते रहे, जिसके परिणामस्वरूप माओवादियों को दूर रहना पड़ा। उनके द्वारा की गई सुदृढ़ जवाबी कार्रवाई की वजह से माओवादी हथियार एवं गोलाबारूद आदि लूट नहीं सके और अतिरिक्त सैन्य सहायता पहुंचने तक उन्होंने दुश्मन को 20-25 मिनट तक उलझाए रखा। अतिरिक्त सैन्य सहायता के पहुंचते ही, माओवादियों के हौसले पस्त हो गए और उन्हें पीछे हटना पड़ा। इस ऑपरेशन में, कुल चार कार्मिकों, अर्थात् सहायक उप निरीक्षक/जीडी मीर मतिउर रहमान, हेड कांस्टेबल/ड्राइवर ब्रजमोहन बेहरा, सिपाही/जीडी गुल्लीपल्ली श्रीनु और सिपाही/जीडी चट्टी प्रवीण ने सीआरपीएफ की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप शहादत प्राप्त की।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री स्व. मीर मतिउर रहमान, सहायक उप निरीक्षक, स्व. ब्रजमोहन बेहरा, हेड कांस्टेबल, स्व. गुल्लीपल्ली श्रीनु, सिपाही, स्व. चट्टी प्रवीण, सिपाही, सिद्धेश्वर बापूराव सुभाष, हेड कांस्टेबल और परमार हार्दिक सुरेश कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27/10/2018 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/3262/48/2022 –पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 68-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं .	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	नरेन्द्र यादव	द्वितीय कमान अधिकारी	वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार
2.	उज्ज्वल कुमार	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	विकाश यादव	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	महिपाल सिंह परमार	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
5.	अरूण कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	रंजन कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12 अक्टूबर 2020 को, पुराने बरजुल्ला क्षेत्र, पुलिस स्टेशन सदर, जिला श्रीनगर में सशस्त्र आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में प्राप्त सूचना के आधार पर, सीआरपीएफ की वैली क्यूएटी, एसओजी और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस द्वारा एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया गया। सीआरपीएफ की वैली क्यूएटी की टीमों का नेतृत्व श्री अमित कुमार, सहायक कमांडेन्ट और श्री अनिरुद्ध प्रताप सिंह, सहायक कमांडेन्ट के साथ श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी कर रहे थे।

योजना के अनुसार, लगभग 04:00 बजे, श्री अमित कुमार, सहायक कमांडेन्ट ने अपनी टीम के साथ लक्षित घर (तीन मंजिल + अटारी) को घेर लिया। आस-पास के सभी घरों में तलाशी शुरू की गई और आम नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। लक्षित घर के निवासियों से बाहर आने के लिए कहा गया और पूछताछ करने पर उनमें से एक निवासी ने यह बताया कि घर के अंदर दो संदिग्ध आतंकवादी मौजूद हैं।

पुष्टि होने पर घेराबंदी को और मजबूत कर दिया गया। साथ ही, आतंकवादियों से आत्म-समर्पण करने की अपील भी की गई, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। जब घेराबंदी को और आगे बढ़ाया जा रहा था, तब आतंकवादियों ने घेराबंदी टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका वैली क्यूएटी की टीमों द्वारा प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। आतंकवादियों की गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए, समन्वित तरीके से एमजीएल का उपयोग करने और तत्पश्चात घर में प्रवेश करने का निर्णय लिया गया। श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी की निगरानी में, 2 आरएल डेट्स, एक सहायक उप निरीक्षक/ जीडी महिपाल सिंह परमार के साथ और दूसरा सिपाही/जीडी रंजन कुमार के साथ स्थापित किए गए और आतंकवादियों द्वारा लगातार गोलीबारी के बावजूद, उन आरएल को दागा गया, जिसके परिणामस्वरूप लक्षित घर में छेद हो गया। इसके बाद, घर में प्रवेश करने के लिए दो टीमों का गठन किया गया। श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में श्री अनिरुद्ध प्रताप सिंह, सहायक कमांडेन्ट और सहायक उप निरीक्षक/जीडी विकाश कुमार के साथ पहली टीम को बगल वाले घर से सीढ़ी का उपयोग करते हुए छत से घर में प्रवेश करने का काम सौंपा गया। श्री अमित कुमार, सहायक कमांडेन्ट के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक/जीडी उज्जवल कुमार और सिपाही/जीडी अरुण कुमार के साथ दूसरी टीम को भूतल से घर में प्रवेश करने का काम सौंपा गया। दुश्मनों की ओर से हो रही गोलीबारी के बावजूद, दोनों टीमों ने कवर फायरिंग की सहायता से घर में प्रवेश किया।

जैसे ही श्री नरेंद्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व वाली पहली टीम ने सीढ़ियों से नीचे उतरना शुरू किया, तभी उन दो आतंकवादियों में से एक आतंकवादी ने उन पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। टीम ने कवर ले लिया और भारी गोलीबारी करके उनको जवाब दिया और साथ उन पर ग्रेनेड भी फेंके, जिससे आतंकवादी को अपनी पोजीशन बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद, टीम ने पहले और दूसरे कमरे की तलाशी करने के बाद, तीसरे कमरे का दरवाजा खोला। कमरे के अंदर छिपे हुए आतंकवादी ने टीम की ओर दो ग्रेनेड फेंके और उसके बाद भारी गोलीबारी भी की। टीम ने कवर ले लिया और प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की। टीम ने इस कमरे की भी तलाशी ली, लेकिन इस कमरे में आतंकवादी नहीं मिला। तथापि, टीम ने ताजा खून के धब्बे देखे और खून के निशान का पीछा करते हुए दूसरी मंजिल पर पहुंच गई। छिपे हुए आतंकवादी ने भारी गोलाबारी की और ग्रेनेड फेंके, जिसका टीम ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया। अचानक, आतंकवादी ने गोलीबारी बंद कर दी। इस मौके का लाभ उठाते हुए, सहायक उप निरीक्षक/जीडी विकाश यादव द्वारा प्रदान की गई कवर फायरिंग की सहायता से श्री नरेंद्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी रेंगते हुए आतंकवादी की ओर गए और बिलकुल नजदीक से उसे मार गिराया।

इसी बीच, श्री अमित कुमार, सहायक कमांडेन्ट के नेतृत्व वाली दूसरी टीम, जो चतुराई से लक्षित घर के प्रवेश द्वार की ओर आगे बढ़ रही थी, वहां छिपे हुए दूसरे आतंकवादी की भारी गोलीबारी की चपेट में आ गई। आतंकवादी ने टीम की ओर ग्रेनेड फेंका, लेकिन श्री अमित कुमार, सहायक कमांडेन्ट और उनकी टीम बाल-बाल बच गई। ग्रेनेड विस्फोट के धुएं का फायदा उठाते हुए, टीम आगे बढ़ी और भूतल की तलाशी शुरू कर दी। जैसे ही टीम ने एक कमरे का दरवाजा खोला, तभी वहां छिपे हुए आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। टीम ने तुरंत बैलिस्टिक शील्ड का उपयोग करते हुए कवर ले लिया और श्री अमित कुमार, सहायक कमांडेन्ट और उनके साथी कमरे में घुस हो गए। टीम के कमरे के अंदर घुसने की भनक लगते ही, आतंकवादी ने गोलियां बरसाईं और कमरे से बाहर निकलकर सीढ़ियों की ओर भागा। श्री अमित कुमार, सहायक कमांडेन्ट ने भाग रहे आतंकवादी पर गोली चलाई और अपने साथियों को, आतंकवादी को सीढ़ियों पर घेरने का निर्देश दिया। तदनुसार, उप निरीक्षक/जीडी उज्ज्वल कुमार और अन्य साथी सीढ़ियों की ओर बढ़े; जिसके परिणामस्वरूप, आतंकवादी ने आगे बढ़ रही टीम की ओर एक ग्रेनेड फेंका और उसके बाद उनके ऊपर भारी गोलीबारी भी की। ग्रेनेड विस्फोट में उनके दो साथी घायल हो गए, जिन्हें तुरंत बाहर निकाल लिया

गया। तथापि, उप निरीक्षक/जीडी उज्ज्वल कुमार और सिपाही/जीडी अरूण कुमार आतंकवादी की ओर गोलीबारी करते रहे। अपने साथियों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद, श्री अमित कुमार, सहायक कमांडेन्ट वापस अपनी टीम में शामिल हो गए और आगे बढ़ना शुरू कर दिया। आतंकवादी ने फिर से एक ग्रेनेड फेंका और जब ग्रेनेड का धुआं साफ हुआ, तो टीम ने ऊपरी मंजिल की ओर जाने वाले रास्ते पर खून के निशान देखे। श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी वाली दूसरी टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए टीम ने ऊपर की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। जब आगे बढ़ रही टीम पहली मंजिल पर पहुंचने वाली थी, तभी आतंकवादी ने एक ग्रेनेड फेंका और उनकी ओर गोलियों की बौछार कर दी। गोलियों की बौछार के बीच, टीम कवर को पीछे छोड़कर आगे बढ़ी और बिलकुल नजदीक पहुंच गई तथा वहां पर हुई आमने-सामने की लड़ाई में आतंकवादी का सामना किया और बिलकुल नजदीक से उसे मार गिराया।

मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में सैफुल्ला दनियाल (श्रेणी क++) और इरशाद अहमद पार उर्फ अबू उस्माना के रूप में हुई और ये दोनों एलईटी के सदस्य थे। इसके अलावा, आतंकवादियों के कब्जे से एक एके 47 राइफल, चार मैगजीनें, एक एम4 राइफल, चार एम4 राइफल मैगजीनें, एक चाइनीज पिस्टल, एक चाइनीज पिस्टल मैगजीन और अन्य विविध वस्तुएँ बरामद की गईं।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी, उज्ज्वल कुमार, उप निरीक्षक, विकाश यादव, उप निरीक्षक, महिपाल सिंह परमार, सहायक उप निरीक्षक, अरूण कुमार, सिपाही और रंजन कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12/10/2020 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/3265/48/2022 –पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 69-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान करती हैं:—

क्र.सं .	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	कल्याण महता	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	राजु कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18 फरवरी, 2021 को, हुमुना शकरीपोरा, पुलिस स्टेशन ज़ैनापोरा, जिला शोपियां, जम्मू एवं कश्मीर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में प्राप्त एक विशेष सूचना के आधार पर, 178 सीआरपीएफ, 44 आरआर, एसओजी और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस द्वारा एक ऑपरेशन शुरू किया गया।

गांव में पहुंचने पर, सैन्य दस्तों ने संदिग्ध घरों की घेराबंदी कर दी और बचकर भाग निकलने के सभी संभावित रास्तों को बंद कर दिया। तलाशी के दौरान, एक घर के मालिक ने तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि की और बताया कि उसके बच्चों को अंदर बंधक बनाकर रखा गया है।

इसी बीच, 178 सीआरपीएफ के कमांडेन्ट, यूनिट सीटीटी और 178 सीआरपीएफ की "बी" कंपनी के साथ उस स्थान पर पहुंच गए और घेराबंदी बढ़ा दी। अंधेरा होने के कारण, लक्षित घर के चारों ओर कॉर्डन लाइट्स लगाई गईं, ताकि आतंकवादी को भागने से रोका जा सके। लगभग 03:30 बजे, आतंकवादियों ने बच्चों को छोड़ दिया। आतंकवादियों से आत्म-समर्पण करने की अपील की गई, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। जब बच्चों ने अंदरुनी घेराबंदी को पार कर लिया, तो आतंकवादियों ने घर के अंदर से सैन्य दस्तों की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की। अँधेरा होने की वजह से आतंकवादियों की पोजीशन का पता न चल पाने के कारण, सैन्य दस्तों ने भोर होने का इंतजार करने का फैसला किया।

दिनांक 19 फरवरी, 2021 को लगभग 04:00 बजे, जब आंतरिक घेराबंदी में मौजूद कार्मिक लक्षित घर की ओर आगे बढ़े, तब एक आतंकवादी अचानक घर से बाहर निकला और वहां से बचकर भागने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सीटीटी 178 सीआरपीएफ के सिपाही/जीडी कल्याण महता और सिपाही/जीडी राजु कुमार, जो घर के दक्षिण-पश्चिम में तैनात थे, ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पोजीशन ले ली और अपनी जान की परवाह किए बिना वहां से भाग रहे आतंकवादी पर धावा बोल दिया और बिलकुल नजदीक से हुई गोलीबारी में उसे मार गिराया।

लगातार ग्रेनेड फेंके जाने की वजह से, घर में आग लग गई। इसके परिणामस्वरूप, दोनों छिपे हुए आतंकवादी वहां से बचकर भागने के लिए गोलीबारी करते हुए बाहर निकले, लेकिन उन दोनों आतंकवादियों को सैन्य दस्तों ने मार गिराया। गोलीबारी बंद होने के बाद, तलाशी शुरू की गई और तीन आतंकवादियों के शव बरामद किए गए, जिनकी पहचान बाद में सुहैल अहमद शेख (श्रेणी "ग"), मुदासिर अहमद वागे (श्रेणी "ग ") और शाहिद अहमद डार (श्रेणी "ग") के रूप में की गई और ये सभी अल-बद्र के सदस्य थे। इनके पास से दो एके 56 राइफलें, एक पिस्तौल और पांच हैंड ग्रेनेड तथा अन्य वस्तुएँ भी बरामद की गईं।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री कल्याण महता, सिपाही और राजु कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18/02/2021 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/85/48/2022 –पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 70-प्रेज/2023—भारत की माननीय राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)/वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का पंचम बार प्रदान करती हैं:—

क्र.सं .	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	प्रकाश रंजन मिश्रा	द्वितीय कमान अधिकारी	वीरता के लिए पुलिस पदक का पंचम बार
2.	प्रहलाद सहाय चौधरी	सहायक कमांडेन्ट	वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार
3.	राजु कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	योगेन्द्र कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	सुशील कुमार चेची	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20 दिसंबर, 2020 को, कोयोंगसर और कुम्हारडीह, पुलिस स्टेशन मुरहू, खूंटी, झारखंड के वन क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में प्राप्त एक सूचना के आधार पर, 94 सीआरपीएफ और राज्य पुलिस द्वारा एक ऑपरेशन शुरू किया गया। लक्षित क्षेत्र पर हमला करने के लिए 3 हमलावर टीमों का गठन किया गया। श्री प्रकाश रंजन मिश्रा, द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में, श्री प्रहलाद सहाय चौधरी, सहायक कमांडेन्ट के साथ 25 कार्मिकों वाली हमलावर टीम 1 को भीतरी क्षेत्र में हमला करने का काम सौंपा गया। हमलावर टीम 2 को लक्षित क्षेत्र के चारों ओर कट-ऑफ लगाने का निर्देश दिया गया, जबकि हमलावर टीम 3 को एक रणनीतिक स्थान पर रिजर्व में रखा गया।

